Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 15 अंक 43
लखनऊ, शनिवार, 30 नवम्बर 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ, नगर संस्करण

# पायनियर

Established 1865

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

आभ्यन्तर

स्पोर्ट्स 12

सैयद मोदी इंटरनेशनल के सेमीफाइनल में सिंधू, लक्ष्य





फाइल चित्र

# महाराष्ट्र की कहानी में सस्पेंस, इमोशन, ड्रामा

**टीएन रघुनाथ।** मुंबई

**महाराष्ट्र में** नई सरकार के गठन की तैयारियों के बीच शुक्रवार को अचानक राजधानी मुंबई में उस समय सबकुछ उथल-पुथल हो गया जब शिवसेना नेता और कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नई दिल्ली से लौटने के बाद सीधे सतारा जिले स्थित में अपने पैतृक स्थान पर चले गए। जबकि इससे पहले सरकार गठन को लेकर तैयारी तेजी से आगे बढ़ रही थीं। इस बदले घटनाक्रम के बाद भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली महायुति ने नई सरकार की रूपरेखा तय करने के लिए बुलाई गई अपने तीन नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक रद्द कर दिया। इस बदले घटनाक्रम और राजनीतिक अस्थिरता के चलते राज्य में सरकार गठन में अस्पष्ट देरी हुई। हाल ही में संपन्न महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति की अगुआई करने वाली सत्तारूढ़ भाजपा भारी जीत हासिल करने के बावजूद खुद को असमंजस में पा रही है कि इन हालातों में शिंदे से कैसे निपटा जाए और मुख्यमंत्री पद के लिए पार्टी के भीतर उभरते परिदृश्य से कैसे निपटा जाए।

शिंदे, जिन्होंने जून 2022 में राज्य में नई सरकार बनाने के लिए सत्तारूढ़ शिवसेना को विभाजित करके और भाजपा के साथ मिलकर काम करके तत्कालीन उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) को चौंकाते हुए राज्य में नई सरकार बनाने के महायुति के प्रयासों के बीच अपने पैतृक गांव का रुख करके लोगों को हैरान कर दिया था। हालांकि आधिकारिक तौर पर महायुति नेताओं, भाजपा के फडणवीस, शिवसेना (ईएस) के शिंदे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी-एपी) के अजीत पवार की संयुक्त बैठक में क्या हुआ इसकी किसी को जानकारी नहीं है। इस बैठक को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य में सरकार गठन के विवरण को औपचारिक रूप देने के लिए अपने नई दिल्ली आवास पर बुलाया था। इस बदले घटनाक्रम के चलते मुंबई में राजनीतिक भूचाल आ गया है और तरह-तरह की अटकलें लगाई जाने लगीं।

हालांकि इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया कि शिंदे ने राजधानी से लौटने के बाद अपनी सभी नियुक्तियां रद्द क्यों कीं और पश्चिमी महाराष्ट्र के सतारा जिले में अपने पैतृक गांव दरे के लिए रवाना क्यों हुए, लेकिन यह भी पुष्टि हो गई कि वह नई सरकार में उपमुख्यमंत्री का पद संभालेंगे। हालांकि, भाजपा के जानकार सूत्रों ने कहा कि शिंदे को डिप्टी सीएम का पद स्वीकार करने में कोई आपत्ति नहीं है, बशर्ते भाजपा उन्हें राज्य का महत्वपूर्ण गृह मंत्रालय दे, जो पिछली महायुति सरकार में फडणवीस के पास था। शिंदे के बदले रूख की कीमत को जानते हुए, भाजपा शिवसेना (ईएस) अध्यक्ष को गृह विभाग देने के लिए तैयार नहीं है। शिंदे सेना के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, शायद शिंदे के अपने पैतृक स्थान पर अचानक जाने के पीछे का कारण राज्य मंत्रिमंडल में गृह और कुछ अन्य महत्वपूर्ण विभागों से इनकार किए जाने पर अपनी नाराजगी व्यक्त करना है। महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह, जो सामान्यत: 2 दिसंबर (सोमवार) को होना था, महायुति के भीतर अचानक उत्पन्न उथल-पुथल के कारण 5 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह उथल-पुथल मुख्यमंत्री पद से इनकार किए जाने पर शिंदे की नाराजगी और भाजपा के भीतर नेतृत्व के मुद्दे के कारण हुई है। इस बीच, भाजपा विधायक दल के नेता के चुनाव में देरी ने राज्य के राजनीतिक हलकों में कई लोगों को ( शेष पृष्ठ 9 )

# संभल हिंसा की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन

**बिश्वजीत बनर्जी।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** के संभल में गत रविवार को हुई हिंसा का सच जानने के लिए प्रदेश सरकार ने घटना की जांच के लिए रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया है। यह निर्णय गुरुवार रात को लिया गया, जब मामला सुप्रीम कोर्ट में आने से कुछ घंटे पहले आया। न्यायीय आयोग की अध्यक्षता सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डी.के. अरोड़ा करेंगे, जिसमें सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अमित मोहन और सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी अरविंद कुमार जैन सदस्य होंगे। आयोग दो महीने में जांच पूरी करेगा कि क्या हिंसा पूर्व नियोजित थी या अचानक हुई थी। इस जांच में अशांति भड़काने के संदिग्ध व्यक्तियों या समूहों की भूमिका की भी जांच की जाएगी। इसके अलावा, आयोग घटना के दौरान और उसके बाद पुलिस और स्थानीय प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई की भी जांच करेगा। न्यायिक पैनल को अधिसूचना की तारीख से दो महीने के भीतर अपने निष्कर्ष पेश करने का निर्देश दिया गया है, जो हिंसा के पीछे के कारणों का पता लगाने की कोशिश करेगा। यदि इस अवधि को बढ़ाने की आवश्यकता होती है, तो उसे राज्य सरकार से अनुमोदन की आवश्यकता होगी।

हिंसा के कारणों की पहचान करने के साथ-साथ आयोग भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए सिफारिशें भी देगा। 28 नवंबर को जारी अधिसूचना में राज्यपाल ने मामले की गहन और पारदर्शी जांच के महत्व पर जोर दिया। इससे न्यायिक प्रक्रिया में जनता का भरोसा सुनिश्चित होगा और न्याय के हित में काम होगा। जांच में घटना के कई पहलुओं की जांच की जाएगी, जिसमें स्थिति से निपटने में स्थानीय कानून प्रवर्तन और प्रशासनिक निकायों की तैयारियों का भी पता लगाया जाएगा। 19 नवंबर से ही संभल में तनाव बढ़ रहा था, जब शाही जामा मस्जिद का ( शेष पृष्ठ 9 )



संभल में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए खड़ा सुरक्षाबल का जवान

## जामा मस्जिद मामले में कार्यवाही पर रोक, चंदौसी में सर्वे रुका

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट ने** शुक्रवार को संभल की निचली अदालत को मुगलकालीन शाही जामा मस्जिद और चंदौसी में इसके सर्वेक्षण से संबंधित मामले में कार्यवाही रोकने का निर्देश दिया और याचिकाकर्ता मस्जिद समिति को इलाहाबाद उच्च न्यायालय जाने को कहा। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने संभल जिले में शांति बनाए रखने के महत्व पर जोर देते हुए निर्देश दिया कि मस्जिद सर्वेक्षण के बाद कोर्ट कमिश्नर द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट को सील कर दिया जाए और अगले आदेश तक नहीं खोला जाए। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार को हिंसा प्रभावित शहर में शांति और सद्भाव बनाए रखने का निर्देश दिए। पीठ ने शाही जामा मस्जिद समिति द्वारा निचली अदालत के सर्वेक्षण आदेश के खिलाफ दायर याचिका को तीन कार्य दिवसों के भीतर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। सीजेआई ने आदेश में लिखा, हमें लगता है कि याचिकाकर्ता (मस्जिद समिति) को 19 नवंबर, ( शेष पृष्ठ 9 )

# दिल्ली स्कूल को बम धमकी भरा कॉल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली के** रोहिणी में शुक्रवार सुबह ईमेल से मिली बम की धमकी के बाद एक निजी स्कूल के छात्रों और अभिभावकों में दहशत फैल गई। ज्ञात रहे कि एक दिन पहले स्कूल के एक किलोमीटर के भीतर स्थित एक इलाके में कम तीव्रता का विस्फोट हुआ था। हालांकि बाद में स्कूल परिसर में तलाशी शुरू करने के बाद यह धमकी फर्जी साबित हुई, लेकिन लोगों पर इसका मनोवैज्ञानिक प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया, क्योंकि यह इलाका पिछले एक महीने से ज़्यादा समय से बम धमाकों की चपेट में है। रोहिणी के वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल में धमकी के बाद, स्कूल के अधिकारी हरकत में आए और अभिभावकों को छात्रों को जल्दी से जल्दी स्कूल से घर जाने के लिए कहा और अभिभावकों से सुबह 11 बजे तक अपने बच्चों को ले जाने का अनुरोध किया। कुछ बच्चों को स्कूल बसों में भेजा गया, जबकि अन्य बच्चों के अभिभावक अपने बच्चों को लेने के लिए दौड़े, जिससे अफरातफरी का माहौल देखा गया। इसी स्कूल के कक्षा 7 की एक छात्रा की मां, रति अवस्थी ने शहर में हाल ही में हुए धमाकों के मद्देनज़र अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने सवाल करते हुए कहा, हम शहर की मौजूदा स्थिति को लेकर बेहद चिंतित हैं। हम अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर कैसे आश्वस्त हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक दिन पहले ही स्कूल से बमुश्किल एक किलोमीटर दूर प्रशांत ( शेष पृष्ठ 9 )



# दिल्ली गैंगस्टरों की राजधानीः केजरीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली विधानसभा** में शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी की कानून व्यवस्था बहुत खराब है। यहां में गैंगस्टर्स का राज है और गृह मंत्री अमित शाह मूकदर्शक बने हुए हैं। पिछले 24 घंटे में तीन जगह गोलीबारी की घटनाएं घट चुकी हैं। लॉरेंस बिश्नोई साबरमती जेल से गैंग चला रहा है। उसे भाजपा का संरक्षण मिला हुआ है। इसलिए अपराधी इतने बेखौफ हैं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक ने केंद्रीय गृहमंत्री से अनुरोध किया कि अब आप कार्रवाई कीजिए, नहीं तो दिल्ली की जनता सबक सिखाएगी। आप मुझे न रोंक, बल्कि अपराध को रोकें। उन्होंने कहा कि अपराध पर भाजपा का जीरो टॉलरेंस महज एक ढकोसला के अलावा और कुछ नहीं है। विधानसभा सत्र के पहले दिन आप प्रमुख ने राजधानी में व्यापारियों से जबरन वसूली से संबंधित गोलीबारी बढ़ती घटनाओं को लेकर केंद्रीय मंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि रोजाना खुलेआम गोलीबारी हो रही है। ऐसा लगता है कि दिल्ली को गिरोह चला रहे हैं। बढ़ती अपराधीक घटना और शकर की बिड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा के दौरान बोलते हुए उन्होंने कहा अमित शाह क्या कर रहे हैं। इससे पहले, विधानसभ अध्यक्ष राम निवास गोयल ने नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता को बाहर निकाले का आदेश दिया। गुप्ता चर्चा के दौरान केजरीवाल के संबोधन के दौरान विघ्न डाल रहे थे। बाद में गुप्ता के समर्थन में बाकी भाजपा विधायक सदन से बाहर चले गए। केजरीवाल ने कहा कि विभिन्न इलाकों में हो रही गोलीबारी की विभिन्न घटनाओं मे व्यापारी जबरन वसूली की कॉल और उसके बाद अपनी दुकानों या शोरूम पर हिंसक हमलों के दहशत में रहते हैं। आप प्रमुख ने कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की गतिविधियों ( शेष पृष्ठ 9 )

# कठिन फैसले लेने होंगे, खड़गे ने सीडब्ल्यूसी से कहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**महाराष्ट्र** और हरियाणा में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों से आहत कांग्रेस नेताओं ने शुक्रवार को चुनावी हार पर मंथन किया। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर से मजबूत करने के लिए कठोर निर्णय लेने होंगे, जवाबदेही तय करनी होगी और नेताओं से एकजुट रहने तथा एक-दूसरे के खिलाफ सार्वजनिक रूप से बयानबाजी करने से बचने की सलाह दी। एआईसीसी मुख्यालय में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में अपने संबोधन में खड़गे ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) ने चुनावी प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है और ऐसे में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करवाना निर्वाचन आयोग का संवैधानिक दायित्व है। कांग्रेस की लगातार हार के कारण फासीवादी ताकतें अपनी जड़ें गहरी कर रही हैं। एक-एक करके वे राज्य की संस्थाओं पर भी कब्जा कर रहे हैं। बैठक की अध्यक्षता खड़गे ने की और इसमें पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और एआईसीसी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, के सी वेणुगोपाल और जयराम रमेश समेत अन्य लोग शामिल हुए। महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी, जिसका हिस्सा कांग्रेस है, को चुनावों में करारी हार का सामना करना पड़ा, जबकि झारखंड में झामुमो के नेतृत्व वाले पार्टी गठबंधन ने जीत दर्ज की। हरियाणा में कांग्रेस को भाजपा के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। खड़गे ने पार्टी में अंदरूनी कलह पर भी निशाना साधा और कहा कि एकजुटता की कमी और अपने ही पार्टी नेताओं के खिलाफ बयानबाजी से पार्टी को बहुत नुकसान होता है। जब तक हम एकजुट होकर चुनाव नहीं लड़ेंगे और एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी बंद नहीं करेंगे, तब तक हम अपने विरोधियों को राजनीतिक रूप से कैसे हरा पाएंगे। उन्होंने चुनाव परिणामों से सबक लेकर पार्टी में कमियों को दूर करने का आह्वान किया और कहा कि पार्टी को अपने विरोधियों द्वारा किए जा रहे दुष्प्रचार और गलत सूचना का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए रणनीति बनानी होगी।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से चुनाव परिणामों से निराश न होने का अनुरोध करते हुए कहा, यह जरूरी है कि हम अनुशासन का कड़ाई से पालन करें। हमें हर परिस्थिति में एकजुट रहना है। पार्टी के पास अनुशासन का हथियार भी है। लेकिन हम अपने कार्यकर्ताओं को किसी बंधन में नहीं डालना चाहते। इसलिए सभी को यह सोचना होगा कि कांग्रेस की जीत हमारी जीत है और हार हमारी हार है। हमारी ताकत पार्टी की मजबूती में ही निहित है। पार्टी को मजबूत बनाने के लिए जमीनी स्तर से लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी तक बदलाव करने होंगे। एआईसीसी पार्टी की केंद्रीय निर्णय लेने वाली सभा है। महाराष्ट्र और हरियाणा चुनावों पर बोलते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा चुनावों में अच्छे नतीजों के बाद विधानसभा चुनाव के नतीजों ने पार्टी को झकझोर दिया है। राज्य चुनावों में अपेक्षा से कम प्रदर्शन के कारण कुछ कठोर निर्णय लेने होंगे। लोकसभा चुनावों में अपने प्रदर्शन पर सवार होकर कांग्रेस नए जोश के साथ विधानसभा चुनावों में उतरी, लेकिन चुनाव परिणाम पार्टी की उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहे। भाजपा ने 4 में से 2 राज्यों में सरकार बनाई। लेकिन हमारा प्रदर्शन उम्मीदों से कम रहा। भविष्य के लिहाज से यह हमारे लिए एक चुनौती है। हमें चुनाव परिणामों से तुरंत सीख लेने और संगठनात्मक स्तर पर अपनी सभी कमजोरियों और कमियों को दूर करने की जरूरत है। ये परिणाम हमारे लिए एक संदेश हैं। चुनाव के दौरान माहौल कांग्रेस के पक्ष में था, लेकिन सिर्फ माहौल का कांग्रेस के पक्ष में होना जीत की गारंटी नहीं है। समय बदल गया है और चुनाव लड़ने के तरीके बदल गए हैं और पार्टी को अपने विरोधियों की तुलना में अपनी माइक्रो-कम्युनिकेशन रणनीति ( शेष पृष्ठ 9 )

# दिल्ली... अब पेड़ों की गिनती का समय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रीय राजधानी** में पेड़ों की कटाई रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट (एससी) ने शुक्रवार को पेड़ों की गणना की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि वह पेड़ों की गिनती करने वाले अधिकारी द्वारा किए जाने वाले काम की निगरानी के लिए एक प्राधिकरण बनाने का प्रस्ताव रखा। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश में ताज ट्रेपोज़ियम ज़ोन (टीटीजेड) के 10,400 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में पेड़ों की गणना करने और पेड़ों की अवैध कटाई पर निगरानी रखने के लिए एक तंत्र विकसित करने पर भी विचार किया। जस्टिस अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि दिल्ली वृक्ष संरक्षण अधिनियम, 1994 के प्रावधानों के सख्त क्रियान्वयन के मुद्दे पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। बेंच ने कहा, पेड़ों की गणना के अलावा, जो आदेश हम पारित करने जा रहे हैं, इसके अलावा हम एक प्राधिकरण भी बनाना चाहते हैं। वह प्राधिकरण यह सत्यापित करेगा कि वृक्ष अधिकारी ने उचित काम किया है या नहीं। पीठ दिल्ली सरकार को सर्वोच्च न्यायालय की अनुमति के बिना पेड़ों की कटाई की अनुमति देने से रोकने की मांग करने वाली एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

दिल्ली में पहली वृक्ष गणना दिसंबर 2023 में की गई थी। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने 12 क्षेत्रों में 2.50 लाख पेड़ों की पहचान की। 1994 के अधिनियम के प्रावधान, जो दिल्ली के एनसीटी में पेड़ों के संरक्षण का प्रावधान करते हैं, यह वृक्ष प्राधिकरण की स्थापना और कर्तव्यों और वृक्ष अधिकारी की नियुक्ति से संबंधित हैं। सुनवाई के दौरान, पीठ ने मामले में उपस्थित वकीलों से सुझाव देने को कहा कि किस आधार पर प्राधिकरण का गठन किया जाना चाहिए। इसमें कहा गया कि न केवल व्यक्तिगत विशेषज्ञों की आवश्यकता है, बल्कि इस प्रक्रिया में एक संस्था को भी शामिल किया जाना चाहिए।

पीठ ने कहा, हमारा हमेशा से मानना है कि पर्यावरण के मामलों में कठोर आदेश दिए जाने चाहिए। पीठ ने टिप्पणी की कि पर्यावरण के संरक्षण और पेड़ों की सुरक्षा से संबंधित मामलों में उसके समक्ष उपस्थित होने वाले वकील बहुत सहयोगी रहे हैं और उन्होंने हमेशा अदालत के समक्ष निष्पक्ष रुख अपनाया है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा, हम आभारी हैं। माननीय न्यायाधीश हमारे और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए ऐसा कर रहे हैं। न्यायालय ने 1994 अधिनियम के प्रावधानों के सख्त क्रियान्वयन से संबंधित मुद्दे को बहुत महत्वपूर्ण बताया। न्यायालय ने कहा, पक्षों की ओर से उपस्थित होने वाले वकील को इस मुद्दे पर हमसे बात करने में सक्षम बनाने के लिए, हम निर्देश देते हैं कि याचिका 18 दिसंबर को सूचीबद्ध की जाए। मामले में उपस्थित होने वाले वकीलों में से एक ने दिल्ली सरकार द्वारा पिछले दिनों जारी की गई अधिसूचनाओं का हवाला दिया, जिसमें 1994 अधिनियम के प्रावधानों से किसी भी क्षेत्र या पेड़ों की किसी भी प्रजाति को छूट दी गई थी। उन्होंने कहा, अंतरिम रूप से इस शक्ति को कम किया जाना चाहिए। वे धारा 29 (अधिनियम की) के तहत अधिसूचनाएं जारी नहीं कर सकते। अधिनियम की धारा 29 सरकार को छूट देने की शक्ति से संबंधित है। एक वकील ने दावा किया कि लोगों में काफी जागरूकता है, जबकि दूसरे ने जमीनी स्थिति पर दुख जताते हुए कहा कि राजधानी में पेड़ों को काटा जाना दुखद था। इससे पहले दावा किया कि सुप्रीम कोर्ट परिसर के अंदर दो पेड़ काटे गए थे। वकील ने कहा कि वन विभाग की वृक्ष हेल्पलाइन पर शिकायत करने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। पीठ ने कहा, आप उस शिकायत को रिकॉर्ड ( शेष पृष्ठ 9 )

# यमुना वाटिका, हरित दिल्ली का सपना

**संजय राय।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय राजधानी** को हरा-भरा और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की गई है। दिल्ली विकास प्राधिकरण 450 एकड़ में फैले यमुना बाढ़ क्षेत्र हरा-भरा बना रहा है। जिसे सार्वजनिक मनोरंजन के लिए मल्टी-एक्टीविटी ग्रीन स्पेस के रूप में तैयार किया गया है। यहां विभिन्न प्रजातियों के पेड़ जिनमें गुलमोहर, अमलतास, चिनार जैसे 8000 स्वदेशी पौधे, 10,000 बांस के साथ 200 चेरी ब्लॉसम लगाए गए है। फूलों के बगीचे और पेड़ों से घिरा और जो जल्द ही दिल्ली में अपनी तरह का सबसे बड़ा स्थान होगा। यहां पर चार तालाब भी विकसित किए गए हैं जो प्रकृति प्रेमियों, परिवारों और फिटनेस के शौकीनों के लिए एक आदर्शस्थान होगा। यमुना वाटिका में फूलों के बगीचे को त्रिस्तरीय फ्लोअर डिजाइन का आकार दिया गया है, जो दिल्ली के शहरी भूदृश्य में एक नया मानक स्थापित करेगा। उपराज्यपाल की इस पहल का उद्देश्य, शहर के परिस्थितिकी को सुंदर बनाने की अपील करना तथा इसे राजधानी का पहला समर्पित फूलों का क्षेत्र बनाना है।

यमुना वाटिका, दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा यमुना बाढ़ क्षेत्र के 450 एकड़ में फैले क्षेत्र के पुनरोद्धार की योजना का हिस्सा है। इसे मल्टी-एक्टीविटी वाले हरित स्थान के रूप में तैयार किया जा रहा है। यहां गुलमोहर, अमलतास, चिनार और विदेशी प्रजातियों जैसे चेरी ब्लॉसम के पौधों के अलावा बांस के पौधे भी यहां पहले ही लगाए जा चुके हैं, जो बाढ़ क्षेत्र के पारिस्थितिकी में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। ये पेड़ न केवल शहर के हरित आवरण को बढ़ाएंगे, बल्कि इनसे यमुना वाटिका में आने वालों को भी एक शानदार प्राकृतिक माहौल भी मिलेगा। इसमें चार बड़े तालाब हैं, इसे रणनीतिक रूप से बाढ़ के दौरान जल संरक्षण के लिए तैयार किया गया है। इसके अलावा यह पानी को संजोने का भी काम करेगा। यह उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना द्वारा दिल्ली को हरा-भरा बनाने की एक और पहल है। इससे पहले बांसेरा, असिता पूर्व, परियोजना 197 हेक्टेयर भूमि पर फैली हुई है, जिसमें से 90 हेक्टेयर डीडीए के पास है और शेष उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के अधिकार क्षेत्र में आता है। इसे लोगों के लिए खोल दिया गया। अशोक विहार-दो में वैष्णवी पार्क 10 एकड़ में फैला क्षेत्र है, जिसे डीडीए ने शहरी हरित स्थानों को बढ़ावा देने के लिए विकसित किया है। जहां ढेर सारा कचरा पड़ा रहता था और स्थानीय लोग इस जगह की खराब हालत से तंग आ चुके थे। पार्क में देशी और औषधीय पौधों की विविधता है, साथ ही वॉकवे, जल निकाय, फव्वारे और रोशनी भी हैं जो जगह को एक सुंदर रूप देते हैं। एलजी की दूसरी परियोजना वासुदेव घाट है, जो यमुना घाट और निगम बोध घाट के बीच यमुना के पश्चिमी तट पर स्थित है। यह घाट शहर में डीडीए द्वारा बनाया गया पहला घाट पहले एक ढलान के कारण दुर्गम स्थल था, कचरे से अटा पड़ा था और पिछले साल जुलाई की बाढ़ से 1.5 फीट गहरी गाद जमा थी। बहाल किए गए नदी तट पर अब नक्काशीदार मंडप और ट्यूलिप, और सदाबहार मौसमी फूलों की क्यारियाँ, 2,000 से अधिक देशी और प्राकृतिक पेड़ और 400,000 नदी घास के पौधे हैं। 145 मीटर लंबे इस घाट में 150 कारों के लिए ( शेष पृष्ठ 9 )





# उपचुनाव की जीत से विपक्ष भयभीत, 2027 में होगी इससे भी बड़ी विजयः योगी

● नवनिर्वाचित विधायकों का पार्टी मुख्यालय में मुख्यमंत्री ने किया अभिनंदन ● बोले योगी, टीम भावना और एकजुटता के साथ कार्य करने से असंभव को भी बनाया जा सकता है संभव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बीजेपी मुख्यालय में आयोजित उपचुनाव में विजयी नवनिर्वाचित विधायकों के अभिनंदन समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने नवनिर्वाचित विधायकों, पार्टी कार्यकर्ताओं, मंत्रियों और पदाधिकारियों को उपचुनाव के दौरान मिले दायित्वों को लेकर की गई कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सराहा। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि टीम भावना और एकजुटता के साथ कार्य करने से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उपचुनाव में बीजेपी को मिली प्रचंड जीत से विपक्षी दल भयभीत हो गये हैं। वो अब बस आरोप ही लगा सकते हैं। योगी आदित्यनाथ ने सभी को आश्वस्त किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा इससे भी बड़ी जीत हासिल करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा, मार्गदर्शन और नेतृत्व में एनडीए ने हरियाणा में हैट्रिक लगाई, महाराष्ट्र में भारी बहुमत हासिल किया और उत्तर प्रदेश उपचुनाव में 9 में से 7 सीटों पर विजय प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने चुनाव से पहले ही सात सीटें जीतने की रणनीति बनाई थी, जिसे संगठन और कार्यकर्ताओं ने जमीन पर उतारकर सफल बनाया। योगी ने कुंदरकी और कटेहरी जैसी कठिन सीटों पर जीत को पार्टी की रणनीति और कार्यकर्ता व पदाधिकारियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि जहां लोग जीत की संभावना पर सवाल उठाते थे, वहां बीजेपी ने न केवल जीत हासिल की बल्कि अपनी स्थिति और मजबूत की। कुंदरकी में 1.45 लाख वोटों से रिकॉर्ड तोड़ जीत इसका उदाहरण है।

मुख्यमंत्री ने पार्टी की विचारधारा और कार्यकर्ताओं के प्रति समर्पण पर जोर देते हुए कहा कि बीजेपी हर चुनौती को अवसर में बदलने का माद्दा रखती है। उन्होंने सातों विधानसभा में मिली जीत को कार्यकर्ताओं और नेताओं के मजबूत प्रयास का नतीजा बताया। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए यह जीत विपक्ष के मन में भय उत्पन्न करेगी। हमें जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना होगा और सघन जनसंपर्क के माध्यम से सरकार की योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाना होगा। इससे 2027 में हमारी सफलता और बड़ी होगी। मुख्यमंत्री ने खैर विधानसभा से विजयी सुरेंद्र दिलेर के पिता पूर्व सांसद और पूर्व विधायक राजवीर सिंह दिलेर का विशेष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि पार्टी हमेशा अपने कार्यकर्ताओं के परिवार के साथ खड़ी रहती है।

योगी आदित्यनाथ ने नवनिर्वाचित विधायकों का आह्वान किया कि, चूंकि अब उनके पास दो-ढाई साल का ही समय है, ऐसे में वह सभी अपने कार्यकाल में जनता से बेहतर संवाद स्थापित करें और संगठन के साथ मिलकर काम करें। उन्होंने कहा कि हमें अपनी सफलता से प्रेरणा और असफलता से सबक लेकर आगे बढ़ना है। यदि हम इसी सामूहिक भावना से कार्य करते रहे, तो 2027 में प्रदेश में प्रचंड बहुमत के साथ कमल खिलेगा। अभिनंदन समारोह में भाजपा और सहयोगी दल रालोद के विजयी विधायकों को बधाई दी गई। इनमें मीरापुर से मिथिलेश पाल (रालोद), कुंदरकी से भाजपा विधायक रामवीर सिंह, फूलपुर से दीपक पटेल, खैर से सुरेंद्र दिलेर, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, कटेहरी से धर्मराज निषाद और मझवां से सुचिष्मिता मौर्य शामिल रहीं। इस अवसर पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री द्वय केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल, कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, सुरेश खन्ना, संजय निषाद, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# शपथ लेने के बाद नवनिर्वाचित विधायकों ने दोहराया 'राष्ट्र सर्वोपरि' का संकल्प




● मुख्यमंत्री योगी ने शपथ लेने वाले नवनिर्वाचित विधायकों को दी शुभकामनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व और प्रभावी रणनीति के चलते उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगी दल राष्ट्रीय लोकदल ने उपचुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 में से 7 सीटों पर जीत हासिल की। इसके बाद शुक्रवार को विधानसभा में नवनिर्वाचित विधायकों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सभी विजयी उम्मीदवारों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विजयी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए इसे प्रदेश के विकास और जनता की आस्था की जीत बताया। जिन नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ली उनमें कुंदरकी से रामवीर सिंह, फूलपुर से दीपक पटेल, खैर से सुरेंद्र सिंह, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, कटेहरी से धर्मराज निषाद, मझवां से सुचिस्मिता मौर्य और मीरापुर से रालोद की मिथलेश पाल शामिल हैं। इन सभी उम्मीदवारों ने जनता के विश्वास और समर्थन का धन्यवाद करते हुए अपने क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देने की बात कही। सभी ने एक स्वर में 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प को दोहराया, साथ ही मोदी-योगी के नेतृत्व के प्रति अपनी निष्ठा जताई।

शपथ ग्रहण समारोह के बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने नवनिर्वाचित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा का सदस्य होना गौरव की बात है। जनता की सेवा का अवसर आपको मिला है। मुख्यमंत्री जी के कार्यों को लेकर अगर जनता के बीच में जाएं तो हर बार जीत आपको मिलेगी। आपके पास ढाई साल का समय है, उसे जनता के बीच ज्यादा से ज्यादा व्यतीत करें। आपकी उपस्थिति विधानसभा में भी दिखनी चाहिए। यहां आपकी परफॉर्मेंस ही जनता के बीच आपकी सक्रियता के संदेश के रूप में जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री द्वय केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना सहित मंत्रीगण और विधायकगण मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में कानून-व्यवस्था, बुनियादी ढांचे के विकास और पारदर्शी प्रशासन पर जोर दिया गया है। उनकी सरकार की जनहितकारी योजनाओं जैसे उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व सड़क परियोजनाओं ने लोगों का विश्वास मजबूत किया है। प्रदेश में अपराध नियंत्रण और धार्मिक स्थलों के पुनरोद्धार जैसे कदमों ने योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता को और बढ़ावा दिया है। परिणामस्वरूप यूपी विधानसभा उप चुनाव में भाजपा और सहयोगी दल रालोद के शानदार प्रदर्शन ने पार्टी के उत्साह में गजब का इजाफा किया है। वहीं, उपचुनाव में समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन के तमाम दावे ध्वस्त हो गए। गठबंधन की तमाम कोशिशों और बड़े बड़े वादों के बावजूद, विपक्षी दल अपनी साख बचाने में नाकाम रहे। बीजेपी और सहयोगी दलों की इस जीत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जनता का भरोसा योगी सरकार पर कायम है। इस ऐतिहासिक जीत के साथ बीजेपी ने प्रदेश में अपनी मजबूत स्थिति का प्रमाण दिया है।

# धरती के भगवानों को भी भाने लगी है अयोध्या शुरू हुई अंतरराष्ट्रीय क्रोनोमेडिसिन कांफ्रेंस

● देश-विदेश से सैकड़ों की संख्या में पहुंचे चिकित्सक दर्शन-पूजन भी करेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/अयोध्या




**भव्य** मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद दूर-दूर से श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। वे न सिर्फ रामलला का दर्शन कर रहे हैं बल्कि योगी सरकार द्वारा सजाई गई रामनगरी का दीदार भी कर रहे हैं। इसी कड़ी में धरती के भगवान माने जाने वाले चिकित्सक भी अब देश-विदेश से किसी न किसी बहाने अयोध्या पहुंच रहे हैं। शुक्रवार से राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज गंजा में शुरू हुई अंतरराष्ट्रीय क्रोनोमेडिसिन इसका जीता-जागता उदाहरण रहा। दरसअल अयोध्या में पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रोनोमेडिसिन 2024 कांफ्रेंस हो रही है। इस कांफ्रेंस में प्रदेश से ही नहीं बल्कि देश-विदेश से चिकित्सक शामिल होने के लिए पहुंचे हैं। आयोजन के सचिव व मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि पिछली बार इसका आयोजन राजस्थान के जैसलमेर में हुआ था। राम मंदिर निर्माण के बाद चिकित्सकों ने अयोध्या में इस कांफ्रेंस को कराने का आह्वान किया था। सभी रामलला के दर्शन व अयोध्या को देखना भी चाहते थे। यही कारण रहा है कि कांफ्रेंस अयोध्या में कराई गई है। तकरीबन 800 से 1000 के बीच चिकित्सक इसमें शामिल हो रहे हैं।

संरक्षक व मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि कांफ्रेंस का शुभारंभ समारोहपूर्वक किया गया। यह 1 दिसंबर तक चलेगी। इसमें विदेश से 14 चिकित्सक पहुंच रहे हैं। 10 अमेरिका से ही हैं। उन्होंने बताया कि यूएसए के अमेरिका कॉलेज ऑफ फिजिशियन की वाइस प्रेसिडेंट डॉ. मुक्ता पांडा, यूएसए से डॉ. देवेंद्र अग्रवाल, चेन्नई से डॉ. कृष्णा शेषादोई, अमेरिका से डॉ. सुरेश सी त्यागी, यूएसए से डॉ. देवाशीष बगेची, डॉ. के राय चौधरी, डॉ. सीबा चौधरी, यूएस से डॉ. रामेश्वर नाथ चौधरी, डॉ. समेन्द्र नाथ, डॉ बानिक, यूके से डॉ. परिजाल डे व संगीता डे के अलावा देश के नामी गिरामी चिकित्सक शामिल हो रहे हैं। इसके अलावा पद्मश्री डॉ. कमलाकर त्रिपाठी, बीएचयू के डायरेक्टर प्रो. डॉ. एनएस संखवार, एम्स के डायरेक्टर प्रो. डॉ. अजय सिंह भी शामिल होने के लिए पहुंच रहे हैं। सभी अयोध्या दर्शन को भी जाएंगे। पहले दिन कांफ्रेंस में डॉ. नर सिंह वर्मा, डॉ. दिनेश व डॉ. अनुज महेश्वरी समेत नामी-गिरामी चिकित्सकों ने क्रोनोमेडिसिन के बारे में बताया। चिकित्सकों से मरीजों को दिनचर्या ठीक करने के बारे में बताने को कहा है।

# सड़कों और हाइवे पर निराश्रित गोवंश विचरण करते न पाए जाएंः धर्मपाल सिंह

● 7 से 14 दिसम्बर तक अभियान चलाकर निराश्रित गोवंश का संरक्षण करने के निर्देश

**लखनऊ।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि खेतों, सड़कों के किनारे और हाइवे पर निराश्रित गोवंश विचरण करते न पाये जाए। इसके लिए मुख्य पशुचिकित्साधिकारी के साथ-साथ गोसंरक्षण कार्यों से संबंधित अन्य विभागों के अधिकारियों की भी जवाबदेही तय करने के लिए गाइडलाइन तैयार की जाए। उन्होंने आगामी 7 दिसम्बर से 14 दिसम्बर तक सघन अभियान चलाकर प्रदेश के सभी जनपदों में सड़कों या खेतों में घूम रहे निराश्रित गोवंश का संरक्षण किये जाने के निर्देश दिये हैं। धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पशुधन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि गौशालाओं में गोवंश के भरण पोषण की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जाए। अधिकारी निराश्रित गोवंश हेतु गोआश्रय स्थलों में गोवंश के ठंड से बचाव, पर्याप्त चारा, भूसा, पानी, प्रकाश, औषधि आदि आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करें। सिंह ने अधिकारियां को सख्त रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि गोशालाओं में गोवंश के भरण पोषण की व्यवस्था पर पूरा अमल किया जाए। आवंटित बजट का समुचित उपयोग किया जाए। गोवंश को पर्याप्त हरा चारा दिया जाए और कोई भी गोवंश भूखा न रहने पाए। निराश्रित गोवंश का संरक्षण एवं संवर्द्धन राज्य सरकार की प्राथमिकता है और इन कार्यों में लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सिंह ने कहा कि मोबाइल वेटनरी यूनिट का संचालन सुनियोजित और सुव्यवस्थित तरीके से किया जाए और जहां से भी पशुधन के चिकित्सा की सूचना प्राप्त हो वहां तत्काल सुविधा उपलब्ध कराई जाए। पशुधन मंत्री ने कहा कि गोवंश संरक्षण के लिए अभियान की लक्ष्य पूर्ति हेतु जनपद के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी और मंडलीय अपर निदेशक द्वारा निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाए।

# ग्लोबल गैप प्रमाणीकरण की जानकारी के लिए किसानों को करें जागरूकः दिनेश प्रताप

**लखनऊ।** उद्यान, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि ग्लोबल गैप प्रमाणन कृषि उत्पादों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक मान्यता प्राप्त प्रमाणन है, जो कि पर्यावरण के अनुकूल कृषि उत्पादों की गुणवत्ता के लिए समर्पित है। इससे कृषि उपजों में रसायनों के प्रयोग को कम करने को बढ़ावा मिलेगा, कृषकों की आय में वृद्धि होगी और लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को मजबूती मिलेगी, जिससे आने वाली पीढ़ी को भी स्वास्थ्य वर्धक व सुरक्षित भोजन मिलेगा। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार को गोमती नगर के मण्डी परिषद सभागार में अंतराष्ट्रीय बाजार में लागू अच्छी कृषि पद्धतियों ग्लोबल गैप (गुड एग्रीकल्चर प्रैक्टिसेज) प्रमाणीकरण का हाईब्रिड मोड में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदेश के प्रमुख कृषि निर्यातोन्मुखी एफपीओ/ एफपीसी, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों के लिए आयोजित किया गया था, लगभग 125 प्रतिभागियों द्वारा आनलाइन भी प्रतिभाग किया गया। यह प्रशिक्षण भारत में ग्लोबल गैप की अधिकृत संस्था एसजीएस इंडिया



प्रा.लि., मुम्बई के नेशनल मैनेजर-फूड एण्ड एग्रीकल्चर नीरज पुरी द्वारा प्रदान किया गया। मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि ग्लोबल गैप मिशन का उद्देश्य सुरक्षित और अधिक प्रभावी कृषि पद्धतियों को वैश्विक रूप से अपनाना है। जिससे खाद्य और अन्य कृषि उत्पादों का उत्पादन वर्तमान की आवश्यकताओं और भविष्य की मांगों को पूरा करने की क्षमता के साथ संतुलित हो सके। ग्लोबल गैप प्रमाणन सबसे सम्मानित तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त मानक है। विश्व भर के लगभग 2 लाख उत्पादक इसमें सम्मिलित हैं। प्रदेश के कृषि, उद्यान तथा कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय/ विभाग के मण्डलीय अधिकारियों को ग्लोबल गैप के मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण कराया जाय तथा इन मानकों का हिन्दी भाषा में एक सरलीकृत पैम्पलेट तैयार कर वितरित किया जाय, जिससे प्रदेश के किसानों में यूरोपीय देशों में निर्यात हेतु आवश्यक इस अन्तर्राष्ट्रीय प्रमाणीकरण को सरलता से जागरूक किया जा सके। प्रदेश के प्रत्येक ब्लाक में एक निर्यात योग्य उत्पाद का प्रगतिशील किसान/ एफपीओ, एफपीसी को उक्त उत्पाद हेतु ग्लोबल गैप का प्रशिक्षण दिलाया जाना सुनिश्चित किया जाय। कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय का दूरभाष नंम्बर 0522-2707587 तथा उप निदेशक, उद्यान का दूरभाष नम्बर 9415130984 नोट कराया, कृषि निर्यात से सम्बंधित किसी भी समस्या अथवा समस्या का समाधान प्राप्त किया जा सकेगा। ग्लोबल गैप के जर्मनी स्थित मुख्यालय की प्रोग्राम कोआडिनेटर गैबरीला कोरल एलानिस ने कार्यक्रम में आनलाइन प्रतिभाग करते हुए प्रदेश में ग्लोबल गैप मास्टंर ट्रेनर तैयार करने हेतु संस्था द्वारा चलाये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बीएल मीणा, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशक टीके शिबु, उप निदेशक डॉ. सुग्रीव शुक्ल, इन्डो जर्मन प्रोजेक्ट जयपुर के डिप्टी टीम लीडर प्रत्यूश रंजन सिंह, ग्लोबल गैप मुम्बई के एडवाइजर संदीप मधुकर सोनकूल सहित उद्यान एवं कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैने अपना नाम GYANENDRA KUMAR से बदलकर GYANENDRA KUMAR SHUKLA कर लिया है। भविष्य में मुझे GYANENDRA KUMAR SHUKLA के नाम से जाना एवं पहचाना जाएं। GYANENDRA KUMAR SHUKLA S/o स्वर्गीय गंगासागर शुक्ला 7/115-B, SWAROOP NAGAR KANPUR

# दिल्ली के व्यस्ततम इलाके में हुआ विस्फोट केंद्रीय गृह मंत्रालय की सीधी असफलताः प्रमोद तिवारी

**लखनऊ।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने मोदी सरकार पर राष्ट्रीय सुरक्षा तथा अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में बड़ी विफलताओं को लेकर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रशान्त बिहार में घटित आतंकी घटना ने देश में कानून- व्यवस्था के लगातार बिगड़ते हालात को और भयावह बना गया है। दिल्ली में पुलिस की अपराध शाखा से महज तीन सौ मीटर दूर व्यस्ततम इलाके में हुआ यह विस्फोट केन्द्रीय गृह मंत्रालय की सीधी असफलता है। तिवारी ने कहा कि यह अत्यन्त चिंताजनक है कि रोहिणी विस्फोट के चालीस दिनों के भीतर ही प्रशांत बिहार में विस्फोट की दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि मणिपुर में दस माह के मासूम बच्चे की आंख निकालकर गोली मारकर हत्या हो या फिर जम्मू में अब घाटी में भी फैला आतंकवाद राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में देश को चिंतित किए हुए है।

उन्होंनें केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को आरोपों के घेरे में रखते हुए कहा कि यदि वह देश की कानून व्यवस्था को जबाबदेह ढंग से नही संभाल पा रहे हैं तो उन्हें संवेदनशील जिम्मेदारी के निर्वहन में अपनी विफलता स्वीकार करनी चाहिए। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने वायनाड से पार्टी की नवनिर्वाचित सांसद प्रियंका गांधी के शपथ ग्रहण को संसद के लिए एक योग्य संसदीय प्रतिभा के रूप में जनता की आवाज की मजबूती की उपलब्धि कहा है। उन्होने केन्द्र सरकार के मंत्री रवनीत सिंह बिटटू द्वारा प्रियंका गांधी के सांसद निर्वाचित होने को लेकर दिये गये बयान पर तीखी प्रतिक्रिया जताते हुए कहा कि प्रियंका गांधी के जनता से अदभुत संवाद रखने की क्षमता से भयभीत भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के इशारे पर मोदी सरकार के मंत्री का यह बयान पूरी तरह राजनैतिक मर्यादा के विपरीत है। उन्होंने कहा कि सांसद के रूप में प्रियंका गांधी अब राहुल गांधी का और मजबूती से साथ देते हुए जनता से जुड़े मुददो पर इण्डिया गठबंधन की आवाज को मुखर बनायेंगी। संसद में अदाणी प्रकरण पर लगातार गतिरोध को लेकर राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने सत्तारूढ़ भाजपा को पूरी तरह से जिम्मेदार कहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के न्यूयार्क अदालत में अदाणी द्वारा भारत सरकार के अधिकारियों को तेईस सौ करोड़ की रिश्वतखोरी का संज्ञान लेना देश की प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ है।

# सरकारी अस्पतालों में पूरी तरह चरमरा गई है प्रशासनिक व्यवस्थाः अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश प्रगति करने के बजाय कई क्षेत्रों में पिछड़ता ही जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाएं सर्वाधिक बदहाल हुई है। सरकारी अस्पतालों में प्रशासनिक व्यवस्था एकदम चरमरा गई है। जिसके परिणाम स्वरूप आग लगने से बच्चों और दूसरे मरीजों की मौतें हो रही हैं, मरीजों को दवा और इलाज मिलने में बाधाएं आ रही है। डॉक्टर और स्टाफ नहीं है तो कहीं जीवन रक्षा में काम आने वाले कीमती उपकरण तालों में बंद धूल खा रहे हैं।

अखिलेश ने कहा कि राजधानी लखनऊ के बड़े अस्पतालों में मरीजों को आए दिन मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। सीनियर डॉक्टर अक्सर अनुपस्थित रहते हैं। रेजीडेंट डॉक्टरों के सहारे इलाज होता है। इन अस्पतालों में संवेदनहीनता के मामले जब तक प्रकाश में आते रहते हैं। लारी कार्डियोलॉजी में एक मरीज इलाज के लिए हाथ जोड़ता रहा, सांस थम गई पर उसे वेंटीलेटर नहीं मिला। मरीजों को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल रेफर करने के खेल में अब तब कितनी ही जानें जा चुकी हैं।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि जिला अस्पतालों में ही नहीं राजधानी के बड़े अस्पतालों में भी मरीजों-तीमारदारों को रोज ही अपमानित और प्रताड़ित होना पड़ता है। गंभीर मरीजों की भी भर्ती नहीं होती है। तीमारदारों को खुद ही स्ट्रेचर खींचने पड़ते है। हरदोई के हरपालपुर में एक प्रसव पीड़िता का गर्भ में बच्चा मर गया क्योंकि 3 घंटे तक फोन करते रहने पर भी उसे 102 एम्बूलेंस नहीं मिल सकी। मिन्नते करने के बावजूद एक महिला को शव ले जाने के लिए शव वाहन नहीं मिला तब कंधे पर लादकर दूर तक शव ले गए।

# सरकारी उपक्रमों को बेचने के अभियान में जुटी है भाजपाः डॉ. राय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ. सीपी राय ने कहा है कि आजादी के बाद पंडित जवाहर लाल नेहरू से लेकर सभी कांग्रेस सरकारों द्वारा देश हित में बनाए गए सभी सरकारी उपक्रमों को (हवाई अड्डे, पोर्ट, रेलवे, जंगल, खनिज) आदि को भाजपा सरकार द्वारा बेचने का अभियान शुरू किया गया है। जो अब उत्तर प्रदेश की बिजली कंपनियों तक आ पहुंचा है। पंडित जवाहर लाल नेहरू ने आजादी के बाद यह तमाम उपक्रम इसलिए बनाये थे कि यह उपक्रम देश की जनता की पूंजी होगी और इनके माध्यम से जनता को सुरक्षित रोजगार प्राप्त होगा। लेकिन उसके विपरीत भाजपा एक के बाद एक जनता के पैसों से बने सरकारी उपक्रमों को पूंजीपतियों को सौंपती जा रही हैं। भाजपा की पूर्व सरकारों ने भी नवरत्न कंपनियों को भेजा था वही काम आज भी जारी है।

# निकायों के 223 कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी

● स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के डाक्यूमेंटेशन असेसमेंट के अपलोडिंग कार्य में लापरवाही पर हुई कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**स्वच्छ** सर्वेक्षण-2024 में प्रदेश की निकायों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नगरीय निकाय निदेशालय से सभी 762 निकायों के अधिकारियों के साथ ऑनलाइन माध्यम से स्वच्छता मानकों की निगरानी के साथ डॉक्यूमेंटेशन कार्य को पूर्ण कराने के कार्यों की मानीटरिंग के दौरान कुछ निकायों के डाक्यूमेंटेशन असेसमेंट के अपलोडिंग कार्यों में कमियां पायी गयी। कार्यवाही करते हुए अपर निदेशक श्रीमती ऋतु सुहास द्वारा निकायों के 223 कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। ऑनलाइन मीटिंग के दौरान अपर निदेशक ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 हेतु डाक्यूमेंट असेस्मेंट के अपलोडिंग का कार्य प्रगति पर है और 30 नवम्बर तक डॉक्यूमेंट अपलोड किया जाना है लेकिन कुछ निकायों द्वारा बिना परिसीलन किए सोर्स सेग्रीगेशन, सालिड वेस्ट प्रोसेसिंग, सफाई मित्र सुरक्षा टीम संबंधी गलत डाटा भर दिया गया है। सही से डॉक्यूमेंट अपलोड नहीं किया गया और मानक भी अपूर्ण हैं। इस कार्य में संबंधित अधिशासी अधिकारी, डिवीजनल डीपीएम एवं आपरेटर का वृहद रूप से टीमवार राज्य मिशन निदेशालय में प्रशिक्षण भी कराया गया एवं वीसी के माध्यम से समय-समय पर निर्देश दिये गए। इतने प्रयासों के बाद भी विभिन्न निकायों के 223 कार्मिकों द्वारा न तो सही से डाटा भरवाया गया है न ही उक्त गतिविधि की समुचित ढंग से मॉनीटरिंग की गई। ऐसे लापरवाह कार्मिकों पर कार्यवाही करते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने की नोटिस जारी की गई है।

# 1068 करोड़ रुपए के निवेश का मार्ग प्रशस्त करेंगे मुख्यमंत्री

● गीडा का 35वां स्थापना दिवस समारोह आज योगी होंगे मुख्य अतिथि ● 209 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/गोरखपुर

**गोरखपुर** औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) का 35वां स्थापना दिवस समारोह शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सानिध्य में मनाया जाएगा। इस अवसर पर वर्तमान वित्तीय वर्ष में गीडा की तरफ से 1068 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के सापेक्ष 85 निवेशकों को हुए भूखंडों के आवंटन में से पांच बड़े निवेशकों को खुद मुख्यमंत्री आवंटन प्रमाण पत्र सौंपेंगे। वह गीडा के विभिन्न सेक्टरों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के 209 करोड़ रुपये के कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के अलावा गीडा के नाइलिट सेंटर से कौशल विकास का प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को सर्टिफिकेट प्रदान करेंगे। स्थापना दिवस पर सीएम योगी गीडा में लगने वाले दो दिवसीय ट्रेड शो और निवेश मित्र पोर्टल पर इंटीग्रेट होने वाली गीडा की 20 सुविधाओं का भी शुभारंभ करेंगे।

गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनुज मलिक के मुताबिक स्थापना के 35वें स्थापना वर्ष में गीडा ने अभी तक 3 लाख 27 हजार 313 वर्गमीटर क्षेत्रफल में 85 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन किया है। इसके जरिये 1068 करोड़ रुपये का निवेश और 4658 रोजगार सृजन प्रस्तावित है। स्थापना दिवस समारोह में आवंटित किए गए भूखंडों में से पांच बड़े निवेशकों को आवंटन पत्र का वितरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जाएगा। गीडा की सीईओ के अनुसार वर्तमान वित्तीय वर्ष में जिन प्रमुख इकाइयों के लिए जमीनों का आवंटन किया गया है उनमें एपीएल अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड, एसएलएमजी पीईटी प्लांट, कपिला कृषि उद्योग, आईसन एयर कूलर, टेक्नोप्लास्ट पैकेजिंग प्राइवेट लि., मॉडर्न पैकेजिंग प्राइवेट लि., नोवामैक्स इंडस्ट्रीज व होटल नीलकंठ ग्रैंड शामिल हैं। गीडा के 35वें स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री योगी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट से जुड़ी कुल 209 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देंगे। वह 123 करोड़ रुपये के कार्यों का शिलान्यास तथा 86 करोड़ रुपये के कार्यों का लोकार्पण करेंगे। शिलान्यास के प्रोजेक्ट्स में 94 करोड़ के सिविल और 29 करोड़ रुपये के विद्युत कार्य शामिल हैं। जबकि लोकार्पण की परियोजनाओं में 72 करोड़ के सिविल और 14 करोड़ रुपये के विद्युत कार्य सम्मिलित हैं।

मुख्यमंत्री के हाथों निवेश मित्र पोर्टल पर इंटीग्रेट होने वाली गीडा की 20 सुविधाओं का शुभारंभ होने के साथ ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और बेहतर होगा। पिछले वर्ष गीडा के स्थापना दिवस समारोह पर सीएम योगी ने उद्यमियों की सुविधा के लिए 'गीडा सेवा' पोर्टल का शुभारंभ किया था। अब निवेश मित्र पोर्टल पर गीडा की 20 सुविधाओं के जुड़ जाने से उद्यमियों को और सहूलियत मिलेगी।

पिछले स्थापना दिवस समारोह में गीडा ने नाइलिट (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) से एमओयू कर स्थानीय युवाओं के कौशल विकास के लिए 9280 वर्गमीटर का कैम्पस, निर्मित भवन के साथ निशुल्क उपलब्ध कराया था। नाइलिट का गीडा कैम्पस कौशल विकास का केंद्र बनकर उभरा है। यहां अभी तक 13 पाठ्यक्रमों में 617 युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। गीडा के 35वें स्थापना दिवस समारोह में सीएम योगी नाइलिट से प्रशिक्षित पांच युवाओं को सर्टिफिकेट वितरित करेंगे। दो दिवसीय ट्रेड शो में बड़ी कम्पनियों के साथ दिखेगा स्थानीय उत्पादों का जलवा*गीडा की तरफ से स्थापना दिवस पर दो दिवसीय ट्रेड शो का भी आयोजन किया जा रहा है। इसमें बड़ी कम्पनियों के उत्पादों के साथ स्थानीय उत्पादों, खासकर ओडीओपी का जलवा देखने को मिलेगा।

# प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने किया औचक निरीक्षण सफाई व्यवस्था पर जताई नाराजगी

**● जोन 6 के जोनल अधिकारी व सफाई निरीक्षक का एक दिन का वेतन काटने के दिए निर्देश, जोन 2 की जोनल अधिकारी को लगाई कड़ी फटकार**



**लखनऊ।** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने शुक्रवार को प्रातः 7 बजे नगर की सफाई व्यवस्था को देखने के लिए औचक निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम के चार वार्डा की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। अंबेडकर नगर वार्ड, मालवीय नगर वार्ड, कल्बे आबिद वार्ड तथा ऐशबाग वार्ड शामिल है। इस दौरान उन्होंने नगर निगम द्वारा संचालित शौचालयों का भी निरीक्षण किया। प्रभारी मंत्री ने वार्डों में सफाई व्यवस्था को लेकर काफी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने सफाई व्यवस्था सही न कराने पर नगर निगम के जोन 6 के जोनल अधिकारी मनोज कुमार तथा एफएसआई का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश नगर आयुक्त को दिया। इस दौरान उन्होंने जोन 2 की जोनल अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए संबंधित वार्डा में सफाई व्यवस्था के नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई और पानी के सही से निकास के लिए नालियों से अतिक्रमण को हटाया जाए एवं नालियों की नियमित सफाई कराई जाए। बाजार खाला में पुल के नीचे मुख्य मार्ग में जल रहे कूड़े को देखकर नाराजगी जाहिर की। वहां पर नाली के ऊपर एलटी पैनल को तत्काल हटाने तथा जाम नाली की सफाई के निर्देश दिए।

खन्ना ने निरीक्षण के दौरान नींबू पार्क के पास अवैध फूल मंडी को हटाने तथा तथा अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ एफआईआर करने के निर्देश दिए। नींबू पार्क स्थित सामुदायिक शौचालय का भी निरीक्षण किया तथा शौचालय की सफाई संतोषजनक पाई। अब्दुल अजीज रोड चौपटिया मुख्य मार्ग पर जमा सिल्ट और मोरंगबालू को हटाने एवं सफाई कराने का निर्देश दिया। संदोहन देवी मंदिर के पास व पड़ाव घर के पास इकट्ठा गंदगी व कूड़ा को देखकर संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई तथा स्थानीय लोगों की शिकायत का संज्ञान लेते हुए कूड़े को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित कूड़ा एजेंसी को अनिवार्य रूप से प्रतिदिन कूड़ा उठाने के निर्देश दिए जाए और नियमित इसकी मॉनिटरिंग भी की जाए। उन्होंने क्षतिग्रस्त कूड़ा घर का मरम्मत कराए जाने का भी निर्देश दिया। ऐशबाग वार्ड में भी स्थित कूड़ा घर एवं शौचालय की भी मरम्मत करायें जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी जोनों के जोनल अधिकारी अपने-अपने जोन में नियमित निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान लखनऊ नगर निगम की मेयर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, स्वच्छता प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार मिश्रा संबंधित मेयर सहित नगर निगम के अधिकारी एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# आईएमएस में विशेष व्याख्यान का आयोजन

**संवाददाता।** लखनऊ

**इंस्टीट्यूट** ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (आईएमएस) ने शुक्रवार को डिकोडिंग पर्सनल एंड प्रोफेशनल सक्सेस पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। विशेष व्याख्यान का आयोजन में जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ, नोएडा, जयपुर, इंदौर परिसर के सलाहकार और प्रतिष्ठित प्रोफेसर डॉ. वीरेंद्र पी सिंह आईएमएस के सेमिनार हॉल में मुख्य वक्ता थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। डॉ. अमिताभ रॉय ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और मोमेंटो भेंट किया। उन्होंने जीवन में सफलता और महत्व, सफल लोगों के लिए स्टीफन कोवी की सात आदतों, जीने, सीखने, प्यार करने, विरासत छोड़ने की अवधारणा, कॉर्पोरेट जगत क्या चाहता है, जोहारी विंडोस ने जीवन में व्यावहारिकताएं और लक्ष्य निर्धारण के बारे में बताया। कार्यक्रम में आईएमएस के संकाय सदस्यों और लखनऊ विश्वविद्यालय के नए परिसर में प्रबंधन के छात्रों ने भाग लिया। छात्रों को विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित किया गया। छात्र अत्यधिक प्रेरित थे।

# पुराने मामले में कांस्टेबल को चार वर्ष की कैद

**● पुलिस ने लगा दिया था अंतिम रिपोर्ट अदालत ने कर दिया था खारिज**

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**33 वर्ष** पुराने भ्रष्टाचार के एक मामले में विशेष अदालत ने तत्कालीन कांस्टेबिल अरुण कुमार दुबे को दोषी करार दिया है। इस पर अपने भतीजे की गिरफ्तारी के संदर्भ में जानकारी हासिल करने चौकी गए पीएन वर्मा से मारपीट व जबरिया अवैध धन उगाही का इल्जाम है। यह थाना अलीगंज के चांदगंज चौकी पर कांस्टेबिल के पद पर तैनात था। विशेष जज श्याम मोहन जायसवाल ने इसे चार वर्ष की कैद की सजा सुनाई है। साथ ही इस पर 21 हजार 500 रुपए का जुर्माना भी ठोका है।

उन्होंने अपने आदेश में कहा है कि अभियुक्त पुलिस विभाग में कांस्टेबिल के पद पर कार्यरत था। इस सेवा में प्रवेश करते समय उसने विधि व कानून के संरक्षण की शपथ ली थी। लेकिन उसने खुद ही कानून को अपने हाथ में ले लिया। यदि कानून का रक्षक ही भक्षक बन जाए तो लोगों का पूरी व्यवस्था से विश्वास खत्म हो जाता है। लिहाजा इसका यह कृत्य किसी तरह से सहानुभूति के योग्य नहीं है।

21 जुलाई 1991 को पीएन वर्मा अपने भतीजे राकेश कुमार वर्मा की गिरफ्तारी के बाबत जानकारी हासिल करने चांदगंज चौकी गए थे। वहां अकारण कांस्टेबिल अरुण कुमार दुबे व विदेश सिंह ने उन्हें पकड़कर मारना-पीटना शुरू कर दिया। उन्हें काफी चोटें आई। फिर उनसे जबरिया तीन हजार रुपए ले लिए। बाद में दो हजार रुपए और देने के वादे पर उन्हें चौकी से छोड़ा।

17 जनवरी 1992 को तत्कालीन सीओ राजकुमार विश्वकर्मा की जांच के बाद इस मामले की एफआईआर दर्ज हुई। लेकिन विवेचना के बाद इन दोनों अभियुक्तों को क्लीन चिट दे दिया गया। विशेष लोक अभियोजक महेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक पीएन वर्मा की अर्जी पर अदालत ने अंतिम रिपोर्ट खारिज कर दी। साथ ही इन दोनों अभियुक्त पुलिस वालों को मुकदमे के विचारण के लिए तलब कर लिया। 29 नवंबर 2014 को अदालत ने मारपीट व भ्रष्टाचार की धारा में आरोप तय किया। विचारण के दौरान के दौरान कांस्टेबिल विदेश सिंह की मौत हो गई। लिहाजा उसके मुकदमे की कार्यवाही समाप्त कर दी गई।

## स्थापना दिवस पर सम्मानित हुए रेजिडेंट डॉक्टर व कर्मचारी

**लखनऊ।** किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज के क्वीन मैरी अस्पताल का स्थापना समारोह शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। अस्पताल की स्थापना 4 नवंबर 1932 को हुई थी। यहां पर प्रति वर्ष लगभग 9,000 प्रसव होते हैं। स्थापना दिवस समारोह की शुरुआत विभाग में अंतर्गर्भाशयी गर्भाधान पर एक कार्यशाला के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में विवि की कुलपति प्रो सोनिया नित्यानंद और प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की पूर्व प्रमुख डॉ कल्याणी दास विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विभागाध्यक्ष प्रो. अंजू अग्रवाल ने विभागीय रिपोर्ट प्रस्तुत की और विभाग द्वारा वर्ष भर में की गई। सर्वाधिक मानवीय रेजिडेंट का पुरस्कार डॉ. मोनिका सिंह (जूनियर रेजिडेंट) को दिया गया, जबकि डॉ. शालिनी यादव, डॉ. आरती वर्मा और डॉ. शांभवी झा को अपने-अपने बैच में अधिकतम उपस्थिति के लिए सराहा गया।

## नए अफसरों से और मजबूत होगी जेल की सुरक्षाः डीजी कारागार

**लखनऊ।** नए जेल अफसर नवीन ऊर्जा एवं उत्साह के साथ जेलों की सुरक्षा एवं अनुशासन व्यवस्था को और सुदृढ करेंगे। यह बात शुक्रवार को डा0 सम्पूर्णानन्द कारागार प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ में आयोजित 118 वें दीक्षान्त समारोह में पुलिस महानिदेशक कारागार पीवी रामा शास्त्री ने कही। 8 महीने के प्रशिक्षण के बाद शुक्रवार को संस्थान में उत्तर प्रदेश के तीन जेल अधीक्षकों एवं उत्तराखण्ड के 17 डिप्टी जेलर की पासिंग आउट परेड (पीओपी) हुई। जेल अधीक्षक प्रीती यादव ने परेड को कमाण्ड किया और बेस्ट कैडेट का खिताब भी हासिल किया, जेल अधीक्षक कुलदीप कुमार द्वितीय कमाण्डर एवं जेल अधीक्षक, मुकेश कुमार तृतीय कमाण्डर रहे। पीओपी के बाद संस्थान के निदेशक एवं डीआईजी आरएन पाण्डेय ने सभी प्रशिक्षु अफसरों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। एआईजी धमेन्द्र सिंह, डीआईजी हेमंत कुटियाल, डीआईजी सुभाष चन्द्र शाक्य, वरिष्ठ अधीक्षक, शशिकान्त सिंह एवं एफसी, आबिद अली समेत प्रशिक्षण संस्थान के सभी अधिकारी/ कर्मचारी तथा प्रशिक्षु अधिकारियों के परिजन मौजूद रहे।



### प्रो.शोभा गौड़ बनी मां विध्यवासिनी देवी विवि की प्रथम कुलपति

**लखनऊ।** शासन स्तर पर दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर के शिक्षा संकाय की डीन प्रो. शोभा गौड़ को मां विध्यवासिनी देवी विश्वविद्यालय का प्रथम कुलपति नियुक्त किया गया है। शुक्रवार को इस बावत प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एमपी अग्रवाल ने आदेश जारी कर दिये हैं।

# बिहार से आक्सीटोसीन इंजेक्शन की तस्करी करने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**● बिहार से आक्सीटोसीन इंजेक्शन की तस्करी करने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार**



**लखनऊ।** अंतरराज्यीय स्तर पर बिहार राज्य से आक्सीटोसीन इंजेक्शन की तस्करी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को एसटीएफ ने लखनऊ के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से 221960 (1135 10 एमएल व 1110 180 एमएल) आक्सीटोसीन बरामद हुए। कीमत 3955327 रुपए है। अभियुक्तों में शहजाद आदर्श नगर बरौरा हुसैन बाड़ी बालागंज और इमरान मकान नंबर 54 फातिमा मस्जिद के पास थाना ठाकुरगंज का रहने वाला है। एसटीएफ को सूचना मिली कि कुछ लोग गिरोह बनाकर बिहार राज्य से भारी मात्रा में आक्सीटोसीन इन्जेक्शन मंगाकर लखनऊ एवं आस-पास के जनपदों में इसकी अवैध रूप से सप्लाई करते है। यह भी ज्ञात हुआ कि इस गिरोह द्वारा आक्सीटोसीन इन्जेक्शन में फिनाइल का भी इस्तेमाल किया जाता है, जो कि जनवरों सहित जन मानस के लिए भी बहुत ही घातक है। कुछ सदस्य आदर्श नगर बरौरा हुसैन बाड़ी बालागंज थाना ठाकुरगंज, लखनऊ स्थित एक मकान में फिलिंग का कार्य करते है। एसटीएफ टीम द्वारा औषधि निरीक्षक संदेश मौर्या व निलेश कुमार शर्मा को साथ लेकर उक्त स्थान पर पहुंचकर देखा गया तो वहां पर मौजूद 2 व्यक्तियों द्वारा आक्सीटोसीन इन्जेक्शन की अलग-अलग शीशियों में फिलिंग करते हुए पाया गया। उन दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया कि इनका एक गिरोह है, जो लखनऊ एवं आस-पास के जनपदों में अवैध रूप से आक्सीटोसीन इन्जेक्शन की सप्लाई करता है। यह लोग दिल्ली राज्य से हाई डेनिसिटी के आक्सीटोसीन इन्जेक्शन पार्सल के माध्यम से किसी मिनरल वाटर बताकर मंगाते है, जिसे आवश्यकतानुसार अपने हिसाब से अलग अलग साइज के एम्पुल में पैक करके उसकी सप्लाई लखनऊ एवं आस-पास के जनपदों में करते है इस इन्जेक्शन का इस्तेमाल पशुओं के दुध निकालने, सब्जियों एवं फलों को कम समय में अधिक विकसित होने आदि के लिए किया जाता है। 14 अगस्त 2024 को बंग्ला बाजार चौराहा से तेलीबाग रोड पर सिचाई विभाग, कालोनी के सामने, थाना क्षेत्र आशियाना, लखनऊ से भी आक्सीटोसीन इन्जेक्शन की तस्करी करने वाले गिरोह के 2 सक्रिय सदस्यों को 36 पेटी (लगभग 2,80,899 एम्पुल) आक्सीटोसीन के साथ गिरफ्तार किया गया था। स्वस्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के गजट नोटिफिकेशन 3-04-2001 द्वारा औषधि एवं प्रशाधन नियमावली-1945 के नियम 105 के अन्तर्गत आक्सीटोसीन इन्जेक्शन के विक्रय को मात्र सिंगल यूनिट ब्लिस्टर पैक में ही प्राविधानिक किया गया है।

# पर्सनलाईज्ड मेडिसिन विधा के जरिए मिल रहा सटीक इलाज : प्रो. नित्यानंद

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के शताब्दी फेज-2 स्थित ऑडिटोरियम में क्रिटीकल केयर मेडिसिन विभाग का 8वां स्थापना दिवस समारोह शुक्रवार को मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल विवि की कुलपति प्रो सोनिया नित्यानंद व अतिविशिष्ट अतिथि प्रो प्रवीन कुमार जैन, चेयरमैन, कॉलेज ऑफ क्रिटीकल केयर मेडिसिन, मुम्बई ने किया। विभागाध्यक्ष, प्रो. अविनाश अग्रवाल द्वारा क्रिटीकल केयर मेडिसिन विभाग की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी एवं क्रिटीकल केयर मेडिसिन विभाग की भविष्य की कार्य-योजनाओं के ऊपर प्रकाश डाला गया। कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने अपने अभिभाषण में वार्षिक प्रगति रिपोर्ट एवं भविष्य की कार्ययोजनाओं के प्रति प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि क्रिटीकल केयर मेडिसिन विभाग द्वारा मरीजों के हित में किये जा रहे प्रयास उत्कृष्ठ है। कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने अपने अभिभाषण में विशेष रूप से क्रिटीकल केयर मेडिसिन विभाग में संचालित पर्सनलाईज्ड मेडिसिन इकाई का जिक्र करते हुए उसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। मुझे खुशी है कि क्रिटीकल केयर मेडिसिन विभाग में भर्ती होने वाले प्रत्येक मरीज का पृथक-पृथक सटीक रोग निदान कर सटीक औषधियों एवं उनकी सटीक मात्रा का चयन करते हुए मरीजों का सफ्ल एवं सटीक उपचार प्रदान करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। देश का पहला ऐसा विभाग है,जहां पर्सनलाईज्ड मेडिसिन की विधा का उपयोग करते हुए मरीजों को कास्ट इफेक्टिव एवं सटीक उपचार प्रदान करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। डा प्रवीन कुमार जैन, चेयरमैन, कालेज ऑफक्रिटीकल केयर मेडिसिन, मुम्बई द्वारा व्याख्यान दिया गया। कुलपति ने विभाग द्वारा आयोजित क्रिटीकल-2024 के विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया।



# नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान का मनाया 103वाँ स्थापना दिवस

**लखनऊ।** वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. अरूण कुमार ने कहा नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान देश के प्राचीनतम प्राणि उद्यानों में से एक है। उन्होंने एनटीपीसी को प्राणि उद्यान का सहयोग करने हेतु आभार व्यक्त किया एवं आशा व्यक्त की कि इसी प्रकार उनका सहयोग भविष्य में भी प्राणि उद्यान, लखनऊ को प्राप्त होता रहेगा। उन्होंने कहा कि आज अंगीकर्ताओं से प्रेरणा प्राप्त करते हुए वह भी प्राणि उद्यान के किसी एक वन्य जीव का अंगीकरण करेंगे। इतना सुन्दर एवं आकर्षक एन्ट्री प्लाजा तैयार करने हेतु प्राणि उद्यान की निदेशक श्रीमती अदिति शर्मा को बहुत-बहुत बधाई। विगत 103 वर्षों से यह प्राणि उद्यान अपने प्रमुख उद्देष्यों को पूरा करने में सफल रहा है और आगे भी यह सफलतापूर्वक अपने को और अधिक विकसित करते हुए अपने उद्देष्यों की पूर्ति करता रहेगा। मंत्री डॉ. अरूण कुमार ने यह बात शुक्रवार को नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ का 103वाँ स्थापना दिवस के अवसर पर कही। इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा दर्शकों की सुविधा हेतु एनटीपीसी एवं प्राणि उद्यान के संयुक्त तत्वाधान में तैयार एन्ट्री प्लाजा का लोकार्पण किया गया एवं सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा एन्ट्री प्लाजा का अवलोकन किया गया। उसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा प्राणि उद्यान के 103वें स्थापना दिवस का केक काटकर प्राणि उद्यान का जन्मदिन मनाया गया। इसके साथ ही मुख्य अतिथि ने रिवर साइड एकेडमी, गोमती नगर एवं एमिकस एकेडमी, प्राग नारायण रोड के छात्र/छात्राओं द्वारा वन्य जीव एवं पर्यावरण पर आधारित निकाली गयी रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। उसके पश्चात अतिथियों द्वारा रिवर साइड एकेडमी के 11 छात्राओं एवं 2 अध्यापिकाओं द्वारा वन्य जीव संरक्षण पर तैयार की गयी रंगोली का अवलोकन किया गया। प्राणि उद्यान की निदेशक अदिति शर्मा द्वारा मंचासीन अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन में कहा कि 103वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर पधारे मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि के साथ अन्य अतिथिगणों की उपस्थिति हम सभी में ऊर्जा का संचार करती है। निदेशक ने समारोह में उपस्थित सभी पूर्व प्रशासकों एवं पूर्व निदेशकों का स्वागत करते हुए कहा कि आपके महत्वपूर्ण योगदान से ही आज हम प्राणि उद्यान का 103वाँ स्थापना दिवस मना रहे हैं।



# जीआईएस समाधाना में आई 48 भवन गृहकर समस्याएं हुई निस्तारित

**लखनऊ।** महापौर द्वारा गृहकर जीआईएस समाधान दिवस पर आए शिकायत कर्ताओं की समस्याओं का निस्तारित किया गया। अलीगंज सहित सभी जोन से आई 48 समस्याओं को क्षेत्रीय अधीक्षकों द्वारा किया गया। हालांकि महापौर द्वारा समाधान दिवस माह के प्रथम शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा। शुक्रवार को समाधान दिवस की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल ने की। महापौर ने आगन्तुको की समस्याएं स्वयं सुनकर अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के लिए निर्देशित किया। अलीगंज में आपत्तिकर्ता तनु पाण्डेय भवन संख्या ई4एम/326, अलीगंज सेक्टर.एमए वार्ड लाला लाजपत राय, भवन आईडी 9157बी 23958 का जीआईएस का वार्षिक मूल्य 14580 था। निर्धारित वार्षिक मूल्य 7020 रुपए किया। वहीं, कानपुर रोड शारदा नगर रोड में आपत्तिकर्ता जानकी बल्लभ दुर्गापाल, भवन संख्या ईडी.642, एल्डिको.1ए शारदा नगर प्रथम वार्ड भवन संख्य आईडी 9157एफ 01486 का जीआईएस का वार्षिक मूल्य 28350 रुपए है। निर्धारित वार्षिक मूल्य 21600 रुपए किया। जीआईएस समाधान दिवस में नगर आयुक्त, सभी अपर नगर आयुक्त, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, सभी जोनल अधिकारी, कर अधीक्षक, राजस्व निरीक्षक व कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ जीआईएस सर्वे की टीम मौजूद रही।



## प्रसव पश्चात परिवार नियोजन सेवाओं की गुणवत्ता व सुदृढ़ीकरण पर दिए जरूरी टिप्स

**लखनऊ।** लोकबन्धु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय में शुक्रवार को पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल-इंडिया (पीएसआई इंडिया) के सहयोग से एकदिवसीय होल साइट ओरिएंटेशन (डब्ल्यूएसओ) का आयोजित हुआ। प्रसव पश्चात व गर्भ समापन पश्चात परिवार नियोजन सेवाओं के सुदृढ़ीकरण व गुणवत्तापूर्ण बनाने के बारे में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को जरूरी टिप्स दिए गए। स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्टाफ नर्स, वार्ड आया आदि ने भाग लिया। महिला चिकित्सकों ने प्रसव पश्चात गर्भनिरोधक साधनों व हेल्थ मैनेजमेंट एंड इन्फोर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) पोर्टल पर भी विस्तार से चर्चा की। निदेशक लोकबन्धु डॉ. सुरेश चंद्रा ने कहा कि अस्पताल में प्रसव पश्चात और गर्भ समापन पश्चात परिवार नियोजन सेवाओं को गुणवत्तापूर्ण बनाने के साथ ही विवरण एचआईएमएस पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए।

# ईंट भट्ठे पर दो दर्जन मजदूरों को बंधक बनाने का आरोप, मजदूरी दिलाकर भेजा घर

**मोहनलालगंज।** जबरौली में मुरादाबाद के दो दर्जन ईंट भट्ठा मजदूरों को उनकी मजदूरी नही दी गई। एक मजदूर ने भट्ठे पर बंधक बनाने का आरोप लगाकर मामले की शिकायत राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग से कर दी। आयोग के आदेश पर शुक्रवार को श्रम विभाग और प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम ने सभी मजदूरों को भट्ठे से मुक्त कराकर उनकी बकाया मजदूरी दिलवाई । फिर मजदूरों का टिकट कराकर ट्रेन से उनके घर के लिए रवाना कर दिया गया।

मोहनलालगंज के जबरौली में ईंट भट्ठे पर मुरादाबाद के 10 परिवार के 24 मजदूरों को 600 रुपए प्रति हजार ईंट पथाई मजदूरी देने का भरोसा देकर बुलाया गया था। लेकिन आरोप है कि भट्ठा मालिक व उसके मुंशी और ठेकेदार ने मजदूरों को उनकी मजदूरी नही दी। मजदूर फिरोज ने मजदूरों को बंधक बनाने के आरोप लगाकर पूरे मामले की शिकायत राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति आयोग से की। आयोग ने डीएम और पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। शुक्रवार को जबरौली में ईंट भट्ठे पर पहुंचे नायब तहसीलदार व कनकहा चौकी इंचार्ज और श्रम विभाग की संयुक्त टीम के सामने पीड़ित मजदूरों ने सारी दास्तां सुनाई। नायब तहसीलदार भानु प्रकाश त्रिपाठी ने बताया भट्ठे के मुंशी से मजदूरों की बकाया 84 हजार रुपए की मजदूरी और मुरादाबाद तक जाने के लिए ट्रेन की 24 टिकट और खाने पीने के लिए खर्च दिलाकर राजस्व टीम ने सभी मजदूरों को दून एक्सप्रेस में बैठाकर उनके घर के लिए रवाना कर दिया। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया जांच में मजदूरों का मेहनताना बकाया होने की शिकायत सही पाई गई। मजदूरी दिलाकर सभी मजदूरों को उनकी मर्जी से घर भेज दिया गया है।

## संस्कृति सुरभि में 4000 से अधिक छात्रों ने लिया भाग

**लखनऊ।** संस्कृति सुरभि के चौथे दिन शुक्रवार का आगाज शानदार रहा। लखनऊ विश्वविद्यालय द्वितीय परिसर के खेल मैदान के मंच पर गायन के प्रतियोगियों ने समाँ बाँध दिया। आज विभिन्न खेलों मे लगभग 4000 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग लिया। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अलोक कुमार राय ने विश्वविद्यालय मे आये हुए सभी प्रतियोगियों को बधाई एवं जीत की शुभकामनायें दी।कमेटी के निदेशक प्रो.सतीश चंद्र ने बताया की सभी विजेताओं के मेडल एवं ट्राफीज क़ल शाम को ही वितरित कर दिए जायेंगे। लॉ फैकल्टी के डीन प्रो. बीडी सिंह ने जीते हुए सभी विजेताओं को अपनी शुभकामनायें व्यक्त किया। स्पोर्ट्स इंचार्ज डाज़ अनुराग श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागियो को प्रोत्साहित किया। कमेटी के अध्यक्ष डा उग्रसेन वर्मा ने बताया की कल संस्कृति सुरभि के सभी खेलों के विजेताओं के मेडल और ट्राफी क़ल शाम 4 बजे से लेकर 9 बजे तक वितरित किये जायेंगे। अंग्रेजी लेख सृजन मे वैष्णवी कुमारी ने प्रथम,शक्लेन उल्लाह खान द्वितीय एवं श्रेया अग्रवाल ने तीसरा स्थान हासिल किया वही हिंदी मे मेघा कुमारी प्रथम, उत्कर्ष पाण्डेय द्वितीय एवं योगिता बिंद तीसरे स्थान पर रही। वही हिंदी कविताबाचन प्रतियोगिता मे दिव्यांश मिश्रा प्रथम, अमृता गुप्ता द्वितीय, शिवांश मिश्रा ने तृतीय स्थान हासिल किया। वही अंग्रेजी मे अथर्व शर्मा, अनुष्का श्रीवास्तव एवं मोहम्मद ओवैस क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करके अपने प्रतिभा का परिचय दिया। इंग्लिश डिबेट के सर्वश्रेष्ठ स्पीकर ख़िताब विजेता सुमैना खान रही एवं उप-विजेता अथर्व शर्मा रहे। भूमिका वाजपेई एवं ज़ारा शोयब ने अपने दमदार प्रदर्शन बदौलत तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया। लड़कों के शार्टपुट मे पहला स्थान शौर्य सिंह एवं उप-विजेता युवराज सिंह रहे, इसी प्रतियोगिता के लड़कियो मे प्रथम स्थान निधि सिंह दूसरा नंदिनी मिश्रा एवं तीसरा अनाया मलिक रही। पुरुषो के टक आफ वार मे विधि संकाय के छात्र प्रथम स्थान पर एवं सिटी लॉ दूसरे स्थान पर रहे वही महिलाओ मे सिटी ला कालेज की टीम प्रथम स्थान एवं आईटी कॉलेज की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया।

# सीजी सिटी वेट लैंड में विहंग उत्सव आयोजित

**● पक्षियों के विहंगम दृश्य को कैमरे में कैद करने की मची होड़**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**एलडीए** द्वारा सीजी सिटी वेट लैंड में विहंग उत्सव आयोजित किया गया। आयोजित विहंग उत्सव में संगीत समारोह में पक्षी सुर में गाते हैं, भँवरे गुनगुनाते हैं, गीत ने समाँ बाँध दिया। मंडलायुक्त और एलडीए उपाध्यक्ष द्वारा दूरबीन से विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों को देखा गया। पक्षियों के मनमोहक विहंगम दृश्य को देखकर अतिथि, छात्रों में कैमरे में कैद करने ही होड़ मच गयी। साथ ही छात्र-छात्राओं की पर्यावरण संरक्षण विषय पर वर्कशॉप एवं टॉक शो भी कराया गया।

शुक्रवार को एलडीए ने आयोजित विहंग उत्सव में सुबह 7 बजे बर्ड वॉचिंग से विभिन्न आयोजनों की शुरुआत हुई। मंडलायुक्त लखनऊ डॉ रोशन जैकब और एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने भी लोगों के साथ दूरबीन से विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों को देखा। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लखनऊवासियों ने बर्ड वॉचिंग में भाग लिया। जिसके बाद पर्यावरण संरक्षण विषय पर वर्कशॉप एवं टॉक शो का आयोजन किया। जिसमें बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर वेंकटेश दत्ता एवं पर्यावरणविद विवेक अवस्थी ने वेटलैंड समेत पर्यावरण के विभिन्न आयामों के बारे में दर्शकों को जानकारी दी। जिसके बाद बच्चों से पक्षियों और पर्यावरण को लेकर सवाल पूछे गए, जिसके सही जवाब देने वाले बच्चों को आकर्षक गिफ्ट देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। विभिन्न स्कूलों से आए बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण की थीम पर पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। इसके बाद विभिन्न स्कूलों से आए 126 बच्चों ने पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण थीम पर एक से बढ़कर एक आकर्षक पेंटिंग बनाई। पेंटिंग प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल द्वारा चार बेस्ट पेंटिंग को चुना गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन पी गुरुप्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब, जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार व प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने प्रतियोगिता के अंतर्गत सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल के भुविक सेठ को प्रथम पुरस्कार, न्यू पब्लिक कॉलेज नीलमथा की प्रियांशी रावत को द्वितीय पुरस्कार, बाल निकुंज (बॉयज विंग) के छात्र शुभम कुमार को तृतीय पुरस्कार एवं बाल निकुंज गर्ल्स की दीपिका शर्मा को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विहंग उत्सव में 26 नवंबर से शुरू हुई फेटोग्राफी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया। जिसमें शनिष कुमार मिश्रा को प्रथम पुरस्कार, प्रखर किशन को द्वितीय पुरस्कार, सुनील कुमार रैदास को तृतीय पुरस्कार एवं विवेक अवस्थी और आशुतोष त्रिपाठी को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्राधिकरण के सचिव विवेक श्रीवास्तव, प्रभावी वनाधिकारी सितांशु पांडे, एलडीए के मुख्य अभियंता अवनींद्र कुमार सिंह, वित्त नियंत्रक दीपक सिंह, मुख्य नगर नियोजक केके गौतम समेत विभिन्न अधिकारी एवं पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

### नुक्कड़ नाटक से लुप्त हो रही चिड़ियों की मार्मिकता दर्शायी

विहंग उत्सव में आयोजित नुक्कड़ नाटक में पर्यावरण संरक्षण और लुप्त होती चिड़ियों से मानवता को हो रहे नुक़सान को लेकर बेहद मार्मिक प्रस्तुति दी गई। सोमेंद्र प्रताप सिंह और उनकी टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया कि चिड़ियाँ अब केवल किताबों में रह गई हैं। इसलिए सामूहिक रूप से चिड़ियों को संरक्षित करने का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए घर पर कम से कम एक पेड़ अवश्य लगायें एवं घरों में चिड़ियाँ आयें इसके लिए टर्टल बॉल्स या किसी बर्तन में उनके लिए अनाज और पानी जरूर रखें। इसके साथ ही ओरी चिरैया गाने के माध्यम से गिटारिस्ट शिवम ने बेहतरीन गिटार परफॉरमेंस देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### स्टॉल लगाकर पर्यावरण जागरूकता का दिया गया संदेश

विहंग उत्सव में पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता को लेकर 3 स्टॉल लगाए गए। एक स्टॉल संस्था टर्टल सर्वाइल एलाइंस द्वारा लगाया गयाए जिसमें टर्टल्स के मॉडल प्रदर्शित किए गए। पर्यावरणम् सोसाइटी द्वारा लगाए गए स्टॉल में सांपों से सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। स्वप्ना फाउंडेशन द्वारा लगाए गए स्टॉल के माध्यम से चिड़ियों की वॉटरबॉल प्रदर्शित की गई।

## सुगामऊ को मिलेगी कन्या डिग्री कालेज की सौगात

**लखनऊ।** इंदिरानगर में पूर्वी के विधायक द्वारा सुगामऊ में कन्या डिग्री कालेज की स्थापना की घोषणा की गयी है। जल्द ही स्थानीय लोगों की बेटियों को दस किमी दूर नहीं जाना पड़ेगा। कालेज के प्रस्ताव को शासन भेजा जा चुका है। यह बातें विधायक ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने लखनऊ पूर्वी विधानसभा में अर्धविकसित इंदिरा प्रियदर्शनी वार्ड में तीन स्थलों पर सड़कों इंटरलॉकिंग मार्ग और नाली निर्माण कार्यों का नारियल तोड़कर विधि विधान से शुभारम्भ के दौरान कही। इंदिरा प्रियदर्शनी वार्ड के बाबू जोध सिंह पार्क शिवाजीपुरम में विधायक ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि कन्या विद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव उनके द्वारा मुख्यमंत्री को भेजा जा चुका है। इस प्रस्ताव के पास होने पर क्षेत्र की छात्राओं को सुगमता से स्थानीय स्तर पर ही उच्च शिक्षा प्राप्त हो सकेगी। अभी तक उच्च शिक्षा के लिए स्थानीय कन्याओं को अपने क्षेत्र से 10 किलोमीटर दूर इंदिरा नगर के सेक्टर 14 में जाना पड़ता है। इंदिरा प्रियदर्शनी वार्ड में शहरी आबादी और ग्रामीण क्षेत्र दोनों ही जुड़ा हुआ है, इंदिरा प्रियदर्शनी वार्ड के पार्षद रामकुमार वर्मा समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग इस अवसर पर मौजूद रहे।

# मार्शल बहाली पर आप-भाजपा में तीखी नोंकझोक

● विधानसभा मे दोनों दलों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


विस सत्र के पहले दिन सदन की ओर जाती सीएम आतिशी। फोटो: रंजन डिमरी

दिल्ली विधानसभा के पांच साल के कार्यकाल के अंतिम सत्र के पहले दिन शुक्रवार को बस मार्शलों को हटाने के मुद्दे पर सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए। मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि मार्शलों को बहाल करने का प्रस्ताव उपराज्यपाल के पास लंबित है।

इस मुद्दे पर चर्चा में भाग लेते हुए आतिशी ने कहा कि अगर उपराज्यपाल वीके सक्सेना 10,000 बस मार्शलों की बहाली के प्रस्ताव को मंजूरी देने के लिए राजी हो जाएं तो आम आदमी पार्टी (आप) रोहिणी विधानसभा सीट से विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता के खिलाफ कोई उम्मीदवार नहीं उतारेगी। हल्के-फुल्के अंदाज में मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यदि गुप्ता प्रस्ताव उपराज्यपाल से स्वीकृत करा देते हैं तो वह चुनाव में उनके लिए प्रचार करेंगी। उन्होंने आप संयोजक अरविंद केजरीवाल का बचाव किया, जिन पर भाजपा ने नवंबर 2023 से बस मार्शलों को हटाने का निर्देश देने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि 20 अक्टूबर 2023 को लिखे अपने पत्र में केजरीवाल ने कहा था कि बस मार्शलों को नहीं हटाया जाना चाहिए और उनके वेतन का भुगतान रोकने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

सत्तारूढ़ आप विधायकों ने भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने उपराज्यपाल के जरिए बस मार्शलों को हटवाया और इस तरह उनके परिवारों के लिए आजीविका की समस्या पैदा कर दी।

भाजपा विधायकों ने पलटवार करते हुए कहा कि बस मार्शलों को तत्कालीन मुख्यमंत्री केजरीवाल के निर्देश पर हटाया गया था और अब आप उनकी बहाली को लेकर राजनीति कर रही है। भाजपा विधायक अभय वर्मा ने सत्तारूढ़ पार्टी से सवाल किया कि अगर वह बस मार्शलों को उनकी नौकरी वापस नहीं दे सकती तो वह सत्ता में क्यों है। गुप्ता ने आतिशी से जवाब मांगते हुए कहा कि आप सरकार ने बस मार्शलों को तैनात किया और फिर उन्हें हटा दिया। विपक्ष के नेता ने कहा, यह आश्चर्यजनक है कि सत्तारूढ़ पार्टी कह रही है कि विपक्षी भाजपा को बस मार्शलों को उनकी नौकरी वापस देनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि बस मार्शलों को नियमित करने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा सुझाई गई समिति अभी तक गठित नहीं की गई है।

शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने गुप्ता पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्होंने बस मार्शलों की बहाली के लिए मुख्यमंत्री के साथ उपराज्यपाल से मिलने से बचने की कोशिश की।

## आतिशी गुमराह करना बंद करें : वीरेंद्र सचदेवा



**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शुक्रवार को कहा कि विधानसभा में मुख्यमंत्री आतिशी ने भी दिल्ली की जनता खासकर बस मार्शलों को गुमराह करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि एलजी ने अक्टूबर अंत में स्पष्ट रूप से निर्देश दिया था की सिविल डिफेंस वॉलंटियरस को 4 माह के लिये प्रदूषण नियंत्रण ड्यूटी पर लगाया जाये और इस बीच में दिल्ली सरकार वॉलंटियरस की सेवाएं नियमित करने का प्रशासनिक प्रस्ताव तैयार करें। भाजपा नेता ने कहा कि आतिशी ने विधानसभा की बैठक का लम्बे राजनीतिक भाषण के लिए तो इस्तमाल किया पर वॉलंटियरस की ड्यूटी कब कैसे नियमित होगी इसपर एक शब्द नही बोला। उन्होंने कहा है की सीएम आतिशी बस मार्शलों को गुमराह करना बंद करें उनकी सेवाएं नियमित करने के लिए बना प्रशासनिक प्रस्ताव सार्वजनिक करें।

## 'विपक्ष की आवाज दबा रही है सरकार'

● नियम 280 के तहत भाजपा विधायकों के प्रस्ताव स्वीकार करने के बावजूद उन्हें सदन में बोलने नहीं दिया गया : विजेंद्र गुप्ता


सदन के बाहर नारेजारी करते नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता व अन्य विधायक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आम आदमी पार्टी की सरकार पर विपक्षी विधायकों की आवाज को दबाने का आरोप लगाते हुए कहा कि आप सरकार द्वारा अपनी गलतियों और असफलताओं को छुपाने के लिए भाजपा विधायकों को सदन में बोलने का मौका नहीं दिया गया।

नियम-280 के अंतर्गत भाजपा विधायकों ओम प्रकाश शर्मा, मोहन सिंह बिष्ट, जितेंद्र महाजन, अभय वर्मा, अजय महावर और अनिल बाजपेई द्वारा विधानसभा अध्यक्ष को दिए गए नोटिस को स्वीकार करने के बावजूद उन्हें सदन में बोलने और उसकी चर्चा करने की अनुमति नहीं दी गई। गुप्ता ने आरोप लगाया कि विपक्ष को बोलने का मौका न देने की मंशा के चलते लोकसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल द्वारा नियम-280 के प्रावधान को ही सदन की कार्यवाही से निकाल दिया गया। विरोधस्वरूप विपक्षी विधायकों ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार कर दिया।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा के विपक्ष अरविंद केजरीवाल के शीशमहल पर करोड़ों रुपये के भोग-विलासिता के संसाधन जुटाये जाने, रोहिंग्याओं को वोटर कार्ड जारी करने और उन्हें वोटर लिस्ट में शामिल करने, कैग की लंबित पड़ी 14 रिपोर्टस को सदन पटल में रखने जैसे मुद्दों पर चर्चा करना चाहता था और सरकार से इन सभी मुद्दों पर जवाब मांगना चाहता था, लेकिन सत्तापक्ष आम आदमी पार्टी की ओर से उनकी आवाज को दबा दिया गया और उन्हें इन मुद्दों पर बोलने की अनुमति नहीं दी गई। सरकार का यह रवैया शर्मनाक है। आम आदमी पार्टी अपनी जिम्मेदारियों से बचना चाहती है और इसीलिए इस सत्र में प्रश्नकाल का प्रावधान ही नहीं रखा गया। इस साल विधानसभा के जितने भी सत्र बुलाये गए उसमें एक बार भी प्रश्नकाल की व्यवस्था नहीं की गई।

यह विधायकों के संवैधानिक अधिकारों का हनन है। विधायक अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के प्रति उत्तरदायी होते हैं और यह सदन ही एक ऐसा मंच है जिसके माध्यम से सभी विधायक प्रश्नकाल में अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हैं और उसके समाधान की मांग करते हैं।

# विधानसभा में कैग रिपोर्ट पेश करने में देरी से एलजी नाराज

● उपराज्यपाल ने मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखकर जताई चिंता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट विधानसभा में पेश करने में देरी पर मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखकर चिंता जताई है। उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि वह सार्वजनिक जांच से बचने के लिए जानबूझकर कई रिपोर्ट को दबाकर बैठी है।

पत्र में कड़े शब्दों का इस्तेमाल करते हुए सक्सेना ने कहा कि सीएजी (कैग) कार्यालय की ओर से त्वरित कार्रवाई के अनुरोध वाले कई अनुस्मारक भेजे गए हैं। सक्सेना ने लिखा, मैं सीएजी रिपोर्टों को विधानसभा के पटल पर न रखे जाने के मुद्दे पर आपका तत्काल ध्यान आकर्षित करने के लिए लिख रहा हूं, जो सत्ता में सरकार की जवाबदेही के संवैधानिक ढांचे का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

उन्होंने इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि रिपोर्ट शुक्रवार को विधानसभा में पेश नहीं की गई, जबकि फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इसके आखिरी सत्र होने की संभावना है। सक्सेना ने इस देरी को संवैधानिक रूप से घोर अनुचित कृत्य बताया।

पत्र में उन्होंने लिखा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सरकार ने जानबूझकर इस संवैधानिक मानदंड का पालन नहीं करने का फैसला किया है, ताकि सरकार के प्रदर्शन के खुलासे और सार्वजनिक जांच से बचा जा सके।

उपराज्यपाल ने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के समक्ष बार-बार उठाया। सक्सेना ने आतिशी की तारीफ भी की और कहा, आप शानदार शैक्षणिक योग्यता रखने वाली एक कुशल राजनीतिक नेता हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि आप मेरी सलाह मानेंगी और विधानसभा के चालू सत्र के दौरान जनता के भरोसे को बरकरार रखेंगी।

अधिकारियों के अनुसार, जून 2022 से प्राप्त 12 सीएजी रिपोर्ट अभी तक पेश नहीं की गई हैं। ये रिपोर्ट राज्य के वित्त, वाहन से होने वाले वायु प्रदूषण की रोकथाम, सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे, शराब विनियमन और 2020-21 के वित्तीय खातों जैसे प्रमुख क्षेत्रों से संबंधित हैं।

## सिख दंगा: सज्जन कुमार पर फैसला 16 दिसंबर को

● सरस्वती विहार इलाके में दो लोगों की हुई थी हत्या

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत 1984 के सिख-विरोधी दंगों के सिलसिले में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार के खिलाफ हत्या के एक मामले में 16 दिसंबर को अपना फैसला सुनाएगी।

यह मामला सिख-विरोधी दंगों के दौरान सरस्वती विहार इलाके में दो लोगों की कथित हत्या से जुड़ा है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा को शुक्रवार को आदेश पारित करना था, लेकिन उन्होंने यह कहते हुए इसे टाल दिया कि फैसला तैयार नहीं है। अदालत ने एक नवंबर, 1984 को जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या से संबंधित मामले में अंतिम दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। हालांकि पंजाबी बाग पुलिस स्टेशन ने शुरू में मामला दर्ज किया था, लेकिन बाद में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) ने जांच अपने हाथ में ले ली थी। अदालत ने 16 दिसंबर, 2021 को कुमार के खिलाफ आरोप तय किए, जिसमें उनके खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला पाया गया।

## सड़क का एक हिस्सा धंसने से अशोक रोड पर यातायात प्रभावित

**नई दिल्ली।** लुटियंस दिल्ली के अशोक रोड पर शुक्रवार सुबह सड़क का एक हिस्सा धंस जाने से यातायात प्रभावित हुआ। पुलिस ने यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विंडसर प्लेस के पास सड़क धंस जाने के कारण अशोक रोड पर यातायात प्रभावित है। यह मार्ग सी-हेक्सागन से विंडसर प्लेस की ओर जाता है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र से वाहनों की आवाजाही न हो इसलिए यहां अवरोधक लगा दिए गए हैं। अधिकारी ने बताया कि गड्ढे को ढंक दिया गया है जिससे मार्ग के इस हिस्से पर यातायात को सुचारु किया जा सके। उन्होंने बताया कि शेष काम बाद में किया जाएगा।सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि सड़क धंस जाने के कारण वहां एक बस फंस गई, हालांकि बाद में क्रेन की मदद से उसे हटा दिया गया।

## चोरी के मामले में पांच गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** अलग-अलग स्थानों पर लाखों की चोरी के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पहला मामला नजफगढ तो दूसरा कल्याणपुरी का है। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि गत 12 नवंबर को नजफगढ़ थाने में चोरी की शिकायत मिली थी। आरोपी सोने व चांदी के लाखों के गहने चुरा ले गए थे। त्रिलोकपुरी में पीड़ित अजय कुमार अपने घर में ताला बंद करके वह परिवार समेत कहीं गए हुए थे।

## अहिल्याबाई ने की संस्कृति की पुर्नस्थापना

● पुस्तक विमोचन और व्याख्यान का आयोजन

पायनियर समार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज में शुक्रवार को शैक्षिक फाउंडेशन एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के संयुक्त संयोजन में 'अहिल्याबाई होल्कर-एक आदर्श साम्राज्ञी' पुस्तक का विमोचन एवं व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अतिथि ज्योति चौथाईवाले ने अपने वक्तव्य में कहा अहिल्याबाई होल्कर का जीवन मातृत्व, कृत्रित्व, व्यक्तित्व की उदाहरण व भारतीय बोध से परिपूर्ण है। प्रो. शशिकला वंजारी (कुलपति, राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान) ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर जनता की समस्याओं का समाधान करते हुए वे लोकमाता कहलाईं। मुख्य अतिथि प्रो. शशिप्रभा कुमार ने कहा कि यह पुस्तक अहिल्याबाई होल्कर के लोकमाता, साम्राज्ञी, युद्धकला में निपुड़ता, जीवन संघर्ष, करुणामयी जीवन, परोपकारी जीवन, दूरदृष्टि आदि का संक्षिप्त दस्तावेज है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्रो. गीता भट्ट (महामंत्री, एबीआरएसएम एवं निदेशक, एनसीडबल्यूईबी ने सभी वक्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महेंद्र कपूर, प्राचार्य प्रो. दिनेश खट्टर, प्रो. मनोज सिन्हा, प्रो. राकेश पाण्डेय, प्रो. मनोज खन्ना, प्रो. राजीव अग्रवाल, प्रो. अवधेश कुमार मौजूद रहे।

## मुनरिका में वेश्यावृत्ति गिरोह का भंडाफोड़, पांच महिलाओं को बचाया

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम हिस्से में वेश्यावृत्ति के एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच महिलाओं को बचाया गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस मामले में 45 वर्षीय एकमहिला को गिरफ्तार किया गया है। वह दलाल का काम करती थी।

उन्होंने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सबूत जुटाने के लिए फर्जी ग्राहकों का इस्तेमाल किया और 26 नवंबर को मुनिरका गांव में रामा बाजार के पीछे एक घर में छापेमारी कर वेश्यावृत्ति गिरोह का भंडाफोड़ किया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी महिला को फर्जी ग्राहक से दो हजार रुपए लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। इस गिरोह से बचाई गई सभी महिलाओं की उम्र 24 से 36 वर्ष के बीच है और वे पश्चिम बंगाल की रहने वाली हैं।

## आप सांसदों का संसद परिसर में प्रदर्शन

● विरोध में टीएमसी के सासंद भी शामिल हुए, बाकी दलों का भी साथ लेंगे : संजय सिंह

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


कानून व्यवस्था को लेकर संसद के बाहर नारेबाजी करते संजय सिंह व अन्य।

दिल्ली की कानून-व्यवस्था को लेकर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसदों ने संसद परिसर में शुक्रवार को प्रदर्शन किया। आप सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में इंडिया गुट के घटक दल टीएमसी के सांसद भी मौजूद रहे।

सभी सांसदों ने केंद्रीय गृह मंत्री और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सांसदों ने गृहमंत्री से दिल्ली में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर सदन में आकर जबाव देने की मांग की। सिंह ने कहा कि राजधानी अपराधों की राजधानी बन गई है। इस पर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को जबाव देना चाहिए।

सिंह ने कहा कि उन्होंने सदन में नोटिस देकर गृह मंत्री से दिल्ली की कानून-व्यवस्था पर जवाब देने की मांग की है। संजय सिंह ने कहा कि राजधानी दिल्ली में वैसे हालत हैं, जैसे 90 के दशक में माफिया के राज में मुंबई में होते थे। वो स्थिति राजधानी में बन चुकी है। इसलिए शुक्रवार को 267 का नोटिस दिया है कि सदन में आकर गृह मंत्री कानून-व्यवस्था पर जवाब दें। यहां पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री रहते हैं। गृह मंत्री की नाक के नीचे उनके घर के आसपास के दस किलोमीटर के अंदर रोज हत्या हो रही है, बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं। लेकिन केंद्र इसे संभालने में पूरी तरह नाकाम साबित हुए हैं।

## जनता चाहती है कांग्रेस सत्ता में आए : देवेंद्र यादव


**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली न्याय यात्रा के चौथे चरण में 22वें दिन राष्ट्रीय ध्वज फहराकर न्याय योद्धाओं के साथ मुखर्जी पार्क सब स्टेशन राजौरी गार्डन विधानसभा से यात्रा को लेकर आगे बढ़े।

देवेंद्र यादव ने कहा कि अभी 50 विधानसभाओं में मिली सफलता के बाद दिल्ली न्याय यात्रा के साथ अधिक संख्या में दिल्ली की जनता, कांग्रेस समर्थक, कांग्रेस कार्यकर्ता और न्याय योद्धा अधिक उर्जावान दिखाई दे रही थी। दिल्ली न्याय यात्रा में उत्साहित जनसमूह की मौजूदगी के बाद साबित हो रहा है कि दिल्ली की जनता यह निर्णय ले चुकी हैं कि सत्ता परिवर्तन और बदलाव का अकेला विकल्प कांग्रेस पार्टी है। न्याय यात्रा में प्रदेश सांसद रमेश कुमार, अमरिन्दर सिंह राजा वडिंग, सुखविन्दर सिंह आदि शामिल रहे।

## जेएनयू को 2017 से यौन उत्पीड़न की 151 शिकायत मिलीं

● यह जानकारी सूचना का अधिकार आवेदन के जरिए प्राप्त आंकड़ों से मिली है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में 2017 से यौन उत्पीड़न की 151 शिकायत दर्ज की गई हैं। यह जानकारी सूचना का अधिकार आवेदन के जरिए प्राप्त आंकड़ों से मिली है। जेएनयू की आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) ने 2017 में ही उत्पीड़न विरोधी लैंगिक संवेदनशीलता समिति (जीएससीएएसएच) का स्थान लिया था। विश्वविद्यालय का दावा है कि उसने इनमें से लगभग 98 प्रतिशत शिकायतों का समाधान कर दिया है तथा केवल तीन मामलों की ही जांच जारी है।

बहरहाल, जब शिकायतों की प्रकृति और आरोपियों के खिलाफ की गई कार्वाई के बारे में पूछा गया तो जेएनयू ने गोपनीयता का हवाला देते हुए जानकारी देने से इनकार कर दिया। जीएससीएएसएच को 2017 में समाप्त करने का निर्णय एक विवादास्पद मुद्दा रहा है। जेएनयू छात्र संघ और शिक्षक संघ इसकी बहाली की लगातार मांग कर रहे हैं।

उनका तर्क है कि आईसीसी में पारदर्शिता और स्वायत्तता का अभाव है जबकि जीएससीएएसएच में ये दोनों हैं। उनका कहना है कि आईसीसी प्रशासनिक प्रभाव के तहत काम करती है, जिससे इसकी प्रक्रियाओं में विश्वास कम होता है। आंकड़ों से पता चलता है कि एक साल में सबसे अधिक मामले 2018-19 में दर्ज किए गए। इस अवधि में 63 शिकायत दर्ज की गईं। आईसीसी के गठन से पहले, 2016 में जूएनयू को 38 रिकॉर्ड शिकायत मिली थीं।

कोविड-19 महामारी के दौरान इन मामलों में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई और 2019 एवं 2021 के बीच केवल छह शिकायत दर्ज की गईं। ऐसी संभावना है कि इस दौरान परिसर में गतिविधियां कम होने के कारण ऐसा हुआ।

हाल के वर्षों में संख्या में वृद्धि हुई है, 2022-23 और 2023-24 में 30-30 शिकायत दर्ज की गईं। आंकड़ों के अनुसार, 2017-18 में 17 मामले, 2018-19 में 63, 2019-20 में पांच, 2020-21 में एक और 2021-22 में पांच मामले दर्ज किए गए।

दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने 2015 में पाया था कि शहर के शैक्षणिक संस्थानों में यौन उत्पीड़न की शिकायतों के सबसे अधिक मामले जेएनयू में सामने आए और 2013 से 2015 के बीच तीन साल की अवधि में 51 मामले दर्ज किए गए जो इस अवधि के दौरान दिल्ली के शैक्षणिक संस्थानों में मिली कुल शिकायतों का लगभग 50 प्रतिशत था।

हाल में कई मामलों ने जेएनयू को गहन जांच के दायरे में ला दिया है। द्वितीय वर्ष की एक छात्रा ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों से की गई यौन उत्पीड़न की उसकी शिकायत पर कथित निष्क्रियता के बाद अप्रैल में लगातार 12 दिन तक परिसर में अनिश्चितकालीन हड़ताल की थी। बाद में पीड़िता और उसके समर्थकों को विरोध प्रदर्शन करने के लिए विश्वविद्यालय ने दंडित किया था। अक्टूबर में, 47 छात्राओं ने परिसर में एक कार्यक्रम के दौरान हुए उत्पीड़न और हिंसा के संबंध में आईसीसी के समक्ष संयुक्त शिकायत दर्ज कराई थी। इसी तरह, अप्रैल में, छात्र संघ ने दावा किया कि विश्वविद्यालय में चीनी और दक्षिण-पूर्व एशियाई अध्ययन केंद्र की एक छात्रा का उसके प्रोफेसर ने यौन उत्पीड़न किया।

# प्रदूषण, ग्रैप-4 की मार से कारोबार व उद्योग प्रभावित

● पिछले 1 महीने में लगभग 2500 करोड़ रुपए के व्यापार का नुकसान

● बाजार में मंदी के कारण दुकानदार भी थोक व्यापारियों से नहीं खरीद रहे माल

संजय राय। नई दिल्ली



दिल्ली एनसीआर में बढ़ रहे वायु प्रदूषण का बुरा असर दिल्ली के व्यापार और उद्योग पर भी पड़ रहा है। प्रदूषण के कारण लगे ग्रैप 4 और अन्य प्रतिबंधों के कारण व्यावसायिक वाहन और बड़ी संख्या में हल्के वाहन भी नहीं चल पा रहे हैं। दिल्ली के बाहर से आने वाले वाहनों में भी काफी कमी आई है, इसका सीधा असर व्यापार, उद्योग और पर्यटन पर पड़ रहा है। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) चेयरमैन बृजेश गोयल और अध्यक्ष सुभाष खंडेलवाल ने बताया कि खराब वायु गुणवत्ता का असर खुदरा बाजारों पर भी देखने को मिल रहा है। वायु गुणवत्ता सूचकांक बहुत खराब और गंभीर श्रेणी के बीच है। जिसके चलते अधिकांश लोग खरीदारी के लिए बाजारों में आने से परहेज कर रहे हैं। जहां रोजाना दिल्ली एनसीआर से 3 से 4 लाख लोग खरीददारी के लिए राष्ट्रीय राजधानी आते थे, प्रदूषण के कारण इनकी संख्या घटकर 1 लाख रह गई है। इसके साथ ही दिल्ली के स्थानीय खरीददार भी बाजारों में आकर खरीददारी करने से बच रहे हैं और ऑनलाइन खरीददारी को प्राथमिकता दे रहे हैं। इसके कारण रोजाना दिल्ली के व्यापार को लगभग 100 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। पिछले एक महीने में लगभग 2500 करोड़ रुपए के व्यापार के नुकसान का अनुमान है।

सीटीआई महासचिव गुरमीत अरोड़ा और वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक गर्ग ने बताया कि निर्माण कार्यों पर भी प्रतिबंध के कारण काम में देरी हो रही है जिससे लागत बढ़ने की आशंकाएं है, इसके अलावा मजदूरों के सामने भी रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। गोयल ने बताया कि ये शादी और पर्यटन का सीजन है लेकिन दिल्ली में 200 से अधिक इवेंट्स प्रदूषण के कारण स्थगित हो गये है और बाहर के लोग भी इस समय इवेंट्स और कार्यक्रम करने से परहेज कर रहे हैं।

# महाकुंभ में श्रद्धालुओं की स्वास्थ्यरक्षा का विशेष ध्यान

- देखभाल करेंगे एम्स और आर्मी के विशेषज्ञ चिकित्सक
- 24 घंटे तैनात रहेंगे डॉक्टर, अनलिमिटेड ओपीडी की होगी क्षमता
- पृथक मेल, फीमेल और चिल्ड्रन वार्ड किए जा रहे तैयार
- सौ बेड का अस्पताल परेड ग्राउंड में और 25 25 बेड के अस्पताल झूंसी और अरैल में

**संवाददाता।** प्रयागराज

**महाकुम्भ** में देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की देखभाल के लिए इस बार विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप स्वस्थ महाकुम्भ की योजना को साकार करने के लिए मेला क्षेत्र में युद्ध स्तर की तैयारी की जा रही है। इस बार के महाकुंभ में श्रद्धालुओं से लेकर महात्माओं तक के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की बड़े पैमाने पर तैनाती की जा रही है। इसी क्रम में यहां प्रयागराज के परेड ग्राउंड में सौ बेड का अस्पताल तैयार किया जा रहा।

वहीं इस बार महाकुम्भ में श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए एम्स रायबरेली और आर्मी अस्पताल के स्पेशलिस्ट डॉक्टर तैनात किए जा रहे हैं। परेड क्षेत्र में बन रहे सौ बेड वाले अस्पताल की जिम्मेदारी देख रहे वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ गौरव दुबे कहते हैं कि महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न आने पाए इसके लिए हमारी तैयारी पुख्ता है। परेड ग्राउंड में सौ बेड का अस्पताल लगभग 70 फीसदी बनकर तैयार है। 13 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम से पहले जरूरी इंतजाम पूरे करने के लिए 24 घंटे काम चल रहा है।

मेला के दौरान यहां 24 घंटे डॉक्टरों की तैनाती रहेगी। जहां अनलिमिटेड ओपीडी की क्षमता के हिसाब से सुविधाएं मौजूद रहेंगी।

### डिलीवरी रूम और इमरजेंसी वार्ड की भी सुविधा

**प्रयागराज।** महाकुम्भ में मेल फीमेल और चिल्ड्रन वार्ड अलग अलग तैयार किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त डिलीवरी रूम इमरजेंसी वार्ड और डॉक्टर्स रूम भी रहेंगे। जांचों की भी विशेष व्यवस्था होगी। जिससे यहां आने वाले किसी एक भी व्यक्ति को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। विशेष तौर पर सामान्य जांच के बाद मरीज को तत्काल दवा उपलब्ध कराने का भी पूरा इंतजाम रहेगा। इसके साथ ही विशेष सुविधाओं वाले बीस बीस बेड के आठ छोटे अस्पताल भी श्रद्धालुओं की देखभाल के लिए तैयार किया जा रहे हैं। मेला क्षेत्र और अरैल में दस दस बेड के दो आईसीयू आर्मी हॉस्पिटल की ओर से बनाए जा रहे हैं।

जहां श्रद्धालुओं को हर प्रकार की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। वहींए झूंसी के 25 बेड वाले अस्पताल में 10 बेड का आईसीयू एम्स रायबरेली बनाएगा जहां 24 घंटे मरीजों के स्वास्थ्य की देखभाल की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम में 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अंदाजा है। जिसके मद्देनजर सभी को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लक्ष्य है। इसी उद्देश्य के तहत देश विदेश से महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की जा रही है। इसमें सामान्य अस्पतालों के अलावा संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए भी दो अस्पतालों का इंतजाम किया गया है। जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की जाएगी।

# नेट परीक्षा हुई सम्पन्न बीएसए ने किया निरीक्षण

**बीजपुर, सोनभद्र।** पूरे प्रदेश में एक साथ आयोजित होने वाली नेट परीक्षा शुक्रवार को समुचित ढंग से सम्पन्न हो गई। जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालयों में पहले दिन की नेट परीक्षा में कक्षा 1 से 3 तक के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। निपुण भारत लक्ष्य अभियान के तहत विद्यालयों में पढ़ने वाले एक-एक छात्र को निपुण बनाने के लिए कमर कस चुके जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा को सम्पन्न कराने के लिए एक माह पहले से तैयारी किया जा रहा था। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी म्योरपुर विश्वजीत कुमार द्वारा म्योरपुर ब्लॉक के सभी न्याय पंचायतो में हेल्प डेस्क और नोडल नियुक्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पाण्डेय द्वारा भी शुक्रवार को म्योरपुर के समीप स्थित कई विद्यालयों पर पहुंच कर नेट परीक्षा का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

# कोर्ट के आदेश के डेढ़ माह बाद 18 पुलिसकर्मियों के विरुद्ध नंदगंज थाने में दर्ज हुआ मुकदमा

**संवाददाता।** गाजीपुर

**जनता** से अवैध वसूली का भंडाफोड़ करने पर सिपाही को अगवा कर उसकी हत्या का प्रयास किये जाने के गम्भीर मामले में सीजेएम गाजीपुर के आदेश पर 27 नवम्बर को नंदगंज थाने में 18 पुलिसकर्मियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर हुआ है।

पुलिस ने धारा 147ए 219ए 220ए 342ए 364ए 389ए 467ए 468ए 471 व 120.बी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। हालांकि सीजेएम का आदेश पूर्व में ही जारी हो गया था, लेकिन लम्बे समय तक पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज नहीं किया था। आखिरकार कोर्ट के आदेश के आगे नंदगंज थाना पुलिस को झुकना ही पड़ा। इस मामले में तकरीबन डेढ़ माह पूर्व ही सीजेएम गाजीपुर ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश जारी किया था। यह आदेश नंदगंज थाना पुलिस के लिए था। लेकिन लम्बे समय तक पुलिस आदेश को उलझाये रखी।

राजीव कुमार सिंह प्रभारी थाना कोतवाली, अजीत कुमार सिंह स्वाट टीम प्रभारी चंदौली, सत्येन्द्र कुमार यादव क्राइम ब्रांच प्रभारी मिर्जापुर, आनंद कुमार गौंड़ आरक्षी, राणा प्रताप सिंह आरक्षी, अमित सिंह आरक्षी, भुल्लन यादव मुख्य आरक्षी, देवेन्द्र कुमार सरोज सर्विलांस सेल चंदौली, नरीज कुमार मिश्रा सर्विलांस सेल चंदौली, सत्येन्द्र विक्रम सिंह कार्यवाहन प्रभारी निरीक्षक धानापुर चंदौली, अंकित सिंह आरक्षी बबुरी थाना चंदौली, आरक्षी गौरव सिंह सैयदराजा चंदौली, रोहित कुमार आरक्षी बबुरी चंदौली, मनोज कुमार मुख्य आरक्षी, आनंद सिंह मुख्य आरक्षी स्वाट टीम चंदौली, अजीत कुमार आरक्षी सर्विलांस सेल चंदौली, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वितीय वर्तमान जिला गौतमबुद्ध नगर पर केस दर्ज।

### यह है प्रकरण

आरक्षी अनिल कुमार सिंह निवासी शिवशंकर नगर कालोनी भुल्लनपुर थाना मडुवाडीह वाराणसी के अनुसार उसने मुगलसराय कोतवाली पुलिस द्वारा जनता से प्रतिमाह अवैध तरीके से 12,50,000 रुपये वसूलने के मामले को उजागर किया था। जिसकी जांच डीआईजी विजिलेंस ने की थी। जिसमें भ्रष्टाचार का पर्दाफाश भी हुआ था। ऐसे में तत्कालीन चंदौली एसपी ने सिपाही अनिल कुमार सिंह को बर्खास्त कर दिया था। इसके बाद सिपाही को फंसाने के लिए विभाग के लोगों द्वारा तमाम कवायदे हुई। इसी दौरान नंदगंज थाना क्षेत्र के बड़हरा गांव स्थित मेरी ससुराल से मुझे सादे वेष में आये पुलिसकर्मियों ने अगवा कर लिया था। जिसकी सूचना सिपाही की पुत्री द्वारा 112 डायल पर दी गई थी। बाद में उसे बबुरी थाने में ले जाकर उसके खिलाफ कूटरचित तरीके से कई फर्जी मुकदमे में फंसा दिया गया था। उसके परिवार के लोगों द्वारा इस सम्बंध में पुलिस अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई गई थी, लेकिन न्याय नहीं मिला।

# कृष्णानंद राय की 20वीं पुण्यतिथि पर अर्पित की गई श्रद्धांजलि



**गाजीपुर।** जनपद के मुहम्मदाबाद विधानसभा भाजपा विधायक स्वर्गीय कृष्णानंद राय एवं उनके सात साथियों जिसमें श्याम शंकर राय, रमेश राय, अखिलेश राय, निर्भय उपाध्याय, शेषनाथ पटेल, मुना यादव के 20वें शहादत दिवस पर हजारों की संख्या में लोगों ने अपनी पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने कहा कि आतातायियों से लड़ने के लिए काशी हिंदू विश्वविद्यालयकी छात्र राजनीति से मोहम्मदाबाद के विधायक बने स्वर्गीय कृष्णानंद राय एवं उनके साथियों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। स्वर्गीय कृष्णानंद राय की हत्यारे आज या तो परलोक में है या जेल के सलाखों के पीछे हैं और जो कुछ बचे हैं वह भी गले में पट्टा बांधकर अपने जान की भीख मांग रहे हैं। उपेंद्र तिवारी ने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार है कि उसके राज में प्रयागराज में अतीक अहमद से लेकर बिहार के सिवान के शहाबुद्दीन एवं गाजीपुर के मुख्तार अंसारी तक का सफाया हो चुका है।

कृष्णानंद राय की पत्नी एवं पूर्व विधायक अलका राय ने श्रद्धांजलि सभा में कहा कि मुख्तार अंसारी के सफाये से अभी अपराधियों के पेड़ की केवल एक टहनी कटी है। सभी को मिलकर इन अपराधियों को जड़ से उखाड़ फेंकना है।

# स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर अभियान चला रही योगी सरकार

- प्लास्टिक मुक्त महाकुम्भ को लेकर मिशन मोड में हो रहा काम
- 400 स्कूलों के प्राचार्यों के साथ स्वच्छता पर विशेष बैठक आयोजित की गई
- महाकुम्भ मेला ड्यूटी में कार्यरत पुलिसकर्मियों की सेहत का रखा जा रहा ध्यान

**संवाददाता।** प्रयागराज

**प्रयागराज** में आयोजित होने जा रहा महाकुम्भ केवल आध्यात्मिकता और आस्था का पर्व नहीं है बल्कि यह लाखों श्रद्धालुओं के लिए एक सांस्कृतिक और सामाजिक अनुभव भी है। इस बार महाकुम्भ को स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल बनाने की अनूठी पहल की जा रही है जिसके तहत प्लास्टिक फ्री महाकुम्भ का संकल्प लिया गया है। इस अभियान का उद्देश्य श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण प्रदान करना और प्लास्टिक के उपयोग को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करना है। इसके लिए सीएम योगी के निर्देश पर विभागीय समन्वय के साथ ही अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए विभिन्न दोना पत्तल विक्रेताओं को दुकान आवंटन कर पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को बढ़ावा दिया जा रहा है। जल्द ही आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी जिसके बाद मेला क्षेत्र पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त होगा और यहां सिर्फ दोना और पत्तल की ही बिक्री हो सकेगी। 400 स्कूलों के प्राचार्यों के साथ स्वच्छता पर विशेष बैठक आयोजित की गई है। छात्रों को स्वच्छता का संदेशवाहक बनाकर प्लास्टिक मुक्त महाकुम्भ की जागरूकता बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त चार लाख बच्चों और प्रयागराज के पांच गुना नागरिकों तक स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल महाकुम्भ की पहल को पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

महाकुम्भ मेला ड्यूटी में कार्यरत पुलिस कर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के उद्देश्य से एक विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 30 नवंबर शनिवार को पुलिस लाइन परेड कुंभ मेला प्रयागराज में आयोजित होगा। मालूम हो कि महाकुंभ में ड्यूटी करने वाले पुलिस कर्मियों पर बड़ी जिम्मेदारी होती है। उनकी सेवा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह चिकित्सा शिविर एक महत्वपूर्ण कदम है। इस शिविर के माध्यम से पुलिस कर्मियों को न केवल आवश्यक स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिलेगी बल्कि मानसिक तनाव से निपटने के लिए भी मार्गदर्शन दिया जाएगा। चिकित्सा शिविर 30 नवंबर को सुबह 11 बजे से शुरू होगा।

### गंगा सेवा दूतों की होगी तैनाती

**प्रयागराज।** 1500 से अधिक गंगा सेवा दूतों को तैनात किया जा रहा है। जो मेले में स्वच्छता अभियान चलाएंगे और श्रद्धालुओं को प्लास्टिक के उपयोग से बचने के लिए प्रेरित करेंगे। इनकी ट्रेनिंग की शुरुआत हो चुकी है और आवश्यकता का अनुसार इनकी संख्या में वृद्धि किए जाने की भी योजना है। प्लास्टिक मुक्त महाकुम्भ के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हर घर दस्तक अभियान चलाया जा रहा है ताकि हर व्यक्ति इस पहल में सहभागी बन सके। इसके साथ ही सभी सुविधा पर्चियों में प्लास्टिक फ्री महाकुम्भ का संदेश दिया जा रहा है ताकि श्रद्धालु जागरूक रहें और प्लास्टिक का उपयोग न करें।

# केंद्रीय विद्यालय के छात्रों ने उच्चारण विधि से पढ़ने एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत लघु नाटिका की प्रस्तुत



**चन्दौली।** केंद्रीय विद्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के विद्यार्थी राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अम्लीय जामा पहनाने के क्रम में समुदायिक सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत अपने शिक्षकों, उपप्राचार्य व प्राचार्य के नेतृत्व में अलीनगर स्थित सम्मान शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र का भ्रमण किया । तथा वहां के विशेष विद्यार्थियों के साथ कई प्रकार के कार्यक्रम कर दोनों संस्थानों नें अपनी सहभागिता दर्ज की। इस दौरान दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों नें एक दूसरे की पढ़ाई की विधि साझा की जिसमें सम्मान शिक्षक केंद्र के बच्चों में विशेष सांकेतिक भाषा में लिखना एवं पढ़ना बतायाए मिट्टी से विभिन्न प्रकार के खिलौने बनाना बताया और अपने दिन भर की गतिविधि से परिचित कराया। केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने उच्चारण विधि से पढ़ना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत लघु नाटिका प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों को तैयार कराने में मीडिया प्रभारी चारू भारद्वाज का विशेष योगदान रहा। दोनों विद्यालयों के प्राचार्यों नें एक दूसरे के विद्यार्थियों को पुरस्कार भी वितरित किए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत इस प्रकार के कार्यक्रमों से एक दूसरे के संसाधनों का एवं क्षमता का उपयोग कर विद्यार्थी और बेहतर कर पायेंगे इस सोच को पूरा करने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

# स्वावलम्बन से होता है आत्मविश्वास की भावना का उदय: आरपी सिंह

**संवाददाता।** सोनभद्र



**हिण्डालको** रेनुसागर ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित स्वायलम्बन कार्यक्रम के तहत संसाधन विहीन 80 ग्रामीणों को उपकरण वितरण कर जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभाविन्त किया गया। जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त 20 महिलाओ को सिलाई मशीन ,15 मेधावी छात्रों को सोलर लैम्प ,कृषि कार्य हेतु 10 समूह को स्प्रे मसीन, 15 छात्रों को पठन पाठन सामाग्री एवं म्यूजिकल इस्टूमेंट वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एसडीएम दुद्धी निखिल कुमार यादव, सीओ पिपरी अमित कुमार एवं हिण्डालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह एवं एच आर हेड शैलेश विक्रम सिंह द्वारा संयुक्त रूप दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

आदित्य विड़ला इंटरमीडिएट कालेज रेनुसागर के बच्चों नें स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुये ग्रामीण विकास विभाग के प्रभारी अनिल कुमार झा ने ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किये गए कार्य पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर हिण्डालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह ने कहा कि स्वावलम्बन से हमारे अंदर आत्म-विश्वास की भावना का उदय होता है। ग्रामीणों के स्वास्थ्यशिक्षा, आजीविका ,सामाजिक सुधार एवं महिला सशक्तिकरण के अलावा कौशल विकाश पर केंद्रित प्रोजेक्ट के माध्यम से स्थानीय मायने में ग्रामीण विकास विभाग रेनुसागर सकारात्मक प्रभाव पैदा करके संसाधन विहीन ग्रामीणों का सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान कर विकाश की मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य किया है जो सराहनीय है। मुख्य अतिथि सीओ पिपरी अमित कुमार ने कहा कि स्वायलम्बी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिये ग्रामीण विकास विभाग रेनुसागर का योगदान सकरात्मक रहा है जिसका श्रेय हिण्डालको प्रबंधन के सशक्त संरचना एवं प्रलेखित नीतियों और एक सुव्यवस्थित प्रक्रिया को जाता है।

# कार्यक्रम को दी जा रही है अहमियत

**प्रयागराज।** बस इतना सा ख्वाब में शामिल हुईं भूमिका गुरुंग कहती हैं। जी टीवी के शो में यह पहली बार है जब मैं किसी खलनायिका का रोल निभा रही हूं। अवनी की इस प्रेरणादायक कहानी को जानने के लिए देखिए बस इतना सा ख्वाब जल्द आ रहा है जी टीवी पर आएगा।अधिकांश घरों में गृहिणी का काम अक्सर अनदेखा रह जाता है छोटी छोटी बचत करना घर संभालना परिवार का ख्याल रखना है लेकिन उनकी इस खामोश पहल को कभी भी वो अहमियत नहीं दी जाती जैसी कमाने वाले के काम को दी जाती है। जी टीवी का नया शो बस इतना सा ख्वाब इसी जज़्बात को सामने लाता है। जिसमें अवनी त्रिवेदी की कहानी है। अवनी कानपुर की एक गृहिणी है। वो एक एक रुपए बचाती है और हर छोटी बड़ी जिम्मेदारी निभाती है। ताकि वो एक बड़ा घर खरीदने का अपने परिवार का सपना पूरा करने में मदद कर सके। पर इन सबके बावजूद उसकी तमाम कोशिशें अक्सर अनदेखी रह जाती हैं।

# अकबरपुर सभागार में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन

**संवाददाता।** अंबेडकर नगर



**नेहरू** युवा केंद्र अंबेडकर नगर एवं युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 28 नवंबर को देर शाम तक जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन बीएनकेवीपीजी कॉलेज अकबरपुर के सभागार मे किया गया। प्रधानमंत्री के सपनों के भारत निर्माण हेतु पंचपरण की थीम पर युवा उत्सव का उत्साह पूर्वक आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सौरभ शुक्लाए उपजिलाधिकारी सदर अंबेडकर नगर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर सिद्धार्थ पांडेए समन्वयक तथा प्रोफेसर सत्य प्रकाश त्रिपाठीए हिंदी विभाग अध्यक्ष बीएनकेवी पीजी कॉलेज उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे उपजिलाअधिकारी अकबरपुर को बुके, मोमेंटो एवं अंग वस्त्र प्रदान करके श्रीमती मीनू बोहरा द्वारा स्वागत एवं सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत एवं सत्कार किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा मां सरस्वती जी एवं युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया।

सरस्वती वंदना अंशिका एवं यशोदा द्वारा प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि का स्वागत गीतए गौरव शुक्ला द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम में तक्षशिला एकेडमी अकबरपुर द्वारा स्वागत के क्रम में सांस्कृतिक समूह लोकनृत्य की प्रस्तुति किया गया। जिला उत्सव का शानदार आयोजन के लिए अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि सौरभ शुक्ला उप जिलाधिकारी अकबरपुर ने कहा कि यह कार्यक्रम आयोजन संस्थाओं द्वारा बहुत ही अच्छी तरीके से मनाया जा रहा है। जिला उत्सव कार्यक्रम का आयोजन जनपद के युवाओं के लिए विकास का पत्थर साबित होगा। तथा इस उत्सव के आयोजन में विभिन्न विभिन्न विभागों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी एवं विज्ञान मेले का जो आयोजन किया गया है बहुत ही सुंदर एवं अच्छा है।

भारत सरकार द्वारा विभिन्न बिधाओ पर जैसे युवा कलाकार प्रतियोगिता में प्रथम विजेता जबीन खानए कविता प्रतियोगिता प्रथम विजेता स्तुति पांडेय, मोबाइल फोन फोटोग्राफी प्रतियोगिता प्रथम विजेता सृष्टि सिंहए पंचपरण भाषण प्रतियोगिता प्रथम विजेता इशिका मिश्रा, विज्ञान मेला समूह कार्यक्रम प्रथम विजेता अभिलाषा सिंह व अन्य, साईस मेला एकल प्रथम विजेता तेजस जायसवालए सांस्कृतिक समूह लोकनृत्य प्रथम विजेता टीम तक्षशिला एकेडमी एवं एकल लोकनृत्य प्रथम विजेता खुशी गुप्ता कार्यक्रमए लोग गायन समूह प्रथम विजेता तक्षशिला एकेडमी एवं एकल कार्यक्रम प्रथम विजेता साक्षी गौतमए युवा कलाकार कहानी प्रतियोगिता प्रथम विजेता पीयूष विश्वकर्मा जैसे 11 कार्यक्रमों का आयोजन नेहरू युवा केंद्र अंबेडकर द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में समस्त विजयी प्रतिभागियों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र तथा सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किया गया।

# एनसीएल में धूमधाम से मनाया गया 40वां स्थापना दिवस

- 196 कर्मियों को किया गया पदोन्नत
- एशियन गेम्स विजेता रामबाबू हुए सम्मानित
- सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**संवाददाता।** सोनभद्र




**गुरुवार** को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के 40वें स्थापना दिवस के अवसर पर एनसीएल मुख्यालय स्थित सिंगरौली स्टेडियम में केंद्रीय कार्यक्रम का भव्य किया गया। केंद्रीय कार्यक्रम के दौरान सीएमडी बी. साईराम ने अपने उद्बोधन में उत्पादन, उत्पादकता, पूँजीगत निवेश, हरित कोयला प्रेषण, परियोजना विस्तार, राजस्व भुगतान पर कंपनी की वर्तमान सोच से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने भविष्य की चुनौतियों को अवसर में बदलने के लिए मशीन लर्निंग जैसे नव-तकनीकी को अपनाने पर बल दिया।

इसके अतिरिक्त उन्होंने सिंगरौली को ऊर्जाधानी बनाने में एनसीएल की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया एवं एनसीएल कर्मियों से साँझा मूल्य आधारित कार्य-संस्कृति विकसित कर सभी कार्य-क्षेत्रों में और संगठन के प्रत्येक सोपान पर सतत मूल्य-संवर्धन हेतु आह्वान किया।

इस अवसर पर श्रमिक संघ प्रतिनिधियों ने कल्याण सुविधाओं के संदर्भ में सुझाव देते हुए एनसीएल को नव उत्कर्ष पर ले जाने में सहयोग का भरोसा दिया। 40वें स्थापना दिवस पर आयोजित केंद्रीय कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन एनसीएल के निदेशक मनीष कुमार ने दिया।

इस अवसर पर उन्होंने विगत वर्षों में सामुदायिक विकास व कर्मचारी कल्याण के क्षेत्र में एनसीएल द्वारा किए गए कार्यों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में एनसीएल सीएमडी, बी. साईराम एनसीएल के पूर्व सीएम ए. के. दास, एस. वी. चाओजी, टी. के. नाग, बी. आर. रेड्डी, पी. के. सिन्हा उपस्थित रहे।

एनसीएल के 40वें स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न संवर्गों जैसे सिविल, उत्खनन, विद्युत एवं यांत्रिकी, मिनिस्टीरियल, ई एंड टी, खनन, पैरामेडिकल एवं सुरक्षा में 196 कर्मियों की पदोन्नति के संदर्भ में कार्यालय आदेश भी निकले।

केंद्रीय कार्यक्रम के दौरान एनसीएल ने एशियन खेलों में कांस्य पदक विजेता रेस वॉकर रामबाबू को सम्मानित किया। सोनभद्र के मूल निवासी रामबाबू ने एनसीएल सीएसआर पहल के तहत 2018 में आयोजित ग्रामीण खेल शिविर में प्रशिक्षण लिया था।

एनसीएल के 40वें स्थापना दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में एनसीएल पोषित स्कूली बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सबका दिल जीत लिया। इस दौरान सारेगामापा की मशहूर गायिका माधुरी डे की सुंदर गायन प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र बनी। साथ ही द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज एवं हिन्दी सिनेमा के प्रतिष्ठित हास्य कलाकार एहसान कुरैशी की व्यंग्य प्रस्तुति से दर्शकों के चेहरे खिलखिला उठे।

# गैस की आग से झुलसी बालिका की दर्दनाक मौत

**बीजपुर, सोनभद्र।** स्थानीय थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम सभा जरहाँ के टोला सेवका डांड़ में आग से झुलस कर एक बालिका की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर सेवका डांड़ निवासी संतोष शर्मा की 14 वर्षीया पुत्री अंशिका कुमारी किसी खादय पदार्थ बनाने हेतु रसोई में गयी थी वो लाइटर से गैस चूल्हा जलाने लगी लेकिन लाइटर से गैस नही जला तो वो माचिस लेने दुकान पर चली गयी लेकिन वो गैस चूल्हे का बटन बंद करना भूल गयी थी जिससे धीरे धीरे पूरी रसोई में गैस भर गयी जब वो वापस आयी तो जैसे ही उसने माचिस की तीली जलायी रसोई में इक्कठा हुयी गैस ने आग का विकराल रूप ले लिया जिससे वो बुरी तरह झुलस गयी चीख पुकार सुनकर परिजन मौके पर दौड़ पड़े आनन फानन में उसे सिंगरौली हास्पिटल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गम्भीर देखते हुए बीएचयू के लिए रेफर कर दिया। बालिका के चाचा बसंत शर्मा ने बताया कि बीएचयू में इलाज के दौरान शुक्रवार की अलसुबह उसकी मौत हो गयी।

# माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला सम्मेलन का हुआ आयोजन

- शैक्षिक विकास का सरकारी नारा महज ढोंग: डॉ प्रमोद

**संवाददाता।** मीरज़ापुर



**उत्तर प्रदेश** माध्यमिक शिक्षक संघ का जिला सम्मेलन शुक्रवार को श्री शिवाजी नेशनल इंटर कॉलेज हांसीपुर में आयोजित हुआ, जिसमें शिक्षा की वर्तमान चुनौतियां और माध्यमिक शिक्षक विषय पर विचार विमर्श हुआ। इस मौके पर दूसरे जनपदों से स्थानांतरित 16 शिक्षकों तथा 31मार्च 2024 को सेवानिवृत्त शिक्षकों और प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ0 प्रमोद कुमार मिश्र ने कहा कि सरकार का शैक्षिक विकास का नारा महज एक ढोंग है। प्रदेश सरकार और सरकारी मशीनरी शिक्षकों को अपमानित कर रही है। शिक्षकों की 14 परिलब्धियां छीन ली गईं। आठवें वेतन आयोग का गठन नहीं किया जा रहा। शिक्षकों को धोखे में रखकर धारा 18 और 21 हटा दिया गया। इसके लिए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के स्थान पर शिक्षा सेवा आयोग गठित कर दिया गया। डॉ0 मिश्र ने कहा कि राजनीतिक दलोंए विशेषकर सत्ता दल ने शिक्षकों को भ्रमित कर सत्ता बल से अपने कार्यकर्ताओं को शिक्षक एमएलसी बनवा लिया। ये एमएलसी अब विद्यालयों को प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बनाने के लिए सरकार को पत्र लिख रहे हैं।


मंडल अध्यक्ष केदार नाथ दूबे ने कहा कि शिक्षक अपनी समस्याओं को लेकर यदि सरकार के समक्ष गंभीरता से नहीं खड़े होंगे तो सरकार माध्यमिक शिक्षा का अस्तित्व समाप्त कर देगी।

अध्यक्षीय उद्बोधन में जिलाध्यक्ष सत्यभूषण सिंह ने राष्ट्र निर्माण के लिए आह्वान किया। जिलामंत्री का प्रतिवेदन देते हुए डॉ0 रमा शंकर शुक्ल ने कहा कि आंदोलन संगठन की आत्मा और खुराक है। इसे बनाए रखना आवश्यक है। स्वागत एवं आभार प्रकाशन विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 विवेकानंद द्विवेदी ने किया।

# एक देश एक पंजीकरण

## गेम चेंजर योजना

**एक** देश एक पंजीकरण-ओएनओएस योजना देश के अकादमिक क्षेत्र में गेम-चेंजर होगी। इसने विद्वानों व शोधकर्ताओं में बहस को जन्म दिया है। 'वन नेशन' की श्रृंखला में इस नवीनतम योगदान का संबंध अकादमिक जर्नलों के पंजीकरण से है। भारत सरकार द्वारा हाल में 'वन नेशन वन सब्स्क्रिप्शन'-ओएनओएस को मंजूरी देने से योजना पर अकादमिक और शोध क्षेत्रों में काफी बहस हुई है। भारतीय अकादमिक क्षेत्र के लिए गेम-चेंजर कही जाने वाली इस योजना का लक्ष्य देश भर में उच्च शिक्षा और शोध संस्थानों के लिए अकादमिक जर्नलों और प्रकाशनों की पहुंच सुनिश्चित करना है। इस पहल से लाभ की उम्मीद है क्योंकि इससे संसाधनों पर खर्च कम होगा तथा उनकी पहुंच बढ़ेगी, पर इसके क्रियान्वयन, अकादमिक स्वतंत्रता पर पड़ने वाले प्रभावों तथा इसकी जरूरत पर चिन्ता प्रकट की जा रही है। सूचना एवं लाइब्रेरी नेटवर्क-इन्फ्लिबनेट द्वारा 6,300 संस्थानों में प्रबंधित इस योजना में एक एकीकृत डिजिटल नेटवर्क के माध्यम से 30 प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रकाशकों के 13,000 ई-जर्नलों तक पहुंच बनेगी। पहले तीन साल में इसके लिए 6,000 करोड़ रुपये के बजट आबंटन के साथ सरकार का उद्देश्य लगभग 1.8 करोड़ छात्रों, शोधकर्ताओं तथा फैकल्टी सदस्यों का सशक्तीकरण करना है। इस कदम से वैश्विक शोध इकोसिस्टम में भारत की स्थिति और मजबूत हो सकती है तथा इससे संसाधनों में कमी ला कर संस्थानों के बीच असमानता घटाने में सहायता मिलेगी। ओएनओएस योजना अकादमिक ज्ञान को लोकतांत्रिक बनाने में



सहयोग दे सकती है। उच्च गुणवत्ता वाले प्रकाशनों तक पहुंच से छोटे संस्थानों को लाभ होगा जो अक्सर सीमित बजट का सामना करते हैं। सुदूर तथा गैर-फंडिंग वाले क्षेत्रों में छात्रों और शोधकर्ताओं को भी अब प्रमुख संस्थानों के समान पहुंच मिलेगी जिससे शिक्षा और शोध में समानता को बढ़ावा मिलेगा। पंजीकरणों के केन्द्रीकरण से खर्च काफी घटाने में भी सहायता मिलेगी। एक एकीकृत पोर्टल यह सुनिश्चित करेगा कि संसाधनों का अधिकतम उपयोग हो जिससे अन्य अकादमिक प्राथमिकताओं के लिए बजट बढ़ेगा। इससे ज्यादा सक्षम और प्रभावी शोध व्यवहारों को बढ़ावा मिलेगा।

लेकिन संभावित लाभों के बावजूद ओएनओएस योजना ने कुछ चिन्तायें पैदा की हैं। एक प्रमुख मुद्दा जर्नलों के चयन के बारे में अस्पष्टता है। अकादमिक आवश्यकतायें अपने विषयों, संस्थानों तथा शोध केन्द्रीयता के कारण विविधतापूर्ण होती हैं। ऐसे में निर्णय प्रक्रिया के केन्द्रीकरण से विशिष्ट आवश्यकताओं की अनदेखी हो सकती है जिसका परिणाम संसाधनों का अनुपयुक्त या असंतुलित संग्रह हो सकता है। आलोचकों का तर्क है कि सरकार उन प्रकाशनों या दृष्टिकोणों तक पहुंच सीमित कर सकती है जिनको वह पसंद न करती हो। इस प्रकार अकादमिक विमर्श प्रभावित हो सकता है। एक और तर्क है कि इस योजना से पहले से चल रही अच्छी योजनायें बाधित हो सकती हैं। अनेक संस्थानों ने सहयोग के माध्यम से जर्नलों तक पहुंच की व्यवस्था बनाई है। इसके अंतर्गत डेवलपिंग लाइब्रेरी नेटवर्क-डेलनेट व जेएसटीओआर जैसे प्लेटफार्म पहले से काम कर रहे हैं। इस योजना के केन्द्रीकृत दृष्टिकोण के कारण अकादमिक संस्थानों की स्वायत्तता कम हो सकती है। वर्तमान समय में फैकल्टी सदस्य यह तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं कि संस्थान को किन जर्नलों की आवश्यकता है, पर इससे वे हाशिये पर जा सकते हैं। स्वायत्तता की कमी से अकादमिक खोज और उभरती शोध आवश्यकताओं के प्रति प्रतिक्रिया प्रभावित हो सकती है। ऐसे में निश्चित लाभ के बावजूद योजना को जल्दी से क्रियान्वित करने के बजाय अकादमिक क्षेत्र की चिन्ताओं को संबोधित करना लाभदायक होगा।

# प्रधानमंत्री मोदी की नाइजीरिया यात्रा

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया नाइजीरिया यात्रा का उद्देश्य अफ्रीकी देश के साथ संबंधों को पुनर्जीवित करने के साथ ही साझेदारियों के माध्यम से चीन का प्रभाव सीमित करना है।**



पारुल चंद्रा
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



**चीन** द्वारा आक्रामक ढंग से नाइजीरिया को अपने पक्ष में लाने के प्रयासों के लगभग दो महीने बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अफ्रीकी देश की हालिया यात्रा से ऐसा ही करने का प्रयास किया है। 17 साल के बाद होने वाली भारतीय प्रधानमंत्री की यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों में नई गति पैदा करना है। उम्मीद की जाती है कि इससे नाइजीरिया में चीन का प्रभाव सीमित करने में कुछ सहायता मिलेगी। हालांकि नाइजीरिया के साथ भारत के दशकों से निकट और जीवन्त संबंध हैं, पर फिलहाल उसे चीन से प्रतियोगिता का सामना करना पड़ रहा है। भारत और नाइजीरिया के बच 'रणनीतिक साझीदारी' है, पर इस अफ्रीकी देश और चीन ने अपने सबंधों को इस साल बढ़ा कर 'समग्र रणनीतिक साझीदारी' के स्तर तक ला दिया।
बीजिंग में सितंबर में हुई नवीं चीन-अफ्रीका सहयोग सम्मेलन-फोकैक में नाईजीरिया तथा अन्य दर्जनों अफ्रीकी देश शामिल हुए थे। ये सम्मेलन नियमित रूप से हो रहे हैं और पहला सम्मेलन 2006 में हुआ था। इनमें से एक सम्मेलन कोविड-19 के दौरान वर्चुअल हुआ था। लेकिन भारत 2015 के बाद अफ्रीकी सम्मेलन करने में सफल नहीं हुआ जिसका कारण मुख्यत: वैश्विक महामारी तथा भू-राजनीतिक तनाव था, लेकिन इसे वस्तुत: रणनीतिक दूरदर्शिता की कमी की तरह भी देखा गया।

चीन रणनीतिक व आर्थिक कारणों से अफ्रीकी महाद्वीप पर ज्यादा ध्यान दे रहा है। रणनीतिक रूप से वह स्वयं को अमेरिका के कट्टर दुश्मन के रूप में पेश करता है। लेकिन दुनिया के दूसरे सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश की पकड़ इस महाद्वीप में विशाल बाजार तथा खनिज संसाधनों की प्रचुरता के कारण है। पैसे के संकट का सामना करने वाले अनेक अफ्रीकी देशों के लिए चीन कर्ज प्राप्त करने का बड़ा संसाधन रहा है जिनका प्रयोग ढांचागत निर्माण में किया गया।

लेकिन इससे कर्ज के भारी जाल में फंसने का खतरा भी पैदा होता है। अफ्रीका चीन के 'बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव'-बीआरआई का महत्वपूर्ण हिस्सा है। 55 देश इस पहल में शामिल हुए हैं जिसे भारत गहरे संदेह से देखता है। बीआरआई के अंतर्गत चीन के विस्तारवादी नजरिये का प्रकटीकरण होता है और वह नाइजीरिया के माध्यम से लागोस में गहरे समुद्री बंदरगाह व रेलवे लाइनों का विकास कर रहा है। चीन नाइजीरिया का सबसे बड़ा द्विपक्षीय कर्जदाता है। दोनों पक्षों ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग व नाइजीरियन राष्ट्रपति बोला अहमद तिनुबू की फोकाक सम्मेलन में बीजिंग में मुलाकात के समय गहरे आर्थिक संबंध स्थापित करने का निर्णय किया था।

इस पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नाइजीरिया यात्रा और महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि भारत नाइजीरिया के साथ अपनी रणनीतिक साझीदारी को 'उच्च प्राथमिकता' देता है। इस यात्रा के परिणामस्वरूप तीन समझौते हुए हैं जिनमें सर्वेक्षण में सहयोग, कस्टम मामलों में सहयोग तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम शामिल हैं।

हालांकि, संयुक्त बयान में सहयोग के लिए 14 क्षेत्रों की पहचान की गई है, पर इसे मूर्तरूप देने के लिए भारत को आने वाले वर्षों में काफी प्रयास करने होंगे। इनमें द्विपक्षीय निवेश समझौता, दुहरे कराधान से बचने का समझौता तथा कर्ज की व्यवस्था में सुधार पर समझौता

> **चीन रणनीतिक व आर्थिक कारणों से अफ्रीकी महाद्वीप पर ज्यादा ध्यान दे रहा है। रणनीतिक रूप से वह स्वयं को अमेरिका के कट्टर दुश्मन के रूप में पेश करता है। लेकिन दुनिया के दूसरे सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश की पकड़ इस महाद्वीप में विशाल बाजार तथा खनिज संसाधनों की प्रचुरता के कारण है। पैसे के संकट का सामना करने वाले अनेक अफ्रीकी देशों के लिए चीन कर्ज प्राप्त करने का बड़ा संसाधन रहा है जिनका प्रयोग ढांचागत निर्माण में किया गया।**

शामिल हैं। भारत और अफ्रीका के बीच सर्वोच्च स्तर पर संबंध मजबूत करना अनेक कारणों से बहुत जरूरी है। यह अफ्रीका का सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश है जिसका प्रभाव क्षेत्र दूर तक फैला हुआ है। यह अफ्रीकी संघ-एयू का संस्थापक सदस्य है जिसे जी-20 में शामिल कराने में भारत ने प्रमुख भूमिका निभाई है।

नाइजीरिया ब्रिक्स में सहभागी देश भी है। यह देश ओपेक का सदस्य भी है तथा राष्ट्रपति तिनुबू वर्तमान समय में इकोनोमिक कम्युनिटी आफवेस्ट अफ्रीकन स्टेट्स-इकोवाक के अध्यक्ष भी हैं। ऐसे में द्विपक्षीय व्यापार और निवेश में वृद्धि से नाइजीरिया में भारतीय कंपनियों को बहुत सहायता मिलेगी। नाइजीरिया में विनिर्माण क्षेत्र में 200 भारतीय कंपनियां काम कर रही हैं और उन्होंने यहां 27 बिलियन डालर निवेश किया है। हालांकि भारत नाइजीरिया के सर्वोच्च 5 व्यापार साझीदारों में शामिल है, पर दुर्भाग्य से द्विपक्षीय व्यापार 2023-24 में घट कर 7.89 बिलियन डालर रह गया जो 2021-22 में 14.95 बिलियन डालर था। इसका कारण नाइजीरिया से भारत के तेल आयात में कमी है। भारत ने यूक्रेन से टकराव को देखते हुए रूस द्वारा प्रस्तावित सस्ती तेल दरों का लाभ उठाया और रूसी तेल का आयात बढ़ गया।

नाइजीरिया के साथ संयुक्त बयान में भारत ने इस देश के साथ कच्चे तेल व एलएनजी खरीद के दीर्घकालीन समझौतों पर जोर दिया है। इससे द्विपक्षीय व्यापार के एक बार फिर बढ़ने की उम्मीद जागती है। यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि भारत ने नाइजीरिया के तेल एवं गैस क्षेत्र में निवेश की इच्छा जताई है। संयुक्त बयान में सहयोग के अन्य क्षेत्रों में आतंकवाद व समुद्री डकैती शामिल हैं। नाइजीरिया अनेक सालों से बोको-हरम जैसे उग्रवादी समूहों का मुकाबला कर रहा है जो उसके तेल और गैस क्षेत्रों को निशाना बनाते हैं। भारत ने नाइजीरिया में पाइपलाइनों की सुरक्षा में जानकारियां देने और सहयोग का प्रस्ताव किया है।

समुद्री डकैती का मुकाबला करने में समुद्री सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। नाइजीरिया को गाइना की खाड़ी में ऐसे हमलों का सामना करना पड़ता है जहां से महत्वपूर्ण समुद्री परिवहन लाइनें गुजरती हैं। भारत ने समुद्री डकैतों से निपटने के लिए 2022 में दो युद्धपोत आईएनएस सुमेधा और आईएनएस तारकश तैनात किए थे। चीन की नौसैनिक गतिविधियों को देखते हुए भारतीय नौसेना की यह तैनाती बहुत महत्वपूर्ण है।

संक्षेप में कहें तो भारत को नाइजीरिया के साथ संबंधों को आगे बढ़ाने में तेजी से कदम उठाने होंगे। समय आ गया है कि हम अफ्रीकी देशों के साथ अपने परंपरागत संबंधों का विकास करें क्योंकि चीन इस महाद्वीप में रणनीतिक स्पेस पर लगातार कब्जा कर रहा है।

# ट्रंप की टैरिफ आधारित विदेश नीति

> **भारत अच्छी तरह जानता है कि भले ही पहली टैरिफ गोलियां भारत पर न चलाई जाएं, लेकिन अंततः कई भारत पर चलाई जाएंगी।**

कुमारदीप बनर्जी
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



**दुनिया** भर में क्रिसमस और नए साल के जश्न से पहले ही आतिशबाजी शुरू हो गई है। ट्रम्प प्रेसीडेंसी 2.0 एक गेम चेंजर हो सकता है, जो संभावित रूप से कई वैश्विक भू-राजनीतिक और आर्थिक साझेदारियों को फिर से संगठित कर सकता है। सबसे पहले, दुनिया भर के देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी के बिडेन युग के दिनों को एक अधिक लेन-देन के दृष्टिकोण से बदल दिया जाएगा, जिसे राष्ट्रपति ट्रम्प अपने दूसरे कार्यकाल में संस्थागत बनाने की संभावना रखते हैं। कार्यभार संभालने से पहले ही, राष्ट्रपति-चुनाव डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी टैरिफ-आधारित विदेश नीति को जोरदार तरीके से बताया है।

उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान चीन के आयात पर लगभग 60 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात की थी। हाल ही में उन्होंने कहा है कि 20 जनवरी को पदभार संभालने के बाद उनके द्वारा हस्ताक्षरित पहला कार्यकारी आदेश कनाडा, मैक्सिको और चीन के आयात पर टैरिफ लगाने का होगा।

बेशक, चेतावनी यह है कि जब तक वे अवैध अप्रवासियों को भेजना बंद नहीं करते और अमेरिका में ड्रग्स पर प्रतिबंध नहीं लगाते। डोनाल्ड ट्रम्प जानते हैं कि उनके टैरिफ-आधारित विदेश नीति दृष्टिकोण को डेमोक्रेट और रिपब्लिकन दोनों का समर्थन प्राप्त है। यह उनके मेड इन अमेरिका, स्थानीय रोजगार सृजन के कथानक को अच्छी तरह से दर्शाता है, जिसने उन्हें लगातार दो कार्यकाल में व्हाइट हाउस में वापस पहुंचा दिया।

भारत इस क्षेत्र की देखरेख कर रहा है, क्योंकि वह अच्छी तरह जानता है कि भले ही पहली टैरिफ गोलियां भारत पर न चलाई जाएं, लेकिन अंतत: कई भारत पर चलाई जाएंगी। श्री ट्रम्प पहले ही अपनी चुनावी रैलियों में भारत के उच्च टैरिफ के बारे में बोल चुके हैं और भले ही भारतीय आईटी



सेवा क्षेत्र ने अमेरिका के लिए कितना भी अच्छा किया हो, उन्हें कठोर संदेश भेजने की जरूरत है। राष्ट्रपति ट्रम्प 2.0 के तहत आगामी यूएस-भारत द्विपक्षीय संबंधों में एकमात्र बचत अनुग्रह व्यक्तिगत समीकरण होगा, जो राष्ट्रपति-चुनाव का प्रधान मंत्री मोदी के साथ है। एक-दूसरे को लंबे समय से जानना और एक-दूसरे की शासन शैली को देखना, शुरुआती लाभ हो सकता है, लेकिन दीर्घकालिक समाधान नहीं। प्रमुख भारतीय व्यापार वार्ताकारों की बहुत मांग है, खासकर वे जो ट्रम्प के पहले राष्ट्रपति पद के दौरान सरकार में रहे हैं।

किसी समय, द्विपक्षीय वार्ता में टैरिफ का मुद्दा सामने आएगा, जहाँ कठोर बातचीत की आवश्यकता हो सकती है। बिडेन प्रशासन के तहत भारत और अमेरिका ने व्यापार नीति मंच (झक्क्न) के रूप में व्यापार और टैरिफ मुद्दों को निपटाने के लिए एक औपचारिक संस्थागत ढांचा स्थापित करने में कामयाबी हासिल की। ??झक्क्न मंच अमेरिका और भारत के व्यापार प्रतिनिधियों को नियमित रूप से मिलने और आपसी चिंता के क्षेत्रों पर चर्चा करने और समाधान खोजने का अवसर प्रदान करता है। निश्चित रूप से तंत्र ट्रम्प प्रशासन के तहत भी मौजूद था, लेकिन एक बैठक और प्रधान मंत्री मोदी के नेतृत्व में एक नई भारतीय सरकार (व्यापार और विदेश मामलों की नीति पर कम ध्यान देने के साथ) के साथ, इसने बहुत कम उद्देश्य पूरा किया। संभावना है कि डोनाल्ड ट्रम्प की कार्यशैली को देखते हुए, झक्क्न को पृष्ठभूमि में धकेल दिया जा सकता है और व्यापार संबंधों में घर्षण को कम करने के लिए कई लेन-देन संबंधी द्विपक्षीय बैठकें आयोजित की जा सकती हैं।

यह ध्यान देने योग्य हो सकता है कि भारत का अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष है, एक बिंदु जिसे श्री ट्रम्प सौदे के अपने पक्ष को निकालने के लिए ध्यान में रखेंगे। इस बीच, अमेरिका और चीन के बीच व्यापार वातावरण के अपेक्षित कड़े होने से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। चीन को कुछ वस्तुओं को आगे बढ़ाने के लिए नए बाजार खोजने होंगे, जो अमेरिका को निर्यात करने के लिए बहुत महंगे हो सकते हैं। भारत और उसके पड़ोसी देशों को कमर कसनी होगी। अमेरिका में वस्तुओं की कीमतें, जिनमें से अधिकांश चीन से आयात की जाती हैं, घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ डाल सकती हैं, जिससे दरों में बढ़ोतरी हो सकती है।

ये वैश्विक प्रतिकूलताएँ आने वाले लंबे समय के लिए कथानक को आकार देंगी। इसका वैश्विक तेल की कीमतों और कई वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि पर मुद्रास्फीतिकारी प्रभाव पड़ सकता है। भारत के रिजर्व बैंक ने पहले ही चेतावनी दी है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी, संरक्षणवाद और टैरिफ तीन प्रमुख कारक हैं जो अगले साल भारत की अर्थव्यवस्था को आकार देंगे। यह एक और कठिन रस्सी होगी जिसमें बाजीगर के चतुर हाथ होंगे जो भारत को अगले कुछ वर्षों तक आगे ले जा सकते हैं।

## आप की बात

### बांग्लादेश को समझा दो

**बांग्लादेश** में गत 5 अगस्त से शुरू हुआ हिन्दुओं पर अत्याचार समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा।शेख हसीना के तख्ता पलट के नाम पर कथित आन्दोलन 2 दिन बाद ही हिन्दू विरोध में बदल गया था।जो आज तक निरन्तर जारी है। वहां की सरकार के मुखिया युसुफ, सेना और कट्टरपंथी जमातों ने मिलकर हिन्दुओं को समाप्त करने या देश छोड़ने का अभियान चला रखा है। किन्तु आश्चर्य है कि भारत सरकार ने इस पर कोई प्रभावशाली कदम नहीं उठाया। दिल्ली की यह उदासीनता विश्व भर के हिन्दुओं को व्यथित करने वाली है। क्योंकि भारत में एक हिन्दू हितेषी सरकार है, इसलिए भी यह और भी पीड़ादायक है।यह वही बांग्लादेश है जिसका जन्म भारतीय सेना के पराक्रम के गर्भ से हुआ था, यह वही बांग्लादेश है जिसकी भूख मिटाने के लिए कम से कम दो दशकों तक विद्यालयों में छात्रों द्वारा बांग्लादेश की सहायतार्थ एक निश्चित राशि प्रति माह दी जाती रही,यह वही बांग्लादेश है जिसकी स्त्रियों को भारतीय सैनिक पाकिस्तानी सेना के तम्बुओं में से उनके बदन को अपनी वर्दी से ढककर बचाकर लाए थे।आज वो ही नंगा बांग्लादेश हिन्दू महिलाओं का चीर हरण करने पर उतारू है। मोदी जी अब समय नहीं है। इससे पहले कि भारत में इसकी प्रतिक्रिया हो बांग्लादेश की सरकार को समझा दो।

– **डॉ नरेंद्र टोंक**, मेरठ

### शांति और सद्भाव जरूरी

**उत्तर** प्रदेश की संभल जामा मस्जिद का विवाद सुर्खियों में है । अब अजमेर दरगाह को लेकर भी कोर्ट में दायर की गई याचिका को स्वीकार कर लिया है । पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने बयान दिया है कि हम आर-पार के मुड़ में है, धर्मस्थलों को तोड़कर बनी सभी मस्जिदों को फिर मंदिर बनाएंगे। देश में सांप्रदायिक सद्भाव व भाईचारा खराब ना हो, इसलिए 1991 में तत्कालीन सरकार ने पूजा स्थल कानून (प्लेसेस ऑफ़ वर्शिप एक्ट) बनाया था । इसमें स्पष्ट है कि 15 अगस्त 1947 से पहले भारत में धर्म का जो पूजा स्थल था, उसे किसी दूसरे पूजा स्थान में बदला नहीं जा सकता । इस कानून में सजा व जुर्माने ने का प्रावधान भी है। मगर देश में पूजा स्थान को लेकर एक के बाद एक याचिका दायर की जा रही है। अगर कोर्ट संभल की तरह आदेश देती रही तो निश्चित ही देश का सांप्रदायिक माहौल बिगड़ना तय है। अगर ऐसा होता है तो 1991 में बना कानून केवल लॉ की किताबों में ही सीमित रहकर, शोभा बढ़ता रहेगा। उक्त कानून का औचित्य खत्म हो जाएगा। कानून पर अमलीजामा कोर्ट ही पहना सकती है। सुप्रीम कोर्ट को उक्त कानून का हवाला देते हुए ऐसी विवादित याचिकाओं को अस्वीकार कर देना चाहिए ताकि देश का सांप्रदायिक माहौल न बिगड़े। संभल की घटना यही सीख देती है। देश में शांति व सद्भाव की जरूरत है, ना कि विवादों की।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

### आरोपों की जांच हो

**अदाणी** समूह पर अमेरिकी अदालत द्वारा लगाए गए रिश्वत देने के आरोप सनसनीखेज हैं। अदालत ने जाने-माने भारतीय कारोबारी गौतम अदाणी उनके भतीजे सागर अदाणी और उनकी कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी के कुछ अधिकारियों के खिलाफ भारत में सौर ऊर्जा आपूर्ति का अनुबंध हासिल करने के लिए 2000 करोड रुपए से अधिक की रिश्वत देने और अमेरिकी निवेशकों को गुमराह करने के आरोप लगाए हैं। इस प्रकरण से अदाणी समूह सहित भारत की प्रतिष्ठा को बट्टा लगा है। पहले भी अदाणी समूह पर शेअरों में हेरा फेरी के आरोप लग चुके हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के बड़े औद्योगिक घरानों की साख बनी रहे इस हेतु भारत में भी इस प्रकरण की निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से जांच होना चाहिए। यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियां केंद्र सरकार पर अदाणी समूह के पक्ष में कार्य करने एवं उन्हें लाभ पहुंचाने के आरोप लगाती रहती हैं। केंद्र की एनडीए सरकार को अपने आप को निष्पक्ष साबित करने का यह एक अवसर है। हांलाकि अमेरिकी अदालत के आरोपों को अंतिम सत्य नहीं माना जा सकता क्योंकि पैसों के लेनदेन के कोई प्रमाण अभी सामने नहीं आए हैं। फिर भी यह धारणा टूटनी चाहिए कि भारत में बड़े औद्योगिक घराने, नेता एवं अफसर मिलकर मन चाहे सौदे करने में सफल रहते हैं।

– **ललित महालकरी**, इंदौर

### ऑन लाइन सट्टा पर रोक लगे

**आज** 5 सालके बच्चे से लेकर युवा तथा प्रौढ़ तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युक्त स्मार्टफोन के आदी हो चुके हैं। बेशक स्मार्टफोन के बेहद उपयोगी होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। मगर अब यह कई तरह की परेशानियों का सबब बन रहा है। बच्चे पढ़ाई छोड़कर वीडियो गेम और ऑनलाइन सट्टेबाजी में लिप्त हैं। फिर टीवी और सोशल मीडिया पर बड़े-बड़ क्रिकेटर्स फिल्मस्टारों द्वारा करोड़ों रुपए कमाने के विज्ञापनों ने सभी को रातों-रात करोड़पति बनने का नुस्खा बता दिया है। जिसके चलते किशोर व युवा अपना कीमती वक्त और भारी धन लुटा रहे हैं। सरकार कानून बना कर इसे रोक सकती है। मगर सरकार इस ओर आंख मूंदे हुए हैं। और इस सट्टे बाजी की लत लग जाने के कारण पढ़ने-लिखने, और अन्य सकारात्मक गतिविधियों के प्रति वे लापरवाह हो गए हैं। जिंदगीका कीमती वक्त यूं ही बर्बाद कर रहे हैं और परिवार पर बोझ बन रहे हैं। घर में आर्थिक सपोर्ट देना चाहिए वही घर का धन और जीवन बर्बाद कर रहे हैं अब सरकार को ही सभी तरह के ऑनलाइन सट्टे गेम व अश्लील सामग्री को तुरंत प्रतिबंधित कर देना चाहिए।

– **विभुक्ति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

# रायबरेली पुलिस के अधिकारियों की अनुभवहीनता से अधीनस्थ बेलगाम

● दारोगा हिमांशु मलिक द्वारा बदसलूकी की तस्वीर कैमरे में कैद



संवाददाता। रायबरेली

**राजधानी** लखनऊ से सटे रायबरेली जिले में रायबरेली पुलिस का एक दरोगा बेलगाम हो गया है वह सरकार और पुलिस की खुलेआम किरकिरी करा रहा है। घुरवारा कांड में पुलिसिया तांडव का अभी एक महीना भी नहीं पूरा हुआ विवादित, गैरजिम्मेदार, अनुभवहीन दरोगा हिमांशु मलिक ने डीह में एक बाइक सवार के साथ बदसूलकी की उसको तमाचा मारा जिसका वीडियो कैमरे में कैद हो गया और वीडियो वायरल होने के बाद दबाव में रायबरेली पुलिस को उसको निलंबित करना पडा!

रायबरेली पुलिस विभाग के अनुभवहीन अधिकारियों की वजह से ऐसे विवादित कर्मचारियों का मन बढ़ा हुआ है। चाहे फिर पुलिस अधीक्षक रायबरेली हो या सर्कल अफसर सदर या फिर सीओ डलमऊ।

इन अधिकारियों की अनुभवहीनता ही कह लीजिए कि उनके विभाग के अधीनस्थ कर्मचारी बेलगाम हो चुके हैं कल एसओजी प्रभारी पर बदसलूकी के आरोप सीएमएस ने लगाए। तो दूसरी ओर डीह में दरोगा हिमांशु मलिक ने युवक को तमाचा मार दिया और उसके साथ बदसलूकी की। अधिकारियों की शिथिलता के कारण विवादित कर्मचारी बेलगाम हो गए हैं इसी के साथ अब विवादित दरोगा हिमांशु मलिक की जांच दो सर्कल के सीओ कर रहे हैं। अधिकारियों की शिथिल कार्यशैली के कारण कुछ विवादित पुलिसकर्मी बेलगाम हो गए हैं। उसी के साथ जिम्मेदारी भरे पदों से हटाने के साथ इन पर विभागीय जांच की भी जरूरत है। अन्यथा यह एक न एक दिन बडी घटना कराकर पुलिस विभाग और सरकार की किरकिरी करा देंगे।

# 15 दिसम्बर तक हो जाएंगे भाजपा मंडल अध्यक्षों के चुनावः कमलेश



**अयोध्या।** भाजपा के सांगठनिक चुनाव को लेकर महानगर कार्यालय में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में चुनाव अधिकारी व पूर्व प्रदेश महामंत्री नीलिमा कटियार तथा महानगर अध्यक्ष ने कार्यकताओं को सम्बोधित किया। कार्यशाला में महानगर अध्यक्ष ने उपस्थित मंडल अध्यक्षों से सांगठनिक रिर्पोट लिया। चुनाव अधिकारी नीलिमा कटियार ने कहा कि सदस्यता महाअभियान के तहत बूथ कमेटियों के बाद मंडल अध्यक्षों का चुनाव होना है। इसके लिए सभी मंडल चुनाव अधिकारी पूरी पारदर्शिता से प्रक्रिया को पूर्ण कराऐं। मंडल की कमेटी में पार्टी के उर्जावान कार्यकर्ताओं को अवसर दिया जाए। कमेटी में सभी का प्रतिनिधित्व रहे ऐसा प्रयास चुनाव अधिकारी करें। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि मंडल अध्यक्षों के चुनाव हर हाल में 15 दिसम्बर तक करा लिए जाएंगे। मंडल अध्यक्ष वही कार्यकर्ता बनेगें जो सक्रिय सदस्य है। नेतृत्व द्वारा मंडल अध्यक्ष बनने के लिए 45 वर्ष की आयु सीमा तय की गई है। वर्तमान में पार्टी का पदाधिकारी होना आवश्यक है। मंडल कमेटी समाज के सभी वर्गों का सामंजस्य स्थापित किया जाएगा। मंडल के चुनाव अधिकारी आम सहमति के आधार पर मंडल अध्यक्ष का चुनाव करेंगे।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश

संवाददाता। गोंडा



**शुक्रवार** को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें डीएम ने कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा प्रशासन की उच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसकी जिम्मेदारी शिक्षण संस्थानों एवं अभिभावकों की भी होगी। अत: यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में ऑन रोड सेफ्टी द्वारा दिए गए नवीनतम दिशा निर्देशों के अनुपालन में निर्देश दिए कि संयुक्त भ्रमण करते हुए दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटनाओं को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए होर्डिंग एवं बैनर के माध्यम से जो कार्यवाही की गई है, उसका सत्यापन कराया जाए। जिलाधिकारी ने साफ शब्दों में जनपद के समस्त विद्यालयों के प्रबंधकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जल्द से जल्द सभी लोग अपने-अपने स्कूली वाहनों का परमिट एवं फ्टिनेस कराकर परिवहन विभाग को अवगत कराये। अन्यथा की दशा में ऐसे वाहनों का रजिस्ट्रेशन निरस्त करते हुए विधिक कार्यवाही की जायेगी।

जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा के दृष्टि से की जाने वाली प्रवर्तन कार्यवाही जैसे वाहनों में बैकलाइट, हैडलाईट एवं इण्डीकेटर, दो पहिया वाहनों में हैलमेट का प्रयोग, चार पाहिया वाहनों में सीट बेल्ट का प्रयोग तथा व्यवसायिक वाहनोंध्गन्ना ढोने वाले ट्रेक्टर ट्रालियों में रिफ्लेक्टर लगाने हेतु जनपद के सभी चीनी मिलों एवं पीटीओ शैलेंद्र त्रिपाठी को निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा की हाइवे किनारे स्थित ढाबों पेट्रोल पंप आदि पर यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाई जाए। बैठक में नगर पालिका गोंडा को जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये हैं कि मनकापुर बस स्टाप और वी-मार्ट के सामने रोड के किनारे अवैध रूप से लगा रहे सब्जी एवं फ्ल के ठेलों को तत्काल हटाया जाय अन्यथा होगी कार्रवाई।

# खलीलाबाद की बेटी दीक्षा कसौधन का बिहार में बनी न्यायाधीश



**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद शहर के गोलाबाजार निवासी दीक्षा कसौधन का बिहार प्रांत में न्यायिक सेवा में जज के रूप में हुआ है। यह जानकारी होते ही जहॉ परिवारजनों में खुशी की लहर है वही शुभचिन्तकों ने बधाई दिया है। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर एवं पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने दीक्षा कसौधन को शुभकामनाएं दी है। मध्यम वर्ग की बेटी एक अच्छे पद पर पहुचकर यह संदेश दिया है कि कही भी बेटियॉ किसी क्षेत्र में पीछे नही है। कड़ी मेहनत से लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। दीक्षा कसौधन का न्यायिक सेवा में चयन होने पर कसौधन समाज में भी खुशी की लहर है। परिजनों ने बताया कि उन्होंने बिहार न्यायिक सेवा की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनकी इस सफ्लता पर परिजनों में खुशी है। शहर के गोला बाजार निवासी कृष्ण देव कसौधन की दुकान है। उनकी बेटी दीक्षा कसौधन की प्रारंभिक शिक्षा शहर के गन्ना विकास खलीलाबाद से हुई है। उसके बाद जवाहर नवोदय विद्यालय नाथनगर से इंटरमीडिएट किया। इलाहाबाद से एलएलबी, एलएलएम की परीक्षा उत्तीर्ण कर आगे की शिक्षा दीक्षा इलाहाबाद में रहकर तैयारी की। दीक्षा कसौधन वर्तमान में गोण्डा न्यायालय में एपीओ पद पर तैनात है। दीक्षा ने अपनी सफ्लता का श्रेय अपने माता, पिता, भाई, बहन को दिया है। उसकी इस सफ्लता पर पिता कृष्ण देव कसौधन, माता कुसुम देवी, बहन डॉ0 कृष्णा गुप्ता, डॉ0 स्नेह लता, रजनी कसौघन, शैली कसौधन, अभिनंदन कसौधन, मोनिका कसौधन सहित रिश्तेदारों ने खुशी का इजहार किया।

# 2018 से अब तक ईएसएल ने लगाये 10732 स्ट्रीट लाइट, फिर भी शहर में अंधेरा

संवाददाता। रायबरेली

**योगी** सरकार में सरकारी धन के दुरुपयोग की पूरी कहानी नगर पालिका रायबरेली के द्वारा कराए गए स्ट्रीट लाइट कार्य से समझा जा सकता है एनर्जी एफ्शिएंसी सर्विस लिमिटेड (ईएसएल) के द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में 2018 में शुरू हुए कार्य में स्ट्रीट लाइट लगवाने और मेंटेनेंस के साथ 10732 लाइट लगवाने का दावा किया गया है लेकिन शहरी क्षेत्र में अधिकतर लाइट बंद बड़ी है और उसी के साथ शहर में घना अंधेरा रहता है।

इन सबके इतर नगर पालिका ने खुला खेल फर्रुखाबादी खेला 2018 के बाद दोनों नगर पालिका अध्यक्ष ने अपने विशेषाधिकार का प्रयोग करते हुए विभिन्न निधि से भी स्ट्रीट लाइट लगवाने का कार्य किया है जबकि ईएसएल द्वारा जो लाइटे लगायी गयी है। उनमें सरकारी अनुबंध में यह शर्त है कि स्ट्रीट लाइट लगाने के 7 वर्षो तक मेंटेनेंस का जिम्मे ईएसएल कम्पनी का रहेगा। उसके बावजूद नगर पालिका रायबरेली द्वारा 2018 से लेकर अब तक लगभग 500 से अधिक स्ट्रीट लाइटों को लगाया गया है। जिसका मेंटेनेंस का कार्य नगर पालिका रायबरेली द्वारा निरंतर कराया जा रहा है इन लाइटों का मेंटेनेंस एक वर्ष के लिए कार्यदायी संस्था द्वारा मान्य है।

इसमें गौर करने वाली बात यह है कि नगर पालिका रायबरेली द्वारा सरकारी धन का अनुचित प्रयोग किया जा रहा है। क्योंकि 2018 से लेकर अब तक ईएसएल कम्पनी ने 10732 लाइटे लगायी है और उनका मेंटेनेंस कार्य भी ईएसएल कम्पनी द्वारा कागजो पर कराया जा रहा है। और भुगतान हेतु बिल नगर पालिका में दिये जा रहे है।

आश्चर्य की बात है कि अगर ईएसएल कम्पनी द्वारा काम सही नही किया जा रहा है तो नगर पालिका ने अब तक उसके खिलाफ कोई कार्यवाही क्यों नहीं की? या फ्रि ईएसएल को भुगतान नहीं किया गया है इस वजह से कार्यवाही नहीं की गयी। या नगर पालिका अपनी आमदनी का जरिया बंद न हो इसलिए अनुबंध के बाद भी व्यक्तिगत रूप से लाइटे क्रय करके नगर पालिका को राजस्व का चूना लगाया जा रहा है। नगर पालिका में ईएसएल कम्पनी ने जो भुगतान लम्बित है उसके लिए बिल प्रेषित किया है जिसको ईओ नगर पालिका ने लाइटो के सत्यापन कराने के लिए नगर पालिका रायबरेली के कर्मचारियों को लगाया गया है जो कि न तो टेक्निकल है और न ही उन्हे नगर पालिका क्षेत्र की परिधि का ज्ञान है। ईएसएल कम्पनी के साथ-साथ शहर में लगी दूसरे जनप्रतिनिधियों की निधि से लगायी गयी सोलर लाइटो को भी नहीं बख्शा जा रहा है। रायबरेली नगर पालिका में देखा जाये तो जो सोलर स्ट्रीट लाइटो की संख्या दिखायी जा रहे है उतने तो शहर में पोल भी नहीं होंगे खैर यह तो जांच का विषय है।

## क्रिकेट बाल जूनियर प्रतियोगिता का आयोजन



**रायबरेली।** जिला क्रीड़ाधिकारी धीरेंद्र कुमार पुरुषोत्तम ने बताया है कि खेल निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ के तत्वाधान में जिला खेल कार्यालय रायबरेली के द्वारा 27 से 29 नवम्बर 2024 तक टेबल टेनिस बालकध्बालिका जूनियर वर्ग, क्रिकेट-बालक जूनियर वर्ग एथलेटिक्स बालक जूनियर वर्ग पं0 दीन दयाल उपाध्याय जी के जन्म शताब्दी पर्व पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आज क्रिकेट बालक जूनियर वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 08 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें कि कुल बालक 130 खिलाडियों प्रतिभाग किया।

# बैसवारा महाविद्यालय में साइबर क्राइम पर जागरूकता कार्यक्रम



**लालगंज, रायबरेली।** बैसवारा डिग्री कॉलेज एवं कंप्यूटर डॉट नेट लालगंज के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को साइबर क्राइम पर महाविद्यालय के लेक्चर थिएटर में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसके अंतर्गत मोबाइल फोन, कंप्यूटर, वाई-फाई तथा इंटरनेट से हो रहे अपराधों से सम्बंधित जानकारी छात्रों को दी गयी। परिचर्चा में कंप्यूटर डॉट नेट की ओर से आए एक्सपर्ट ने बताया की सार्वजनिक वाई फाई के प्रयोग से किसी भी व्यक्ति का संवेदनशील डाटा, वित्तीय डाटा तथा निजता पर सदैव खतरा बना रहता है। उन्होंने बताया की मोबाइल फोन से उत्सर्जित से होने वाले विकिरण से बचने के लिए हमें सदैव अपने फोन को डेढ़ मीटर से अधिक की दूरी पर रखकर ही सोना चाहिए। महविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम ना केवल छात्रों के लिए आवश्यक हैं बल्कि बढ़ते साइबर अपराधों के दृष्टिगत सभी के लिए आवश्यक हैं। भूगोल विभाग के सहायक आचार्य डॉ बीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पिछले कुछ समय से साइबर अपराधों की प्रकृति में परिवर्तन आया है। साइबर अपराधी अब डिजिटल अरेस्ट, फिशिंग,रैनसमवेयर, तथा साइबर टेररिज्म आदि के माध्यम से निर्दोष लोगो को अपने चंगुल में फ्सा रहें है, जिनसे हमें सतर्क रहने की आवश्यकता है.

# डीएम ने कलेक्ट्रेट में स्थित विभागों पटलों का औचक निरीक्षण किया

संवाददाता। उरई, जालौन



**जिलाधिकारी** राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट में स्थित विभिन्न विभागों पटलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर एवं कार्यालयों को साफ्-सफाई की व्यवस्था को दुरस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि समय से कार्यालय में उपस्थित रहकर अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारी पूर्वक करें। जिससे कि आने वाले फरियादियों को समस्या का सामना न करना पड़े और उनकी समस्याओं का निदान समय से किया जा सके।

जिलाधिकारी ने जनसमस्याओं के प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण के लिये शासन की प्राथमिकता व्यक्त करते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि वे अपने कार्यालयों में समय से उपस्थित रहकर लोगों की समस्या, शिकायतों की सुनवायी करके समयबद्ध और गुणवत्तापूर्वक निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने शासकीय कार्यों को समयबद्ध करने तथा कमियों को तत्काल दूर करने के संबंध में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कडी हिदायत दी। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि कार्यालय की साफ्-सफाई कर परिसर को व्यवस्थित रखें। गंदगी पाए जाने पर विभागाध्यक्ष के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा कि कार्यालय परिसर के इधर-उधर पान-गुटखा खाकर गंदी करने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा। कार्यालय परिसर को व्यवस्थित रखना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, डिप्टी कलेक्टर मनोज सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## एडीएम-एएसपी ने खलीलाबाद कस्बा में किया पैदल गश्त



**संतकबीरनगर।** शांति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने शुक्रवार को खलीलाबाद शहर/कस्बा मे पैदल गश्त कर सुरक्षा का एहसास आमजनमानस को कराया है। ड्रोन कैमरे से भी शहर के सुरक्षा की निगरानी की गई है। अपर जिलाधिकारी जयप्रकाश व अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रान्तर्गत कस्बा कोतवाली में पैदल गस्त किया गया। पैदल गश्त के दौरान आम नागरिक से सीधा संवाद स्थापित कर उनको सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद सतीश कुमार सिंह सहित अन्य अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# 53 वर्ष बाद पूर्व सैनिक की पत्नी को पेंशन सुविधा करायी बहाल



**उरई, जालौन।** जनपद के ग्राम मल्थुवा के रहने वाले भूतपूर्व सैनिक स्वर्गीय दशरथ सिंह जो कि भारतीय सेना में सिपाही के पद पर थे एवं वर्ष 1964 में सेवानिवृत हो गए थे। उनकी पेंशन भारत सरकार ने अयोग्य घोषित करते हुए वर्ष 1970 से बंद कर दी थी। वर्ष 2010 में लंबी बीमारी के कारण उनकी मृत्यु हो चुकी है। श्रीमती सियाबती जो कि भूतपूर्व सैनिक स्वर्गीय दशरथ सिंह की पत्नी हैं, उन्होंने वर्ष 2021 में पेंशन दुबारा शुरू करने के लिए जनपद के जिल्ला सैनिक कल्याण कार्यालय उरई जालौन से संपर्क किया। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के निरंतर प्रयास से 53 साल के बाद श्रीमती सियाबती पत्नी भूतपूर्व सैनिक स्वर्गीय दशरथ सिंह की पेंशन पुराने बकाया के साथ नवंबर 2024 से मिलने लगी है। जिला सैनिक एवं कल्याण अधिकारी कमांडर नयन सिंह रावत (सेवानिवृत्त)ने बताया कि पेंशनर का थोड़ा बहुत पैसा अभी भी रुका हुआ है लेकिन भरोसा दिया की इस खामी को भी अतिशीघ्र दूर कर लिया जायेगा। जिला सैनिक एवं कल्याण अधिकारी ने अपने कार्यालय के कल्याण कार्यकर्ता हवालदार सीता सरन (सेवानिवृत) एवं पूर्व जिला सैनिक बंधु कमिटी के उपाध्यक्ष आनरेरी कैप्टेन गंगाराम पाल (सेवानिवृत) की सराहना करते हुए कहा कि इन दोनों के अथक प्रयास से आज एक भूतपर्व सैनिक की वीरांगना को उनके पेंशन का हक दिलाया।

# संभल हिंसा के बाद जुमे की नमाज दौरान प्रशासन रहा अत्यधिक सतर्क



**कालपी, जालौन।** संभल हिंसा को लेकर नगर में अलर्ट रहा और जुमे की नमाज भी कड़ी सुरक्षा के बीच अता की गई। यही कारण रहा कि स्थानीय प्रशासन जुमे की नमाज के दौरान पूरी तरह से चौकन्ना रहा और जिन मस्जिदों में जुमे की नमाज पढ़ने वालों की संख्या अधिक रहती है वहां पर पुलिस मुस्तैद रही। विदित हो कि गत दिनों प्रदेश के संभल नगर में बबाल हो गया था जिसमें कई लोगों की जान भी चली गई थी और तभी से पूरे प्रदेश में साम्प्रदायिक माहौल को लेकर प्रशासन सतर्क है और पुलिस संवेदनशील क्षेत्रों में नजर रख रही है और इसी के चलते शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान प्रशासन बेहद सतर्क रहा। एसडीएम सुशील कुमार सिंह, सीओ समीर सिंह की अगुआई में नमाज के पहले भारी पुलिस बल के साथ संवेदनशील क्षेत्रों में मार्च किया तथा लोगों से साम्प्रदायिक माहौल अच्छा बनाए रखने की अपील भी की। इसके बाद भी नमाज के दौरान नगर के मुन्ना फुलपावर चौराहा पर बडी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा और जुमे की नमाज शान्तिपूर्ण सम्पन्न हो जाने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने जुमे की नमाज के दौरान किया पैदल भ्रमण

संवाददाता। जालौन, उरई



**संभल** की घटना के बाद अजमेर शरीफ दरगाह पर आए निचली अदालत के आदेश को लेकर प्रशासन सतर्क है। शुक्रवार को एएसपी के नेतृत्व में एसडीएम, सीओ ने पुलिस फोर्स के साथ नगर की सड़कों पर पैदल मार्च किया इस दौरान मस्जिदों के आसपास भी निगरानी की गई।

संभल में हुई घटना के बाद प्रशासन अलर्ट मोड पर है। इसके साथ ही अजमेर शरीफ दरगाह पर निचली अदालत में जो याचिका स्वीकार की गई है उस पर भी प्रशासन की नजर है। इसी को लेकर शुक्रवार को नगर में जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन नमाज को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर तैयार दिखा। जिसमें एएसपी प्रदीप कुमार वर्मा, एसडीएम विनय मौर्य, सीओ शैलेंद्र कुमार बाजपेयी व कोतवाल वीरेंद्र कुमार ने पुलिस के साथ नगर की सड़कों पर पैदल मार्च निकाला। इसके बाद पुलिस टीम नगर की प्रमुख तकिया मस्जिद पर पहुंची। जहां टीम ने धर्मगुरुओं से बातचीत की और नगर की गंगा जमुनी संस्कृति पर चर्चा की।

इस दौरान शहर काजी मौलाना साबिर ने भी युवाओं से अपील करते हुए कहा कि किसी भी अफ्वाह के चक्कर में न आएं और न ही स्वयं किसी भी प्रकार की कोई अफ्वाह फैलाएं। नासमझी में कोई भी ऐसा कदम न उठाएं जिससे शांति व्यवस्था को खतरा हो। इस दौरान नगर में सभी स्थानों पर शांतिपूर्ण ढंग से जुमे की नमाज अदा की गई। बाद में एएसपी ने कोतवाली पहुंचकर नगर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीओ व कोतवाल जानकारी ली और तैयारियों पर विचार किया। अधिकारियों ने नगरवासियों को सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया। कहा कि अगर कहीं कोई दिक्कत हो तो तुरंत पुलिस व प्रशासन को बताएं और उनकी मदद ले। नगर के माहौल को अगर किसी ने खराब करने का प्रयास तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

# महिला के साथ असलहे की नोक पर लूट के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**ऊंचाहार।** महिला के साथ असलहे की नोंक पर हुई लूट के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है,जबकि घटना में शामिल दो अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

ज्ञात हो कि 22 नवम्बर को खरौली तिराहे के पास पूरे जीवन बक्श मजरे खरौली गाँव की रहने वाली पूनम अपने वितासखाने की दुकान पर बैठी हुई थी ।तभी अपाचे सवार तीन लोगों ने असलहे दिखाकर महिला के गले में पड़ी सोने की लॉकेट को लूटकर मौके से फ्रार हो गये थे।

सरेशाम हुई घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था ।जिसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किये तो कहीं जगहों पर लुटेरों की तस्वीरें पुलिस के हाथ लगी ।जिसके आधार पर पुलिस लुटेरों की तलाश कर रही थी। शुक्रवार की सुबह पुलिस ने पट्टी रहस कैथवल गेट के पास से घटना में शामिल जयप्रकाश पुत्र रामभरोसे निवासी निहालीपुर को गिरफ्तार कर लिया ।जिसके बाद पूछताछ में उसने घटना में शामिल दो अन्य आरोपी रामचन्द्र पुत्र बंशीलाल निवासी ककराली थाना सैनी जनपद कौशाम्बी व तिलेश साहू पुत्र बाबूलाल निवासी हिसामपुर माड़ो थाना सैनी जनपद कौशाम्बी के बारे मे भी बताया ।पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के पास से 5230 रुपए की नकदी भी बरामद की है।

जो लॉकेट बेचने के दौरान उसे हिस्से में मिली थी। पुलिस ने आरोपी जयप्रकाश को जेल भेजा है। इस मामले में जानकारी देते हुए कोतवाल सजंय कुमार ने बताया कि पकड़े गये आरोपी को जेल भेजा गया है, जिस पर पूर्व में आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

दो अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# करतलापुर, मड़ोरा की गौशाला संचालन में ढोल की पोल खोली

● अन्ना गौवंशों की देखरेख को लेकर बरती जा रही लापरवाही

● सर्दी से गायों को बचाने के अब तक नहीं किये गये इंतजाम

संवाददाता। कुठौंद, जालौन

**विकास** खंड कुठौंद में ग्राम पंचायत करतलापुर तथा ग्राम पंचायत मडोंरा की गौशाला में बहुत बड़ी लापरवाही के साथ गौवंशों को भूख प्यास से तड़पते हुए देखा ग्राम पंचायत मड़ोरा की गौशाला में 36 गोवंश संरक्षित जिनकी कोई देखरेख करने वाला मौके पर नहीं मिला। गोवंश बेचारे घूम फ्रि कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत करतलापुर में भी 48 गोवंश संरक्षित थे जिसकी कोई भी देखरेख करने वाला गौशाला पर मौजूद नहीं मिला।

आपको बताते चलें की ग्राम पंचायत मड़ोरा में सामुदायिक शौचालय की बहुत ही जर्जर व्यवस्था देखने को मिली वहां पर शौच क्रिया करने वाले लोग अपनी बाल्टी से पानी लेकर आते हैं। इसके बाद शौच क्रिया करते हैं। ग्रामीणों के बताएं अनुसार शौचालय में साफ सफाई करने के लिए तालाब का पानी प्रयोग किया जाता है।

क्योंकि शौचालय में पानी की व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। इसका कारण प्रधान एवं सचिव जानते होंगे। ग्राम पंचायत में तैनात सचिव एवं प्रधान की कार्य शैली को देखते हुए इनके ऊपर किसी भी प्रकार की ना तो जवाब दे ही होती है ना ही इनके ऊपर कोई अंकुश लगाने वाला है। यदि इनके ऊपर विकासखंड में बैठे अधिकारियों की अनुशासन के अनुरूप प्रतिक्रिया को अमल में लिया जाए तो यह व्यवस्था बहुत ही दुरुस्त हो सकती है।

आगे सर्दी का मौसम आने वाला है गोवंशों के लिए सुरक्षित ठंड के बचाव के लिए कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। प्रत्येक वर्ष ट्टर व त्रिपाल का भुगतान तो कर लिया जाता है लेकिन ट्टर व त्रिपाल नजर नहीं आते हैं।

जबकि ग्राम पंचायत में गौशाला तथा सामुदायिक शौचालय आदि की व्यवस्थाओं की देखरेख का दायित्व विकासखंड में बैठे सहायक विकास अधिकारी पंचायत की जिम्मेदारी बनती है।

फ्रि भी हालत यही है कि गांधारी की तरह आंखों में पट्टी बांधे विकासखंड में ही बैठे रहते हैं। ग्राम पंचायत में प्रधान व सचिव की मनमानी के अनुसार कार्य कराए जाते हैं।

# सिद्धरमैया ने पीएम मोदी से की मुलाकात

## दो सिंचाई परियोजनाओं के लिए तत्काल मंजूरी मांगी



**नई दिल्ली।**(भाषा) कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की तथा उनसे अल्पावधि कृषि ऋण सीमा में सुधार, 10,000 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता और मेकेदातु जलाशय एवं कलसा बंडूरी परियोजनाओं के लिए तत्काल मंजूरी देने का अनुरोध किया। संसद भवन परिसर में हुई बैठक में सिद्धरमैया ने कृषि, जल संसाधन और शहरी बुनियादी ढांचे सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कई प्रमुख मामलों में हस्तक्षेप किए जाने पर जोर दिया। बैठक में मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री एवं सिंचाई मंत्री डी के शिवकुमार, ऊर्जा मंत्री के जे जॉर्ज और शहरी विकास मंत्री बिरथी सुरेश भी मौजूद थे। मुलाकात के बाद सिद्धरमैया ने पत्रकारों से कहा, हम 35 लाख किसानों को ऋण उपलब्ध कराते हैं। अल्पकालिक कृषि ऋण सीमा में भारी कटौती से कृषि क्षेत्र पर असर पड़ेगा और किसानों को निजी ऋणदाताओं पर निर्भर होना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक) ने कर्नाटक के लिए अल्पकालिक कृषि ऋण सीमा 2023-24 के 5,600 करोड़ रुपए से घटाकर 2024-25 में केवल 2,340 करोड़ रुपए कर दी है। उन्होंने कहा कि 58 प्रतिशत की इस कटौती से किसानों की सस्ते कर्ज तक पहुंच गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है। सिद्धरमैया ने कहा, मैंने प्रधानमंत्री से इस पर गौर करने और वित्त मंत्रालय को इस स्थिति को सुधारने का निर्देश देने का अनुरोध किया है ताकि कर्नाटक में किसानों को सस्ता कृषि ऋण मिलता रहे। उन्होंने कहा कि इससे न केवल कर्नाटक में बल्कि पूरे देश में किसान प्रभावित हुए हैं क्योंकि नाबार्ड ने देशभर में अल्पकालिक कृषि ऋण सीमा घटा दी है।उन्होंने अपर भद्रा परियोजना के लिए 5,300 करोड़ रुपए दिए जाने का अनुरोध किया। इस परियोजना का उद्देश्य मध्य कर्नाटक के सूखाग्रस्त कृषि क्षेत्र की सिंचाई करना है। यह परियोजना 2023-24 के केंद्रीय बजट के बाद से लंबित है। सिद्धरमैया ने दो महत्वपूर्ण जल परियोजनाओं - कावेरी नदी पर मेकेदातु जलाशय और महादई नदी पर कलसा बंडूरी परियोजना - को अनुमति देने पर भी जोर दिया। दोनों ही परियोजनाएं जल शक्ति और पर्यावरण मंत्रालयों से मंजूरी का बाट जोह रही हैं। कर्नाटक ने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में शीर्ष योगदान देने वाले और प्रौद्योगिकी केंद्र बेंगलुरु की स्थिति को रेखांकित करते हुए शहरी और सार्वजनिक परिवहन के लिए विशेष सहायता का अनुरोध किया है। इसके अतिरिक्त, कर्नाटक ने 13 उभरते नगर निगमों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 10,000 करोड़ रुपए मांगे हैं। राजकोषीय आवंटन के मामले में मुख्यमंत्री ने 15वें वित्त आयोग द्वारा प्रतिकूल सिफारिश किए जाने की शिकायत की, जिसके तहत इसके कर हिस्से में एक प्रतिशत की कमी कर दी गई है। सिद्धरमैया ने केंद्र सरकार से मुआवजा अनुदान प्रदान करने और यह सुनिश्चित करने की अपील की कि भविष्य का वित्त आयोग कर में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वाले राज्यों को दंडित न करे। कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा से भी मुलाकात की और उन्हें वायनाड से सांसद चुने जाने पर बधाई दी।

# काव्य संग्रह *आवारा सड़कें* पर परिचर्चा हुई आयोजित

**नई दिल्ली।** अमित कुमार मल्ल के काव्य संग्रह आवारा सड़कें पर साहित्य अकादमी में परिचर्चा आयोजित की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. राज शरण शाही ने की। मुख्य वक्ता जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रो. सुधीर प्रताप सिंह थे। लेडी श्रीराम कालेज की प्रो. सारिका कालरा ने विशिष्ट वक्ता की भूमिका निभायी। बीज व्यक्तव्य दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. प्रदीप सिंह ने दिया। वक्ता के रूप में जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के डॉ. ज्ञानेंद्र, खालसा कालेज के डॉ. अमरेंद्र पांडे, और रामजस कालेज की शुभ्रा दुबे ने अपने विचार रखे। उल्लेखनीय है कि अमित कुमार मल्ल का यह छठा काव्य संग्रह है। वक्ताओं ने इसकी रचनाओं पर प्रकाश डालते हुए इसे आम आदमी के दैनिक जीवन संघर्ष का काव्य बताया। इस कार्यक्रम के प्रारंभ में आयोजक कस्तूरी के पदाधिकारियों द्वारा सभी पैनल व



रचनाकार का स्वागत किया। चर्चा की शुरुआत डॉ. प्रदीप ने करते हुए, इस काव्य संग्रह की अन्य काव्य संग्रहों की तुलना करते हुए, आम जीवन का संघर्ष बताया। शुभ्रा दुबे ने काव्य संग्रह में अप्रत्यक्ष लय की बात कही। अमरेन्द्र पांडे ने तेरे हाथ कविता का विश्लेषण किया। ज्ञानेंद्र ने इसे सामान्य बताया, जो विशिष्ट है। सारिका कालरा ने पहले के काव्य संग्रहों की तुलना में इसे मैच्योर बताया। सुधीर प्रताप में शीर्षक से विश्लेषण से, अपना वक्तव्य शुरू किया। राज शरण शाही ने सामान्य जीवन का विशिष्ट संघर्ष बताते हुए, परिचर्चा समाप्त की।

## जेपी इंटर कॉलेज मोहम्मदी में शिक्षक सम्मान समारोह

**मोहम्मदी खीरी।** आज नारायण कॉलेज बरेली द्वारा मोहम्मदी के जेपी इंटर कॉलेज में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मोहम्मदी के सभी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं इंटरमीडिएट में पढ़ने वाले शिक्षकों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गुरुजनों को सम्मानित करना एवं उन क्षेत्रों के बारे में जानकारी देना था जिनके बारे में लोग जानते नहीं। नारायण कॉलेज के चेयरमैन शशि भूषण द्वारा कुछ नये कोर्सेज की जानकारी दी गई जो रोजगार परक हैं। उन्होंने कहा आज केवल बीएए बीएससीए बीकॉमएबीटेकए जीटीआईए वीवीए आदि के बाद जॉब केवल टॉपर्स को मिल पा रही है। क्योंकि यह कोर्स कर निकलने वाले अधिक और नौकरियां कम हैं। परंतु कुछ क्षेत्रों में नौकरियां ज्यादा हैं और काम करने वाले ट्रेंड लोग कम। क्योंकि यह कोर्स कराने वाले कॉलेज काम हैंए जैसे होटलए एयरलाइनए टूरिज्मए मीडियाए फैशनए नैनो टेक्नोलॉजी आदि इनमें जॉब खाली पड़ी हैं।

# पश्चिम बंगाल स्कूल भर्ती घोटाले में कुंतल घोष को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल प्राथमिक स्कूल भर्ती घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस के पूर्व युवा नेता कुंतल घोष को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि इस मामले में निकट भविष्य में सुनवाई पूरी होने की संभावना नहीं है, जबकि घोष पिछले 19 महीनों से हिरासत में हैं। घोष एक साल से अधिक समय बाद जेल से बाहर आएंगे, क्योंकि उन्हें घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में 20 नवंबर को जमानत दे दी गई थी। पीठ ने कहा, मुकदमे के निष्कर्ष के बारे में पूर्वानुमान लगाना अभी जल्दबाजी होगी। मौजूदा परिस्थितियों में, आरोपी को अनिश्चितकाल के लिए हिरासत में रखना कानून में स्थापित व्यवस्था के अनुरूप नहीं होगा। पीठ ने घोष को जमानत दे दी और उनसे कहा कि वह अदालत या जांच एजेंसी की पूर्व अनुमति के बिना पश्चिम बंगाल से बाहर नहीं जाएं। पीठ ने कहा है कि घोष कोई सार्वजनिक पद भी नहीं संभालेंगे और मीडिया में जांच के गुण-दोष से संबंधित कोई बयान नहीं देंगे। न्यायालय ने कहा, हम उन्हें राजनीतिक पार्टी में कोई भी पद लेने से नहीं रोक सकते। पीठ ने उन्हें मामले में साक्ष्यों को प्रभावित या उनसे छेड़छाड़ न करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान घोष की ओर से पेश अधिवक्ता एम.एस. खान ने अपनी दलील के समर्थन में निचली अदालत के दो आदेश प्रस्तुत किए कि निकट भविष्य में सुनवाई पूरी नहीं हो पाएगी, क्योंकि सीबीआई ने अब तक मामले में अंतिम आरोपपत्र दाखिल नहीं किया है। खान ने कहा कि निचली अदालत ने 16 जनवरी और जुलाई में पारित अपने आदेश में संकेत दिया था कि जांच जारी है और निकट भविष्य में सुनवाई शुरू करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा, मैं (मुवक्किल) पिछले 19 महीनों से हिरासत में हूं और मेरे खिलाफ अभी तक आरोप तय नहीं किए गए हैं। इसके अलावा, मामले को दूसरी अदालत में स्थानांतरित करने के लिए एक अर्जी दायर की गई है।

# संभल में मस्जिद सर्वेक्षण विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का दोनों पक्षों ने स्वागत किया

**संभल।** (भाषा) संभल में मस्जिद सर्वेक्षण से जुड़े विवाद पर उच्चतम न्यायालय के आदेश का दोनों पक्षों ने स्वागत किया है। शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को संभल की निचली अदालत से कहा कि वह मुगलकालीन मस्जिद के सर्वेक्षण से संबंधित कोई आदेश पारित न करे। इसने उत्तर प्रदेश सरकार को हिंसा प्रभावित शहर में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने का निर्देश दिया।



इस आदेश का स्वागत करते हुए मस्जिद कमेटी के वकील शकील अहमद वारसी ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा से कहा कि उच्चतम न्यायालय का यह आदेश बेहतर है। वहीं, हिन्दू पक्ष के वकील श्रीगोपाल शर्मा ने कहा, शीर्ष अदालत का निर्णय सिर आंखों पर है। उन्होंने कहा कि चाहे निचली अदालत का फैसला हो, चाहे उच्च न्यायालय का फैसला हो या शीर्ष अदालत का आदेश हो, उसका पालन सभी को करना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय को मुस्लिम पक्ष की याचिका दाखिल होने के तीन कार्य दिवसों के भीतर मामला सूचीबद्ध करने का आदेश दिया। इसने कहा, हमें उम्मीद और भरोसा है कि निचली अदालत इस मामले पर तब तक आगे नहीं बढ़ेगी जब तक कि उच्च न्यायालय इस पर सुनवाई नहीं करता और इस मामले में कोई आदेश पारित नहीं करता। संभल में अदालत के आदेश पर 19 नवंबर को जामा मस्जिद के पहली बार किए गए सर्वेक्षण के बाद से ही तनाव की स्थिति बनी हुई है। अदालत ने यह आदेश जिस याचिका पर दिया उसमें दावा किया गया है कि जिस जगह पर जामा मस्जिद है वहां पहले कभी हरिहर मंदिर था। गत 24 नवंबर को मस्जिद का दोबारा सर्वेक्षण किए जाने के दौरान हिंसा भड़क उठी थी। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प में चार लोगों की मौत हो गई थी तथा 25 अन्य घायल हुए थे।

# आयुष्मान कार्ड से गर्भाशय की सर्जरी की अनुमति देने से नोडल अधिकारी का इंकार

**हमीरपुर।** ब्रजरानी हास्पिटल द्वारा आयुष्मान कार्ड से एक साथ कई महिलाओं की गर्भाशय की सर्जरी करने व स्पष्ट उल्लेख न होने के कारण आयुष्मान कार्ड के नोडल अधिकारी व डिप्टी सीएमओ ने सर्जरी करने की अनुमति देने से साफइंकार कर दिया है। उन्होने रिपोर्ट में सभी पांच महिलाओं की अल्ट्रासाउन्ड रिपोर्ट देने को कहा है। वही सरकारी अस्पताल के डाक्टरों द्वारा महिलाओं के गर्भाशय निकालने की सर्जरी को सरकारी महिला अस्पताल के बजाय प्रायवेट अस्पताल को रिफर करने पर डाक्टरों पर आशंका जाहिर की है।जानकारी के मुताबिक आयुष्मान कार्ड द्वारा पांच लाख की सुविधा के चलते डिप्टी सीएमओ व कार्ड के नोडल अधिकारी डा.संजय कुमार ने कार्ड के दुरुपयोग की आशंका जाहिर की है। राठ स्थित ब्रजरानी हास्पिटल के संचालिका द्वारा अक्सर कई कई महिलाओं के गर्भाशय निकालने की सर्जरी की अनुमति मांगती रहती है। जबकि नियमानुसार एक महिला की सर्जरी होने के बाद ही दूसरी महिला की सर्जरी की अनुमति मांगनी चाहिये,अस्पताल प्रबंधन ने सीएमओ को भेजे गये पत्र में राठ व महोवा क्षेत्र की पांच महिलाओं के गर्भशाय सर्जरी करने के लिये आयुष्मान कार्ड के नोडल अधिकारी व सीएमओ से अनुमति मांगी है, नोडल अधिकारी का तर्क है कि ब्रजरानी हास्पिटल के पिछले साल इतनी बडी तादाद में आपरेशन करने पर लखनऊ की जांच टीम आयी थी इसके कुछ दिन बाद आपरेशन कार्य बंद रहा है। इधर फिर चालू हो गया है इतनी बडी संख्या में गर्भाशय की सर्जरी करने से संदेह उत्पन्न हो गया है। नोडल अधिकारी ने अनुमति देने से साफइंकार कर दिया है। उनका कहना है कि यहजांच का मामला है उनका तर्क है कि अस्पताल में कोई डाक्टर बाहर से आकर आपरेशन करता है जो नियमविरुद्ध है इसकी जांच पड़ताल की जायेगी। सरकारी अस्पताल के डाक्टरों द्वारा नियमानुसार महिला अस्पताल को रिफर करना चाहिये प्रायवेट अस्पताल के लिये रिफर करना गाइड लाइन के विपरीत है इस मामले की जानकारी डिप्टी सीएमओ डा.संजय कुमार ने सीएमओ डा.गीतम सिंह को दे दी है।मामला चर्चा का विषय बनाहुआ है।

# पेज 1 का शेष

## महाराष्ट्र...

चौंका दिया है। सामान्य तौर पर, मुख्यमंत्री पद के लिए सबसे आगे चल रहे देवेंद्र फडणवीस को अब तक भाजपा का नेता चुन लिया जाना चाहिए था। हालांकि महायुति को चुनावों में ऐतिहासिक जीत दिलाने के छह दिन बीत चुके हैं, लेकिन भाजपा विधायक दल की बैठक अभी तक नहीं हुई है। भाजपा के सूत्रों ने भाजपा विधायक दल की बैठक में देरी के लिए मुंबई में पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षकों के पहुंचने में देरी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि पर्यवेक्षक रविवार को मुंबई पहुंच रहे थे। इस देरी ने राज्य के राजनीतिक हलकों में अटकलों को हवा दे दी है कि क्या जेपी नड्डा के नेतृत्व वाली पार्टी हाल ही में मध्य प्रदेश में किए गए आश्चर्य की तरह कुछ और करेगी, जहां उसने विधानसभा चुनाव के नतीजों के दो हफ्ते से भी अधिक समय बाद शिवराज चौहान की जगह यादव ओबीसी समुदाय के नेता मोहन यादव को राज्य का मुख्यमंत्री बनाया था। पूरे दिन राज्य के राजनीतिक हलकों में अटकलें चलती रहीं कि शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोनों ही फडणवीस को एक बार फिर महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनाने के खिलाफ हैं। फडणवीस के संभावित प्रतिस्थापन के रूप में नितिन गडकरी और विनोद तावड़े के नामों पर चर्चा हो रही थी, जिनके बारे में कहा जा रहा था कि उन्हें भाजपा का अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाएगा। भाजपा के भीतर कथित तौर पर चल रही जोड़-तोड़ के कारण तावड़े की लोकप्रियता में काफी गिरावट आई, जब राज्य विधानसभा चुनाव से एक दिन पहले वसई-विरार इलाके में कथित तौर पर पैसे बांटने के विवाद में वे फंस गए। सत्तारूढ़ महायुति के भीतर मौजूदा राजनीतिक स्थिति को देखते हुए, नई सरकार के गठन में अभी कुछ और दिन लगेंगे। हालांकि यह कमोबेश तय है कि एक मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्री होंगे, लेकिन महायुति को नई सरकार में मंत्री पद और विभागों के बंटवारे पर कड़ी मेहनत करनी होगी।

## संभल...

सर्वेक्षण किया गया था, जिसके बाद यह दावा किया गया था कि उसी स्थान पर कभी हरिहर मंदिर हुआ करता था। 24 नवंबर को विरोध प्रदर्शन बढ़ गया, जिसके कारण पथराव, आगजनी और सुरक्षा बलों के साथ हिंसक झड़पें हुईं। इस जांच के निष्कर्ष से क्षेत्र में शांति बनाए रखने में सहायता मिलने की उम्मीद है, साथ ही भविष्य में ऐसी घटना दोबारा नहीं हो इसे लिए भी सिफारिशें करेगा। इस बीच, इस मस्जिद समेत प्रदेश के अन्य स्थानों पर जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं आई है। यह सब कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते हुआ। मुरादाबाद रेंज के उप महानिरीक्षक मुनिराज स्थिति की निगरानी के लिए संभल में मौजूद थे। शुक्रवार की नमाज के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए पुलिस कर्मियों ने छतों से इलाके की निगरानी की। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कानून और व्यवस्था के सख्त पालन का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, सरकार सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का सम्मान करती है। निष्पक्ष जांच की जाएगी और शांति भंग करने वाले आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी की आलोचना करते हुए उस पर अशांति को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, हम सौहार्द को बिगाड़ने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं करेंगे। अगर सपा अपनी रणनीति जारी रखती है, तो यह उनके पतन का कारण बनेगा। शाही जामा मस्जिद में शुक्रवार की नमाज में समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर रहमान बिर्क के पिता और समुदाय के नेता जफर अली सहित प्रमुख स्थानीय नेताओं ने भाग लिया। अली ने सौहार्द बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, वह शांति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि बिना किसी डर के नमाज अदा की जा सके। 24 नवंबर को हुई हिंसक झड़पों के बाद यह पहली शुक्रवार की नमाज थी, जो मस्जिद के न्यायालय द्वारा आदेशित सर्वेक्षण के बाद भड़की थी। सरकार की त्वरित कार्रवाई, सख्त न्यायिक निगरानी के साथ, तनाव कम करने और विवाद के निष्पक्ष समाधान का मार्ग प्रशस्त करने की उम्मीद है।

## जामा मस्जिद...

2024 के आदेश को उचित मंच पर चुनौती देनी चाहिए। इस बीच, पीठ को अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (राज्य सरकार की ओर से पेश केएम नटराज) ने भी शांति और सद्भाव बनाए रखा जाने का आश्वासन दिया है। हम यह भी मानते हैं कि यदि कोई पुनरीक्षण याचिका/विविध याचिका पेश की जाती है, तो उसे तीन कार्य दिवसों की अवधि के भीतर सूचीबद्ध किया जाएगा। आदेश में उल्लेख किया गया है कि मामला 8 जनवरी, 2025 को ट्रायल कोर्ट के समक्ष तय किया गया और कहा कि हमें उम्मीद है और भरोसा है कि ट्रायल कोर्ट मामले को तब तक आगे नहीं बढ़ाएगा जब तक कि मामला उच्च न्यायालय के समक्ष सूचीबद्ध नहीं हो जाता। हम स्पष्ट करते हैं कि हमने मामले की योग्यता पर कोई राय व्यक्त नहीं की है। हम वर्तमान विशेष अनुमति याचिका का निपटारा नहीं कर रहे हैं। इसे 6 जनवरी से शुरू होने वाले सप्ताह में फिर से सूचीबद्ध करें। इससे पहले दिन में, संभल कोर्ट के सिविल जज आदित्य सिंह ने कोर्ट द्वारा नियुक्त कमिश्नर राकेश सिंह राघव को मस्जिद पर सर्वेक्षण रिपोर्ट 10 दिनों के भीतर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने शीर्ष अदालत में मस्जिद समिति का प्रतिनिधित्व किया। शुरुआत में, सीजेआई ने अहमदी से पूछा कि जिला सिविल कोर्ट के विवादित आदेश के खिलाफ सीधे सुप्रीम कोर्ट में याचिका कैसे दायर की गई और उन्हें उच्च न्यायालय में कानूनी सहारा लेने की सलाह दी। अहमदी ने कहा कि ट्रायल कोर्ट के आदेश से बड़ी गड़बड़ी होने की संभावना है और उन्होंने शीर्ष अदालत से हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। हालांकि, पीठ ने समिति को संविधान के अनुच्छेद 227 के तहत उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की सलाह दी, जो निचली अदालतों पर पर्यवेक्षी शक्तियां प्रदान करता है। सीजेआई ने कहा कहा, हमें आदेश पर कुछ आपत्तियां हो सकती हैं, लेकिन क्या यह अनुच्छेद 227 के अधीन नहीं है? आपको उचित मंच से संपर्क करना होगा । उन्होंने सामुदायिक सद्भाव के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए कहा, शांति और सद्भाव बनाए रखना होगा। हम नहीं चाहते कि कुछ भी हो... हमें पूरी तरह से तटस्थ रहना होगा और सुनिश्चित करना होगा कि कुछ भी गलत न हो। पीठ ने राज्य प्रशासन से दोनों समुदायों के सदस्यों वाली एक शांति समिति गठित करने को कहा। एएसजी केएम नटराज ने पीठ को क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए राज्य की प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया।19 नवंबर को, संभल के सिविल जज (वरिष्ठ डिवीजन) की अदालत ने हिंदू पक्ष की याचिका पर गौर करने के बाद एक अधिवक्ता आयुक्त द्वारा मस्जिद का सर्वेक्षण करने के लिए एकपक्षीय आदेश पारित किया, जिसमें दावा किया गया था कि मस्जिद का निर्माण मुगल सम्राट बाबर ने 1526 में एक मंदिर को ध्वस्त करने के बाद किया था। 24 नवंबर को, आदेश के बाद, इलाके में हिंसा भड़क उठी, जिसमें चार लोगों की जान चली गई। संभल की शाही जामा मस्जिद की प्रबंधन समिति ने 28 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जिसमें जिला अदालत के 19 नवंबर के आदेश को चुनौती दी गई, जिसमें मुगलकालीन मस्जिद का सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया गया था, जबकि सिविल जज द्वारा पारित 19 नवंबर के आदेश के क्रियान्वयन पर एकपक्षीय रोक लगाने की मांग की गई थी। 19 नवंबर के बाद यूपी के संभल में तनाव पैदा हो गया, जब शाही जामा मस्जिद का अदालत द्वारा आदेशित सर्वेक्षण किया गया, यह दावा करने के बाद कि स्थल पर पहले हरिहर मंदिर था। 24 नवंबर को प्रदर्शनकारी मस्जिद के पास एकत्र हुए और सुरक्षाकर्मियों के साथ उनकी झड़प हुई, जिसके परिणामस्वरूप पथराव और आगजनी हुई, जिसमें चार लोग मारे गए और कई घायल हो गए।

## दिल्ली स्कूल..

विहार में बम विस्फोट हुआ था और आज स्कूल को ही बम की धमकी मिली है। उन्होंने कहा, जैसे ही मुझे स्कूल से बम की धमकी के बारे में संदेश मिला, मैं एकदम से चौंक गई और तुरंत वहां पहुंच गई। उन्होंने आगे कहा कि अपने बच्चे को स्कूल भेजने के बाद भी वह लगातार डरी हुई रहेगी। अवस्थी ने कहा, मैं उसकी पढ़ाई रोक नहीं सकती, लेकिन फिर ऐसी खबरें मुझे डराती हैं। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार, रोहिणी के वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल से बम से संबंधित एक ईमेल धमकी के बारे में सुबह करीब 11 बजे कॉल आया, जिस पर डीएफएस की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। डीएफएस के एक अधिकारी ने कहा, एक दमकल विभाग को बचाव दल के साथ मौके पर भेजा गया। स्कूल प्रशासन ने एहतियात के तौर पर स्कूल परिसर को खाली करा लिया और कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली। पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड और डीएफएस कर्मियों ने स्कूल के पूरे परिसर की जांच की। पुलिस उपायुक्त (रोहिणी) अमित गोयल ने कहा, यह एक अफवाह थी। बम की धमकी के स्रोत की अभी भी पुष्टि की जा रही है। अधिकारी ने कहा कि कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली और धमकी को अफवाह घोषित कर दिया गया। स्कूल के अधिकारी ने एक बयान में कहा, प्रिय अभिभावकों, एक आपात स्थिति (स्कूल को प्राप्त एक धमकी भरा ईमेल) के कारण छात्रों को जल्दी से जल्दी वापस भेजा जा रहा है। बसों और स्व-निपटान वाले छात्रों को 11 बजे स्कूल छोड़ने की अनुमति दी जाएगी। स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। घबराने की कोई जरूरत नहीं है, वीजीएस की प्रिंसिपल डॉ. नमिता सिंघल ने कहा कि स्कूल को अपने आधिकारिक ईमेल में बम की धमकी मिली थी। उन्होंने कहा, ईमेल मिलने के बाद, हमने सभी छात्रों और कर्मचारियों को वहां से हटा दिया। यह धमकी गुरुवार की सुबह रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में हुए कम तीव्रता वाले विस्फोट के एक दिन बाद आई, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया और निवासियों में दहशत फैल गई। विस्फोट एक पार्क के पास एक मिठाई की दुकान के सामने हुआ, जो केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) स्कूल से लगभग 500 मीटर दूर है, जहां लगभग 40 दिन पहले एक और उच्च तीव्रता वाला विस्फोट हुआ था, जो अभी तक अनसुलझा है। इस बीच अधिकारियों ने कहा, दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को रोहिणी में एक सिनेमा हॉल के पास हुए विस्फोट के संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज की है। उसी क्षेत्र में सीआरपीएफ स्कूल में हुए विस्फोट के लगभग 40 दिन बाद कम तीव्रता वाला विस्फोट हुआ, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया और निवासियों में दहशत फैल गई। पुलिस ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 326 (जी) (सार्वजनिक सुरक्षा के लिए गंभीर परिणाम वाली शरारत), सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की रोकथाम अधिनियम की धारा 4 और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 3 के तहत प्रशांत विहार पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और घटनास्थल पर विस्फोटक सामग्री डालने या लगाने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं।

## दिल्ली...

पर भी सवाल उठाया, जो वर्तमान में जेल में बंद है और कथित तौर पर दिल्ली और उसके बाहर जबरन वसूली रैकेट चला रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से जवाबदेही की मांग करते हुए पूछा, लॉरेंस बिश्नोई कौन है और क्या उसे भाजपा का संरक्षण प्राप्त है। अन्यथा, वह इन जबरन वसूली रैकेट को कैसे चला रहा है। आप नेता ने केंद्रीय गृह मंत्री पर अपनी जिम्मेदारियों से भागने का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि दिल्ली वालों का अधिकारियों पर से विश्वास उठ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि दिल्ली पुलिस के एक कांस्टेबल की हत्या सहित विभिन्न अपराधिक मामले शाह के आवास से कुछ किलोमीटर दूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली का आधा शासन दिल्ली सरकार के अधीन है, लेकिन सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है। यह केंद्रीय गृह मंत्री की जिम्मेदारी है लेकिन दिल्ली में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से खराब हो गई है, खासकर वर्ष 2019 में अमित शाह के केंद्रीय गृह मंत्री बनने के बाद से। दिल्ली विधानसभा के पांच साल के कार्यकाल के अंतिम सत्र के पहले दिन शुक्रवार को केजरीवाल का संबोधन गुरुवार को रोहिणी में हुए कम तीव्रता वाले बम विस्फोट के बाद बढ़े तनाव के बीच आया।

## कठिन फैसले...

बेहतर बनानी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी पुराने तरीकों पर चलकर सफलता हासिल नहीं कर सकती। पार्टी को यह देखना होगा कि आपका राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी रोजाना क्या कर रहा है। हमें समय पर फैसले लेने होंगे। जवाबदेही तय करनी होगी।

## दिल्ली...अब....

पर रखें। ताज ट्रैपोजियम ज़ोन (टीटीज़ेड) में पेड़ों की गणना पर, पीठ ने कहा कि टीटीज़ेड में पेड़ों की गणना के अलावा वह संस्थागत तंत्र विकसित करना चाहती है। उसने कहा, हम एक संस्थागत तंत्र बनाना चाहते हैं जो पेड़ों की कटाई के लिए दी गई अनुमतियों पर गौर कर सके। टीटीज़ेड उत्तर प्रदेश के आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, हाथरस और एटा जिलों और राजस्थान के भरतपुर जिले में फैला हुआ है। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भट्टी ने कहा कि भारतीय वन सर्वेक्षण, जिसके पास इस तरह के सर्वेक्षण के लिए साधन हैं, जनगणना करने के लिए उपयुक्त प्राधिकारी हो सकता है। पीठ ने कहा, टीटीज़ेड में पेड़ों की गणना की जानी है। लेकिन, हमें विभिन्न पक्षों को सुनने की ज़रूरत है और मामले की अगली सुनवाई 16 दिसंबर को तय की, जब वह टीटीज़ेड में पेड़ों की गणना पर भी आदेश पारित करेगी।

## यमुना...

पार्किंग की जगह के साथ तीन प्रवेश द्वार हैं और नदी तक उतरने के लिए 25 सीढ़ियां हैं। यहां मां यमुना की एक प्रतिमा स्थापित की गई है, साथ ही उत्तर प्रदेश के जलेसर से मंगाई गई 300 किलो की धातु की घंटी से ढकी एक छतरी भी है, जिसे बजाने पर एक अनोखी कंपन और ध्वनि उत्पन्न होती है। एलजी की दूसरी पसंदीदा परियोजना सराय काले खां के पास स्थित बांसेरा पार्क है। यमुना के पश्चिमी तट पर 28 एकड़ क्षेत्र में स्थित बांसेरा में 30,000 से अधिक बांस के पौधों की 15 किस्में हैं। रोशनआरा बाग एक और परियोजना है, जो 57 एकड़ में फैली हुई है, 17वीं शताब्दी का रोशनआरा बाग सम्राट शाहजहां और उनकी बेगम मुमताज महल की दूसरी बेटी द्वारा विकसित एक उद्यान था। मूल उद्यान को 1650 के दशक में राजकुमारी द्वारा डिजाइन और कमीशन किया गया था, जब शाहजहानाबाद का निर्माण किया जा रहा था और बगीचे के केंद्र में बारादरी अब उनके विश्राम स्थल के रूप में कार्य करती है। दिल्ली के सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले हरित स्थलों में से एक बनने के लिए तैयार, यमुना वाटिका राजधानी के नागरिकों के लिए पर्यावरण संरक्षण और सतत शहरी विकास के प्रति एलजी की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# लगातार हो रही चुनावी हार के गुस्से में विपक्ष अब देश के खिलाफ साजिश करने में जुटा: मोदी

**भाषा।** भुवनेश्वर



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने शुक्रवार को कहा कि लगातार हो रही चुनावी हार ने विपक्षी दलों के भीतर इतना गुस्सा भर दिया है कि वह अब देश के खिलाफ साजिश करने में जुट गए हैं और अपना गुस्सा जनता पर ही निकालने लगे हैं।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओडिशा इकाई की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि विपक्षी दलों का एकमात्र मकसद किसी तरह देश की जनता को गुमराह कर सत्ता पर कब्जा करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी दलों पर सत्ता हासिल करने के लिए देश को गुमराह करने का आरोप लगाया और कहा कि सत्ता के भूखे ए लोग जनता से सिर्फ झूठ बोलते आए हैं।उन्होंने इस क्रम में साल 2019 के लोकसभा चुनाव में राफेल विमान सौदे में कथित भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस की ओर से चलाए गए चौकीदार चोर है अभियान का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जो चौकीदार 2019 में उनके लिए चोर था, वह साल 2024 आते-आते ईमानदार हो गया और अब वे एक बार भी चौकीदार को चोर नहीं बोल पाते।उन्होंने कहा, इनका (विपक्ष का) मकसद सिर्फ यही है कि किसी तरह देश की जनता को गुमराह करने के लिए सत्ता पर कब्जा किया जाए, ताकि देश को लूटा जा सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि लगातार हो रही चुनावी हार ने विपक्षी दलों के भीतर इतना गुस्सा भर दिया है कि वे अब देश के खिलाफ साजिश करने में जुट गए हैं और अपना गुस्सा जनता पर ही निकालने लगे हैं।प्रधानमंत्री ने कहा, उनकी झूठ और अफवाह की दुकान 50-60 साल से चल रही है। अब उन्होंने इस अभियान को और तेज कर दिया है। उन्होंने कहा, इनका मकसद सिर्फ यही है कि किसी तरह देश की जनता को गुमराह करने के लिए सत्ता पर कब्जा किया जाए, ताकि देश को लूटा जा सके। प्रधानमंत्री ने कहा, सत्ता के भूखे ए लोग जनता से सिर्फ झूठ बोलते आए हैं। जब इनका एक झूठ लोगों पर काम नहीं करता, तो उससे बड़ा दूसरा झूठ ए गढ़ते हैं। ए अपने कार्यकर्ताओं को भी झूठा दिलासा देने के लिए यही करते हैं। उन्होंने विपक्ष के कारनामों को बहुत बड़ी चुनौती करार दिया और देशवासियों से हर पल सतर्क और जागरूक रहने का आह्वान किया।प्रधानमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों ने पार्टी कार्यकर्ताओं में विश्वास भर दिया है और यही भाजपा की विशेषता और उसके कार्यकर्ताओं का सामर्थ्य है।उन्होंने कहा, विपक्षी दल भाजपा सरकार के खिलाफ सुबह शाम दुष्प्रचार करते रहते हैं। लेकिन जनता भाजपा सरकार के कामों को देखकर उन्हें आशीर्वाद देने खुद मैदान में दौड़ पड़ती है। ओडिशा विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि इसके कुछ महीने पहले तक बड़े-बड़े राजनीतिक विशेषज्ञ भाजपा को पूरी तरह से खारिज कर रहे थे और दावा कर रहे थे कि इस पूर्वी राज्य में भाजपा इतनी बड़ी ताकत नहीं हो सकती कि वह अपने बूते सरकार बना ले।उन्होंने कहा, लेकिन जब परिणाम आए, तो सारे के सारे लोग...जो अपने आप को तीसमारखां मानते थे, सब के सब हैरान हो गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि ओडिशा के लोगों ने भाजपा के केंद्र सरकार के कामों को देखा और दिल्ली में बैठे रहने के बावजूद उन्होंने यहां के लोगों के साथ अपनेपन का नाता रखा।

# महाराष्ट्र में सरकारी बस पलटने से 11 यात्रियों की मौत, 25 घायल

**भाषा।** गोंदिया



**महाराष्ट्र के** गोंदिया जिले में शुक्रवार दोपहर महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की बस पलट जाने से कम से कम 11 यात्रियों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि शिव शाही नाम से सेवा प्रदान करने वाली एमएसआरटीसी की बस 36 यात्रियों को लेकर भंडारा से गोंदिया जिले की ओर जा रही थी, लेकिन सड़क अर्जुनी तालुका के खजरी गांव में अचानक सामने आए दोपहिया वाहन से टकराने से बचने के लिए चालक ने ब्रेक लगाया जिससे बस पलट गई। उन्होंने बताया कि दोपहर करीब साढ़े 12 बजे हुई इस दुर्घटना में 11 यात्रियों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि घायल यात्रियों को अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि 11 मृतकों में से अब तक नौ की पहचान हो चुकी है, जबकि 50 वर्षीय दो अन्य की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि मृतकों में 32 वर्षीय एक महिला पुलिसकर्मी भी शामिल है, जिसकी पहचान जिले के अर्जुनी मोरगांव की स्मिता विक्की सूर्यवंशी के रूप में हुई है। उनके पति पुलिस विभाग में काम करते थे और कुछ साल पहले किसी बीमारी के कारण उनका निधन हो गया। उन्हें अनुकंपा के आधार पर विभाग में नौकरी दी गई थी और वर्तमान में वह गोंदिया में पुलिस मुख्यालय में तैनात थीं। पुलिस ने बताया कि वह अपने ससुराल वालों और एक बेटे के साथ रहती थीं और अपने परिवार से मिलने के बाद ड्यूटी पर लौट रही थीं। पुलिस और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने दुर्घटनास्थल का दौरा किया। कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों के लिए 10-10 लाख रुपए के मुआवजे की घोषणा की। शिंदे ने गोंदिया के जिलाधिकारी से बात की और निर्देश दिया कि सभी घायल यात्रियों को उचित इलाज और चिकित्सीय देखभाल प्रदान की जाए। एक बयान में उनके हवाले से कहा गया कि जरूरत पड़ने पर उन्हें विशेष उपचार के लिए निजी अस्पतालों में भर्ती कराया जाना चाहिए और इसका खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

## कॉलेजियम ने न्यायाधीश चंद्र धारी सिंह को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में भेजने की सिफारिश की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस भेजने की सिफारिश की है। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने 28 और 29 नवंबर को हुई अपनी बैठकों में यह निर्णय लिया। उच्चतम न्यायालय के प्रस्ताव में कहा गया है, उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने 28 और 29 नवंबर, 2024 को हुई अपनी बैठकों में दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह को उनके मूल उच्च न्यायालय यानी इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस भेजने की सिफारिश की है। न्यायमूर्ति सिंह ने 1993 में दिल्ली विश्वविद्यालय से कानून में स्नातक की उपाधि प्राप्त की और 20 जुलाई 1994 को एक वकील के रूप में पंजीकरण कराया।

## एयू स्मॉल बैंक व भारती एक्सा में साझेदारी

**मुंबई।** भारत के सबसे बड़े स्मॉल फाइनेंस बैंक एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक एयू एसएफबी और भारत की लीडिंग प्राइवेट लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में शामिल भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस ने आज एक रणनीतिक बैंकाश्योरेंस साझेदारी करने की घोषणा की है। भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस भारती लाइफवेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड भारती ग्रुप की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। इस साझेदारी का उद्देश्य एयू एसएफबी के ग्राहकों को व्यापक रूप से लाइफ इंश्योरेंस जीवन बीमा और वित्तीय सुरक्षा के विकल्प प्रदान करना है। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और डिप्टी सीईओ उत्तम टिबरेवाल और भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस के एमडी और सीईओए पराग राजा ने आज मुंबई में एक कार्यक्रम में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए और इस रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। यह गठबंधन दोनों संस्थाओं की व्यापक रणनीति का एक हिस्सा है जिसके अंतर्गत ष्विकसित भारत और सभी के लिए इंश्योरेंसष् उनके लक्ष्य हैं।

## बापू के अध्यक्ष चुने जाने की 100वीं वर्षगांठ मनाएगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को फैसला किया कि महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष चुने जाने की 100वी वर्षगांठ अगले महीने मनाएगी। पार्टी की कार्य समिति की बैठक मे फैसला किया गया कि 26 दिसंबर को बेलगाम मे वर्षगांठ मनाई जाएगी क्योकि 1924 में महात्मा गांधी को बेलगाम अधिवेशन मे ही कांग्रेस अध्यक्ष चुना गया था। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने संवाददाताओ से कहा, पार्टी ने दिसंबर मे बेलगाम में 1924 में महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने की 100वी वर्षगांठ मनाने का भी फैसला किया है।

## सिद्धरमैया ने तत्काल मंत्रिमंडल विस्तार से इनकार किया

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शुक्रवार को तत्काल मंत्रिमंडल विस्तार की संभावना को खारिज कर दिया साथ ही संकेत दिया कि पूर्व आदिवासी कल्याण मंत्री बी नागेंद्र को बाद मे मंत्रिमंडल मे शामिल किया जाएगा। सिद्धरमैया ने संवाददाताओं से कहा, 'हम अभी ऐसा नही कर रहे है' इससे राज्य मंत्रिमंडल मे संभावित बदलावो के बारे में अटकलो पर विराम लग गया। नागेंद्र को मंत्रिमंडल में शामिल करने के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा, हम उन्हें शामिल करेंगे, लेकिन तुरंत नही। उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने भी दिन में इसी तरह की राय दोहराते हुए कहा कि (मंत्रिमंडल विस्तार के लिए) स्थिति अभी नही आई है और मौजूदा एकमात्र रिक्त स्थान को भरने के बारे में कोई चर्चा नही हुई है।

## इलेक्ट्रिक मोबिलिटी बढ़ाने की योजना

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी प्योर.प्ले इलेक्ट्रिक वाहन ईवी कंपनी ओला इलेक्ट्रिक ने अपने गिग और एस1 जेड स्कूटर लॉन्च किए हैं। ये स्कूटर आम लोगों को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रदान करने के लिए पेश किए गए हैं। इन नए स्कूटर्स में ओला गिगए ओला गिग़ए ओला एस1 जेड और ओला एस1 जेड़ स्कूटर शामिल हैं, जिनके मूल्य 39,999 से लेकर 64,999 एक्स.शोरूम से शुरू होते हैं। गिग और एस1 जेड सीरीज़ की बुकिंग आज से सिर्फ़499 में शुरू हो गई है। ये स्कूटर टिकाऊ,भरोसेमंद, किफ़ायती और फ्लेक्सिबल समाधान प्रदान करते हैं। इनमें रिमूवेबल बैटरी दी गई है, जो ग्रामीण, अर्ध.शहरी और शहरी क्षेत्रों के ग्राहकों की व्यक्तिगत और कमर्शियल जरूरतें पूरी करेगी। ये नए स्कूटर और ओला का मौजूदा पोर्टफोलियो ओला इलेक्ट्रिक को विभिन्न श्रेणियों में किफ ायती पेशकशों द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों का विस्तार करने का लक्ष्य प्राप्त करने में मदद करेंगे।

# देश में चिकित्सक और जनसंख्या का अनुपात विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक से बेहतर : नड्डा

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री** जे पी नड्डा ने शुक्रवार को लोकसभा को बताया कि देश में 811 लोगों के लिए एक चिकित्सक की उपलब्धता है जो विश्व स्वास्थ्य संगठन के 1:1000 के मानक अनुपात से बेहतर है। उन्होंने सदन में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, नवंबर 2024 की स्थिति के अनुसार राज्य चिकित्सा परिषदों और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के साथ 13,86,145 एलोपैथिक डॉक्टर पंजीकृत हैं। नड्डा ने कहा, पंजीकृत एलोपैथिक डॉक्टरों की 80 प्रतिशत उपलब्धता और लगभग 6.14 लाख आयुष डॉक्टरों की संख्या को देखते हुए देश में चिकित्सक-जनसंख्या का अनुपात लगभग 1:811 है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन के 1:1000 के मानक से बेहतर है। उन्होंने कहा कि सरकार ने मेडिकल कॉलेजों की संख्या में वृद्धि की है और इसके बाद एमबीबीएस सीटों में भी वृद्धि की है। मंत्री ने कहा कि 2014 में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 थी जिसमें 102 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और अब इनकी संख्या 780 हो गई है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, एमबीबीएस सीटों में 2014 से पहले से लेकर अब तक 130 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना योजना के सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉकों के निर्माण द्वारा सरकारी मेडिकल कॉलेजों के उन्नयन के तहत, कुल 75 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 69 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। नड्डा ने कहा कि नए एम्स की स्थापना के लिए केंद्रीय क्षेत्र योजना के तहत 22 एम्स को मंजूरी दी गई है और इनमें से 19 में स्नातक पाठ्यक्रम शुरू हो चुके हैं।

## बाबर और औरंगजेब ने मंदिरों को तोड़कर मस्जिदें बनाईं: शिक्षा मंत्री दिलावर

**जयपुर।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को कहा कि मुगल शासक बाबर और औरंगजेब ने मंदिरों को तोड़कर मस्जिदें बनवाई थीं।उन्होंने कहा कि अगर अदालत खुदाई का आदेश देती है तो खुदाई में मिलने वाले अवशेषों के आधार पर फैसला होगा। दिलावर का यह बयान अजमेर स्थित सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह शिव मंदिर के ऊपर बने होने के दावे से संबंधित विवाद के बीच आया। अदालत ने बुधवार को वाद को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया और अजमेर दरगाह समिति, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई), दिल्ली को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

## धार्मिक स्थलों पर हमलों को लेकर भाजपा ने बंगाल विधानसभा से बहिर्गमन किया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल मे हाल मे पूजा कार्यक्रमो के दौरान धार्मिक स्थलो पर हुए कथित हमलो के खिलाफ विधानसभा मे स्थगन प्रस्ताव पेश करने की अध्यक्ष द्वारा अनुमति नही दिए जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायको ने शुक्रवार को सदन से बहिर्गमन कर दिया।विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व मे भाजपा विधायको ने जब प्रस्ताव पेश करना चाहा तो विधानसभा अध्यक्ष बिमान बंद्योपाध्याय ने उनका अनुरोध ठुकरा दिया।उन्होंने कहा, (हमलों और अत्याचारों के बारे में) यह मुद्दा एक दिन पहले ही चर्चा के दौरान उठा था। अलग से किसी स्थगन प्रस्ताव की जरूरत नही है। इस फैसले से नाराज करीब 40 भाजपा विधायको ने तख्तियां उठाईं जिन पर बांग्ला भाषा मे नारे लिखे थे। कुछ तख्तियो पर लिखा था- बंगाल में दुर्गा पूजा, लक्ष्मी पूजा, कार्तिक पूजा के दौरान धार्मिक स्थलो पर हमले किए गए। इसकी अनुमति नही दी जा सकती। राज्य को कार्वाई करनी चाहिए। अध्यक्ष की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, जिहादी तत्वो द्वारा हाल मे किए गए हमलो पर कल सदन मे कोई चर्चा नही हुई। पता नही, अध्यक्ष ने ऐसा क्यों कहा।विपक्षी पार्टी के सदस्यों ने यह भी मांग की कि यदि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लोगो के जीवन और संपत्ति तथा राज्य के प्रत्एक नागरिक के धार्मिक अधिकारो की रक्षा नही कर सकती तो उन्हे इस्तीफा दे देना चाहिए।

## मंदिरों में प्रसाद: न्यायालय ने गुणवत्ता संबंधी याचिका पर विचार करने से इनकार किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंदिरो में बांटे जाने वाले प्रसाद की गुणवत्ता पर नियमन की मांग करने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए शुक्रवार को कहा यह मामला सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 26 नवंबर को कहा था कि कार्यपालिका अपनी सीमा के भीतर अपने कार्य का निर्वहन कर रही है। पीठ ने कहा, हम वर्तमान याचिका पर विचार करने के इच्छुक नही है क्योंकि याचिका मे की गई प्रार्थना सरकार के नीति क्षेत्र के अंतर्गत आती है। इसने कहा, हम वर्तमान याचिका पर विचार करने के इच्छुक नही हैं क्योंकि याचिका मे जो अनुरोध किया गया है, वह सरकार की नीति के दायरे मे आता है। पीठ ने कहा, यदि याचिकाकर्ता चाहे तो वह उचित प्राधिकार के समक्ष निवेदन कर सकता है जिस पर कानून के अनुसार विचार किया जाएगा। याचिकाकर्ता के वकील ने विभिन्न मंदिरो में भोजन या प्रसाद खाने के बाद लोगो के बीमार पड़ने की खबरों का जिक्र करते हुए कहा कि जनहित याचिका प्रचार के लिए दायर नही की गई है। इस पर पीठ ने कहा, इसे केवल प्रसादम तक ही सीमित क्यों रखा जाए? इसे होटलो से संबंधित भोजन, किराना (दुकानो) से हमारे द्वारा खरीदे जाने वाले खाद्य पदार्थों के लिए भी दायर किया जाए। वहां भी मिलावट हो सकती है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि यह मंदिरो मे गलती होने का मामला नही है क्योंकि उनके पास आपूर्ति की गुणवत्ता की जांच करने के लिए साधनो की कमी है।

## अदाणी मामले में भारत ने कहा, यह निजी कंपनियों और अमेरिकी न्याय विभाग से जुड़ा कानूनी मसला है

**नई दिल्ली।** अमेरिकी अभियोजकों द्वारा उद्योगपति गौतम अदाणी और कुछ अन्य पर रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी का आरोप लगाए जाने के कुछ दिनों बाद भारत ने शुक्रवार को कहा कि यह निजी कंपनियों और कुछ व्यक्तियों तथा अमेरिकी न्याय विभाग से जुड़ा एक कानूनी मामला है।विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार को इस मुद्दे के बारे में पहले से सूचित नहीं किया गया था। उन्होंने कहा, यह निजी कंपनियों और व्यक्तियों तथा अमेरिकी न्याय विभाग से जुड़ा एक कानूनी मामला है। ऐसे मामलों में स्थापित प्रक्रियाएं और कानूनी तरीके हैं, हमारा मानना है कि उनका पालन किया जाएगा। जायसवाल अपनी साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अदाणी और अन्य के खिलाफ लगाए गए आरोपों पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे।इस सवाल पर कि क्या अमेरिका ने अदाणी मामले पर कोई समन या वारंट भेजा है, उन्होंने कहा कि भारत को ऐसा कोई अनुरोध नहीं मिला है। जायसवाल ने कहा, किसी विदेशी सरकार द्वारा समन या गिरफ्तारी वारंट की तामील के लिए किया गया कोई भी अनुरोध आपसी कानूनी सहायता का हिस्सा है। ऐसे अनुरोधों की जांच गुण-दोष के आधार पर की जाती है। उन्होंने कहा, हमें इस मामले में अमेरिका की ओर से कोई अनुरोध नहीं मिला है।

# संसद में अदाणी और संभल मुद्दे पर गतिरोध बरकरार, नहीं चल पाए दोनों सदन

**भाषा।** नई दिल्ली



**अदाणी समूह पर** लगे आरोपों और संभल हिंसा सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर संसद में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण शुक्रवार को भी गतिरोध कायम रहा तथा राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद, जबकि लोकसभा की बैठक एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत 25 नवंबर को हुई थी और विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण पहले सप्ताह दोनों सदनों में गतिरोध कायम रहने से कोई महत्वपूर्ण विधाई कामकाज नहीं हो पाया।

निचले सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर जैसे ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराया, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्य आसन के समीप आकर नारेबाजी करने लगे। कांग्रेस सदस्य अदाणी समूह से जुड़े मामले को उठा रहे थे, वहीं सपा सांसद संभल हिंसा का मुद्दा उठाते देखे गए।लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से अपने स्थान पर जाने और सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की।हंगामे के बीच ही स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कुछ पूरक प्रश्नों के उत्तर भी दिए।बिरला ने इस दौरान नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों से कहा, देश की जनता चाहती है कि सदन चले। कई माननीय विद्वानों ने लिखा है कि संसद चलनी चाहिए, चर्चा-संवाद होना चाहिए। सहमति और असहमति हमारे लोकतंत्र की ताकत है। मैं आग्रह करता हूं कि जनता की भावनाओं और उनकी आशाओं एवं आकांक्षाओं के अनुसार, आप सदन चलाने में सहयोग करें। आज स्वास्थ्य एवं महिलाओं पर प्रश्नकाल में चर्चा हो रही है। प्रश्नकाल आपका समय है। उन्होंने यह भी कहा, देश की जनता सांसदों और संसद के बारे में चिंता व्यक्त कर रही है। आप सदन चलाने दें। आप अपने स्थान पर जाएं, आपको हर विषय पर नियम-प्रक्रियाओं के तहत चर्चा करने का पर्याप्त अवसर दूंगा। बिरला के बार-बार अपील करने के बाद भी आसन के समीप खड़े कांग्रेस और सपा सांसदों की नारेबाजी जारी रही। हंगामा नहीं थमने पर लोकसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न करीब 11 बजकर 10 मिनट पर दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी।दोपहर 12 बजे निचले सदन की बैठक फिर शुरू हुई तो विपक्षी सदस्य आसन के समीप आकर नारेबाजी करने लगे। शोरशराबा जारी रहने पर पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने दोपहर करीब 12 बजकर 10 मिनट पर सदन की बैठक दिनभर के लिए स्थगित कर दी।उधर, राज्यसभा में सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने बताया कि उन्हें विभिन्न मुद्दों पर नियम 267 के तहत चर्चा के लिए कुल 17 नोटिस मिले हैं, लेकिन वह इन्हें स्वीकार करने की स्थिति में नहीं हैं। कांग्रेस के प्रमोद तिवारी, रंजीत रंजन, अनिल कुमार यादव, दिग्विजय सिंह, विवेक तन्खा, रजनी पाटिल, जेबी माथेर हिशाम, अखिलेश प्रताप सिंह और सैयद नासिर हुसैन ने अदाणी समूह के खिलाफ भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और वित्तीय अनियमितताओं सहित अन्य कदाचारों के आरोपों के मुद्दे पर चर्चा के लिए नोटिस दिए थे।

## गुजरात एटीएस ने पाक एजेंट को तटरक्षक जहाजों की जानकारी देने के आरोपी मजदूर को गिरफ्तार किया

**अहमदाबाद।** गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के जहाजों की आवाजाही के बारे में संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी एजेंट के साथ साझा करने के आरोप मे शुक्रवार को एक मजदूर को गिरफ्तार किया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एटीएस) के.सिद्धार्थ ने बताया कि तटीय देवभूमि द्वारका जिले में ओखा जेट्टी पर वेल्डर सह मजदूर के रूप में काम करने वाले दीपेश गोहेल ने गोदी (जेट्टी) पर आने वाले आईसीजी जहाजो के बारे मे संवेदनशील जानकारी एक पाकिस्तानी महिला के साथ साझा की थी और इसके लिए उसे 200 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान मिलता है। पुलिस अधीक्षक ने संवाददाताओं को बताया कि मजदूर को भारतीय न्याय संहिता की धारा 61 और 147 के तहत आपराधिक साजिश और सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला ने गोहेल को बताया कि वह पाकिस्तानी नौसेना में काम करती है। महिला ने कहा कि अगर वह गोदी पर आने वाले तटरक्षक जहाजों के नाम और नंबर तथा उनकी आवाजाही के बारे मे बताए तो वह उसे प्रतिदिन 200 रुपए देगी।

## स्पॉटलाइट से दूर हैं भारत के ब्लू.कॉलर कर्मचारी

**मुंबई।** शशि कुमार हेड ऑफसेल्स इनडीड इंडिया के अनुसार भारत के गतिशील शहरी केंद्रों में चुपचाप एक क्रांति आ रही है जो ब्लू.कॉलर कर्मियोंष् की वृद्धि के साथ आगे बढ़ रही है, जिनमें प्लंबिंग, बिजली,कारपेंट्री,डिलीवरी एग्ज़िक्यूटिव्स, और टेक सपोर्ट आदि कामों में कुशल कर्मी शामिल हैं। ये शहर भारत के आर्थिक इंजन हैं जहाँ की व्यस्त सड़कों पर बढ़ता इन्फ्रास्ट्रक्चर और उसके द्वारा उत्पन्न असीमित अवसर साफदिखाई देते हैं। यह प्रगति कार्यबल की रीढ़ कहे जाने वाले इन शहरी नायकों द्वारा आगे बढ़ाई जा रही है। ये लोग त्योहारों पर घरों को रोशनी से जगमगाते हैंए कुछ ही मिनटों में लोगों तकआवश्यक सामग्री पहुँचाते हैंए और हमारे दैनिक जीवन के वो नायक बन जाते हैंए जिनके बारे में कोई बात नहीं करता। शहरों में होते विस्तार के साथ ये कर्मचारी बहुत आवश्यक हो गए हैं। वो न केवल हमारे इन्फ्रास्ट्रक्चर को बनाए रखने बल्कि भारत की आर्थिक प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इनडीड के आँकड़ों के मुताबिक इस प्रगति के बीच विशेष कार्यों के लिए मांग सबसे ज्यादा बढ़ी हैए जो विभिन्न उद्योगों को जोड़कर रोजगार के स्थिर अवसर लेकर आए हैं। इनडीड पर ट्रेंड हो रही जॉब्स के अनुसार ई.कॉमर्स के विकास से लेकर एमएसएमई में हुई वृद्धि तक ये तीन ब्लू.कॉलर नौकरियाँ सबसे महत्वपूर्ण हो गई हैंए जिनके लिए जॉब पोस्टिंग में सबसे ज्यादा उछाल आया है।ब्लू.कॉलर नौकरियों के लिए सबसे ज्यादा मांग में रहने वाले पदों में इलेक्ट्रिशियन का पद भारत केविकसित होते शहरी ढांचे की नींव है।

## दिव्यांगो के लिए लगेगा लिंब फिटमेंट शिविर

**नई दिल्ली।** देश.विदेश में दिव्यांगजनों और मानव सेवा के लिए पहचाने जाने वाले उदयपुर के नारायण सेवा संस्थान द्वारा उत्तर प्रदेश के दिव्यांगों के लिए 1 दिसंबर को निःशुल्क नारायण लिम्ब एवं कैलीपर्स फिटमेंट का विशाल शिविर लखनऊ में आयोजित होगा। यह शिविर दयाल गेटवे होटल किसान बाज़ार में रविवार को प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक चलेगा। संस्थान के ट्रस्टी एवं निदेशक देवेंद्र चौबीसा ने जानकारी देते हुए कहा संस्थान विभिन्न राज्यों के दिव्यांग बन्धुओं को उनके घर शहर के नजदीक लाभान्वित करने के लिए विगत 39 वर्षों से प्रयासरत हैं। इसी श्रृंखला में नारायण सेवा ने कुआँ प्यासे के पास् योजना के तहत 28 जुलाई को निःशुल्क नारायण लिंब मेजरमेंट कैंप का आयोजन किया था। जिसमें करीब 1260 रोगी आए थे। इनमें से 690 जन ऐसे थे जो सड़क दुर्घटना या किसी बीमारी से हाथ.पैर खोकर दिव्यांगता का शिकार हो गए थे। उनका चयन करते हुए संस्थान ने नारायण लिम्ब के लिए मेजरमेंट लिया। ट्रस्टी चौबीसा ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि उत्तरप्रदेश में पहली बार संस्थान एक साथ 690 से ज्यादा दिव्यांगों को नारायण लिम्ब पहनाकर उन्हें नई जिंदगी का उपहार देगा। यह सभी अपनी दिव्यांगताभरी जिंदगी के चलते अपने परिवार और परिजनों पर बोझ बन गए थे। संस्थान उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा में ला रहा है। संस्थान के मीडिया एवं जनसंपर्क निदेशक भगवान प्रसाद गौड़ आगे की जानकारी देते हुए कहा शिविर के उद्घाटन और भव्यता के लिए उप मुख्यमंत्रीए कैबिनेट मंत्रीयों सहित सैकड़ो संस्थान सदस्यों को आमंत्रित किया गया है।

# मथुरा शाही ईदगाह परिसर विवाद से संबंधित याचिका पर सुप्रीम नौ को सुनवाई करेगा

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम न्यायालय** ने शुक्रवार को कहा कि वह मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित हिंदू पक्ष के 18 मामलों की विचारणीयता को चुनौती देने वाली मस्जिद समिति की याचिका को इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के खिलाफ दायर की गई याचिका पर नौ दिसंबर को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि वह नौ दिसंबर को अपराह्न दो बजे याचिका पर विस्तृत सुनवाई करेगी। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, इस पर विस्तार से सुनवाई होगी। हम इस पर नौ दिसंबर को दोपहर दो बजे विचार करेंगे... हमें यह तय करना है कि कानूनी स्थिति क्या है। पीठ की ओर से प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि उन्हें प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि उच्च न्यायालय की एकल न्यायाधीश पीठ के एक अगस्त के आदेश के खिलाफ अंतर-न्यायालईय अपील की जा सकती है। पीठ ने कहा, हम निश्चित रूप से आपको बहस करने का अवसर देंगे। उच्च न्यायालय ने एक अगस्त को मथुरा में मंदिर-मस्जिद विवाद से संबंधित 18 मामलों की स्थिरता को चुनौती देने वाली प्रबंधन समिति, ट्रस्ट शाही मस्जिद ईदगाह की याचिका को खारिज कर दिया और फैसला सुनाया कि शाही ईदगाह के धार्मिक चरित्र को निर्धारित करने की आवश्यकता है। मस्जिद समिति का तर्क था कि कृष्ण जन्मभूमि मंदिर और उससे सटी मस्जिद के विवाद से संबंधित हिंदू पक्षकारों द्वारा दायर मुकदमे पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम का उल्लंघन करते हैं और इसलिए वे स्वीकार्य नहीं हैं। संसद से पारित 1991 का अधिनियम देश की आजादी के दिन से किसी भी धार्मिक स्थल के धार्मिक चरित्र को बदलने पर रोक लगाता है। इसने केवल राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद को इसके दायरे से बाहर रखा। हिंदू पक्ष द्वारा दायर मामलों में औरंगजेब के समय की मस्जिद को हटाने का अनुरोध किया गया है। उच्च न्यायालय ने कहा कि 1991 के अधिनियम में धार्मिक चरित्र शब्द को परिभाषित नहीं किया गया है और विवादित स्थान का मंदिर और मस्जिद का दोहरा धार्मिक चरित्र नहीं हो सकता है।

# महाराष्ट्र वक्फ बोर्ड को 10 करोड़ रुपए जारी करने का आदेश भाजपा के विरोध को लेकर वापस लिया गया

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र वक्फ बोर्ड** को मजबूत करने के लिए 10 करोड़ रुपए की निधि जारी करने संबंधी एक सरकारी प्रस्ताव जारी किए जाने के एक दिन बाद, राज्य सरकार ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विरोध के बीच शुक्रवार को यह आदेश वापस ले लिया। राज्य की मुख्य सचिव सुजाता सौनिक ने इस बात की पुष्टि की है कि आदेश वापस ले लिया गया है। महायुति गठबंधन के तहत, हालिया विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने वाली भाजपा ने सरकारी प्रस्ताव का यह कहते हुए विरोध किया कि निर्णय प्रशासनिक स्तर पर लिया गया था और संविधान में वक्फ बोर्ड का कोई उल्लेख नहीं है। महाराष्ट्र की 288 सदस्ईय विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त होने के बाद एकनाथ शिंदे वर्तमान में कार्यवाहक मुख्यमंत्री हैं। सत्तारूढ़ महायुति ने राज्य में सत्ता बरकरार रखी है। गठबंधन ने 288 सीट में से 230 पर जीत दर्ज की। भाजपा ने 132, शिंदे नीत शिवसेना ने 57 और अजित पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने 41 सीट जीती है। बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आदेश में कहा गया कि वित्त एवं नियोजन विभाग ने महाराष्ट्र राज्य वक्फ बोर्ड को मजबूत करने के लिए 10 करोड़ रुपए के अनुदान को मंजूरी दी है। बोर्ड का मुख्यालय छत्रपति संभाजीनगर में है। यह पूछे जाने पर क्या सरकारी प्रस्ताव वापस ले लिया गया, सौनिक ने इस घटनाक्रम की पुष्टि की। बृहस्पतिवार को जारी सरकारी प्रस्ताव के अनुसार, राज्य वक्फ बोर्ड को मजबूत करने के लिए 2024-25 के लिए 20 करोड़ रुपए मंजूर किए गए थे। इसमें से दो करोड़ रुपए बोर्ड को हस्तांतरित किए जा चुके हैं।

# गुलाबी गेंद से बल्लेबाजी संयोजन तय करना चाहेगी भारतीय टीम

## ● अभ्यास मैच में आज दिखाएगी दम

भाषा। कैनबरा

आस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ शनिवार से मानुका ओवल पर शुरू हो रहे दो दिवसीय अभ्यास मैच में भारतीय टीम एडीलेड में दिन रात के टेस्ट से पहले अपना बल्लेबाजी संयोजन तय करने के इरादे से उतरेगी। भारत ने अब तक दिन रात के चार टेस्ट खेले हैं और एकमात्र पराजय चार साल पहले एडीलेड में मिली जब टीम 36 रन पर आउट हो गई थी। इसके बाद हालांकि भारत ने वापसी करके चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला जीती थी। गुलाबी गेंद सूर्यास्त के समय खेलना काफी चुनौतीपूर्ण होता है। चूंकि अभ्यास मैच को प्रथम श्रेणी मैच का दर्जा नहीं है लिहाजा भारत के अधिकांश बल्लेबाज अभ्यास करना चाहेंगे। पर्थ टेस्ट 295 रन से जीतने के बाद भारतीय टीम का मनोबल ऊंचा है। अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पहले टेस्ट से बाहर रहे कप्तान रोहित शर्मा और अंगूठे के फ्रेक्चर से उबरे शुभमन गिल टीम में लौटे हैं जिससे छह दिसंबर से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए बल्लेबाजी क्रम में बदलाव हो सकता है। रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल सलामी बल्लेबाज हैं लेकिन पर्थ टेस्ट में जायसवाल और केएल राहुल ने अच्छा प्रदर्शन किया। ऐसे में रोहित बल्लेबाजी क्रम में नीचे भी उतर सकते हैं। ऐसा होने पर गिल का क्रम भी बदलेगा। भारत को अभ्यास मैच में ही ए प्रयोग करने होंगे। यह दो दिवसीय मैच ही है जिसमें गेंदबाजों की बजाय बल्लेबाजों को अधिक अभ्यास की जरूरत है। सरफराज जैसे बल्लेबाज भी हाथ आजमाना चाहेंगे हालांकि किसी के चोटिल होने की दशा में ही उन्हें मौका मिल सकता है। गिल ने नेट्स पर टीम के साथ अभ्यास किया। भारतीय टीम इस दौरे पर अभ्यास मैच नहीं खेल रही है क्योंकि अमूमन वे प्रतिस्पर्धी नहीं होते। प्रधानमंत्री एकादश टीम की कमान जैक एडवडर्स के हाथ में है।



## अंगूठे की चोट से उबरकर नेट्स पर लौटे गिल, कहा रिक्वरी अपेक्षा से बेहतर रही

कैनबरा। अंगूठे की चोट के कारण आस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट से बाहर रहे शुभमन गिल ने फिट होने के बाद शुक्रवार को भारतीय टीम के साथ नेट्स पर अभ्यास किया। पहले टेस्ट में गिल की कमी महसूस नही हुई क्योकि भारत ने 295 रन से जीत दर्ज की। पिछले दौरे पर उनके शानदार फॉर्म को देखते हुए हालांकि टीम को उसकी जरूरत है। शीर्षक्रम के बल्लेबाजो ने नेट्स पर यश दयाल और आकाश दीप की गेंदो का सामना किया।भारत को कल से आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ अभ्यास मैच खेलना है। गिल ने अभ्यास सत्र के बाद बीसीसीआई द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए वीडियो मे कहा , मै देख रहा था कि चोट से कितना उबर गया हूं। किसी तरह की सूजन तो नही है लेकिन मैने और कमलेश भाई (कमलेश जैन, फिजियो) की अपेक्षा से बेहतर रिक्वरी है। मै बहुत खुश हूं। पहले टेस्ट से बाहर रहने से निराश गिल ने कहा , हर गेंद को बल्ले से पीटने का अनुभव शानदार होता है और मै उसी के लिए खेलता हूं। जब मुझे चोट के बारे मे पता चला तो पहले कुछ दिन काफी निराशाजनक रहे। उन्होंने कहा , पर्थ मे हमने पिछली बार 2020 .21 के दौरे पर नही खेला था। यह शानदार मैदान है और टीम के प्रदर्शन से मै काफी खुश था। गिल की गैर मौजूदगी मे तीसरे नंबर पर उतरे देवदत्त पडिक्कल प्रभाव नही छोड़ सके।

## टीम क्या चाहती है, जडेजा और अश्विन को यह समझाना मुश्किल नहीं: सहायक कोच नायर



कैनबरा। भारत के सहायक कोच अभिषेक नायर का मानना है कि ऐसी भी टीम है जिनमे सीनियर खिलाड़ियों के लिए जूनियर खिलाड़ियों के लिए अंतिम एकादश से बाहर होने की बात स्वीकार करना मुश्किल हो जाता है लेकिन अगर आपके पास रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा जैसे वरिष्ठ खिलाड़ी हो तो ऐसा करना कठिन नही है। जडेजा और अश्विन के नाम कुल मिलाकर 855 विकेट है। दोनो को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ मे पहले टेस्ट मैच की अंतिम एकादश से बाहर कर दिया गया था जबकि मौजूदा फॉर्म और उछाल भरी पिचो पर बल्लेबाजी करने की काबिलियत को देखते हुए वाशिंगटन सुंदर को मौका दिया गया था। ऐसा नही है कि दोनो को खिलाया जाना था लेकिन आमतौर पर जडेजा अपनी बल्लेबाजी काबिलियत की वजह से विदेशी टेस्ट मैच मे निश्चित तौर पर शुरूआती खिलाड़ी होते है। मुंबई के पूर्व रणजी खिलाड़ी नायर ने प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ भारत के दो दिवसीय अभ्यास मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारो से कहा, यह तब मुश्किल होता है जब आपके पास ऐसे वरिष्ठ खिलाड़ी हो जो यह बात नही समझते। लेकिन जब आपके पास जड्डू (जडेजा) और ऐश (अश्विन) जैसे वरिष्ठ खिलाड़ी हो जो समझते है कि टीम क्या करने की कोशिश कर रही है तो यह बहुत आसान हो जाता है क्योकि टीम की प्रथम नीति पर रोहित और गौती भाई विश्वास करते है। नायर का मानना है कि पूरी टीम रोहित और गंभीर की रणनीति के अनुसार चलती है जिसमे ए दो महान स्पिन खिलाड़ी भी शामिल है। पूर्व आल राउंडर ने कहा, मुझे लगता है कि वे सभी इसे अपना चुके है। इसलिए मुझे बहुत खुशी हुई कि जड्डू और अश्विन युवा खिलाड़ियों की मदद करने जा रहे है ताकि वे यहां अच्छा प्रदर्शन करें। उन्हे समझाना बहुत मुश्किल नही था और हर कोई चाहता है कि टीम इंडिया जीते। जब उनसे पूछा गया कि क्या स्पिनरो की कोई भूमिका होगी तो उन्होने सामान्य सा जवाब देते हुए कहा, मुझे हमेशा लगता है कि क्रिकेट के खेल मे किसी की भी भूमिका कम नही होती, फिर चाहे आप स्पिनर हो या तेज गेंदबाज, आपके पास हमेशा मौका रहता है। उन्होने कहा, हां, योजनाएं बदल सकती है। आप गेंद कैसे छोड़ते है और किस गति से गेंदबाजी करते है, इसमे बदलाव हो सकता है। यही वजह है कि आप गुलाबी गेंद के साथ तैयारी करना चाहते है।

## चैंपियंस ट्रॉफी: पीसीबी को हाइब्रिड मॉडल मंजूर नहीं, बैठक शनिवार तक स्थगित



दुबई-कराची। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के कार्यकारी बोर्ड की चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम को लेकर बुलाई गई आपात बैठक में कोई सहमति नहीं बन पाई क्योंकि पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल में इस प्रतियोगिता की मेजबानी नहीं करना चाहता है। बैठक शनिवार को फिर से होगी। बैठक संक्षिप्त रही क्योंकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने स्पष्ट किया कि भारतीय टीम को पाकिस्तान दौरे के लिए अपनी सरकार से मंजूरी नहीं मिलने के बावजूद उन्हें हाइब्रिड मॉडल मंजूर नहीं है। हाइब्रिड मॉडल के अनुसार भारतीय टीम प्रतियोगिता के अपने मैच किसी अन्य स्थान पर खेलती।आईसीसी के पूर्णकालिक सदस्य देश के अधिकारी और बोर्ड के सदस्य ने पीटीआई से कहा , कार्यकारी बोर्ड की आज संक्षिप्त बैठक हुई। सभी पक्ष 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के सकारात्मक समाधान के लिए काम कर रहे हैं। उम्मीद है कि बोर्ड शनिवार को फिर से बैठक करेगा और समाधान निकलने तक इसे जारी रखेगा। इस बीच दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के रुख को दोहराया कि भारतीय टीम सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान की यात्रा नहीं कर सकती है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता से जब नियमित संवाददाता सम्मेलन में भारतीय टीम के चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने की संभावना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, बीसीसीआई ने बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि वहां सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं हैं और इसलिए यह संभावना नहीं है कि टीम वहां जाएगी। नकवी ने बैठक में व्यक्तिगत रूप से भाग लिया क्योंकि वह पाकिस्तान का पक्ष रखने के लिए गुरुवार से दुबई में डटे हुए हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह बैठक में ऑनलाइन सम्मिलित हुए। शाह एक दिसंबर को आईसीसी चेयरमैन का पद संभालेंगे।यह पता चला है की हाइब्रिड मॉडल को एकमात्र समाधान के रूप में देखा जा रहा है और अगर टूर्नामेंट को स्थगित किया जाता है तो पीसीबी को 60 लाख डॉलर के मेजबानी शुल्क और गेट राजस्व से हाथ धोना पड़ेगा।

## महिला सब जूनियर हॉकी : चंडीगढ़, मिजोरम, मध्य प्रदेश और हरियाणा जीते

सिकंदराबाद। चंडीगढ़, मिजोरम, मध्य प्रदेश और हरियाणा ने शुक्रवार को यहां 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में अपने मुकाबले जीत लिए। पूल ई में चंडीगढ़ ने केरल को 3-2 से मात दी। मिजोरम ने इसी पूल में अरूणाचल प्रदेश पर 11-0 से जीत दर्ज की। पूल एफ में दिल्ली और बिहार ने गोलरहित ड्रॉ खेलकर अंक बांटे। मध्य प्रदेश ने पूल एच में आंध प्रदेश को 11-। से रौंद दिया। पूल ए के मुकाबले में हरियाणा ने दादर एवं नगर हवेली और दमन दीव को 9-। से मात दी जबकि महाराष्ट्र और पंजाब के बीच पूल जी में मैच 2-2 से ड्रॉ रहा।

## गोकुलम केरला ने रीयल कश्मीर से ड्रॉ खेला

श्रीनगर। पूर्व चैम्पियन गोकुलम केरला एफसी ने शुक्रवार को यहां आईलीग फुटबॉल चैम्पियनशिप के मैच मे मेजबान रीयल कश्मीर एफसी से।-। से ड्रॉ खेलकर अंक बांटे। मेजबान टीम ने कैमरून के बौबा अमिनोऊके पहले हाफ मे किए गए गोल से बढ़त हासिल की। गोकुलम केरला एफसी ने 76वें मिनट में अथुल उन्नीकृष्णन के गोल से बराबरी हासिल की जो अंत तक जारी रही।

## प्रणवी उर्स मालागा गोल्फ के दूसरे दौर के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर

मालागा (स्पेन)। भारत की प्रणवी उर्स ने एंडालुशिया कोस्टा डेल सोल ओपन डे एस्पाना गोल्फ के पहले दौर के बाद बोगीरहित छह अंडर 66 स्कोर करके संयुक्त दूसरा स्थान हासिल कर लिया। वह फिनलैंड की नूरा कोमुलेनेन से एक शॉट पीछे है। लेडीज यूरोपीय टूर पर पहली बार खेल रही प्रणवी ने छह बर्डी लगाए। उनके साथ जर्मनी की हेलेन ब्रीम, पैट्रीशिया इसाबेल एस और स्पेन की अना पालेज ट्रविनो दूसरे स्थान पर है। भारत की अदिति अशोक संयुक्त 20वें , दीक्षा डागर संयुक्त 32वें और त्वेसा मलिक संयुक्त 41वें स्थान पर है।

## डब्ल्यूबीबीएल में चोटिल हुई जेमिमा, वनडे में भागीदारी पर संदेह

ब्रिस्बेन। भारत की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स शुक्रवार को यहां महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) मैच मे ब्रिस्बेन हीट को सिडनी थंडर पर जीत दिलाने के बाद रिटायर हर्ट हो गईं और संभावना है कि उनके बाएं हाथ की कलाई की चोट गंभीर हो गई है। इस चोट के कारण पांच दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए उनकी उपलब्धता को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। ब्रिस्बेन हीट ने सिडनी थंडर को नौ विकेट से हराकर रविवार को मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ एमसीजी पर होने वाले खिताबी मुकाबले मे जगह बनाई।

## हरमनप्रीत ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की वनडे जर्सी का अनावरण किया

मुंबई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने शुक्रवार को यहां बोर्ड मुख्यालय मे टीम की वनडे के लिए नई जर्सी का अनावरण किया। महिला टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ 22 दिसंबर से वडोदरा मे खेली जाने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान नई जर्सी पहनेगी। जर्सी का अनावरण करना सम्मानजनक है और वास्तव मे खुशी है कि हम पहली टीम है जो वेस्टइंडीज टीम के खिलाफ यह जर्सी पहनने जा रही है।

# सिंधू और लक्ष्य सेमीफाइनल में

## सैयद मोदी इंटरनेशनल

लखनऊ। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला और पुरूष एकल वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। शीर्ष वरीयता प्राप्त दो बार की चैम्पियन सिंधू ने चीन की दाइ वांग को 48 मिनट तक चले महिला एकल क्वार्टर फाइनल में 21–15, 21–17 से हराया। वहीं 2021 विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने पुरूष एकल क्वार्टर फाइनल में मेराबा लुवांग मेस्नाम को 21– 8, 21–19 से शिकस्त दी। दूसरे वरीय प्रियांशु राजावत ने भी पुरुष एकल में हांगकांग के एनगुएन हाई डांग को 21–13 21–8 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सिंधू ने जीत के बाद कहा , आज का मैच अहम था। वह भले ही निचली रैंकिंग वाली खिलाड़ी है लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।



मैने अपनी गलतियां सुधार ली हैं और उन्हें नहीं दोहराऊंगी। मैने शुरू से आक्रामक खेल दिखाया। सिंधू विश्व रैंकिंग में 18वें और वांग 118वें स्थान पर हैं। अब उनका सामना भारत की ही उन्नति हुड्डा से होगा जबकि लक्ष्य जापान के शोगो ओगावा से खेलेंगे। प्रियांशु का सामना चौथे वरीय सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह से होगा। लक्ष्य ने कहा , यह अच्छा मैच था। मैं प्रदर्शन से खुश हूं। दूसरा गेम कठिन था लेकिन यह अच्छी बात है कि मैं जीत सका। ओडिशा ओपन 2022 विजेता हुड्डा ने अमेरिका की इशिका जायसवाल को 21–16, 21–9 से हराया। मिश्रित युगल में पांचवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो ने मलेशिया के लू बिंग कुन और हो लो इ को 21– 16, 21– 13 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पुरुष युगल में पी कृष्णामूर्ति रॉय और सा प्रतीक के का सामना सेमीफाइनल में हमवतन ईशान भटनागर और एस प्रसाद उदयकुमार की जोड़ी से होगा। आठवीं वरीयता प्राप्त आयुष शेट्टी पुरूष एकल में ओगावा से 7– 21, 14 – 21 से हारकर बाहर हो गए। महिला एकल में तसनीम मीर और श्रियांशी वी भी क्वार्टरफाइनल में हारकर बाहर हो गई।



### क्रास्टो-पोनप्पा जीतीं

शीर्ष वरीय तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी ने भी महिला युगल के अंतिम चार में जगह बना ली। उन्होंने हमवतन प्रिया कोंजेगबाम और श्रुति मिश्रा पर 21-12 17-21 21-16 से जीत दर्ज की। महिला युगल में दूसरी वरीयता प्राप्त त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने छठी वरीयता प्राप्त गो पेइ की और तियो मेइ शिंग को 21-8, 21-15 से शिकस्त दी।

## ब्रूक ने शतक जड़कर मैच का रुख इंग्लैंड की तरफ मोड़ा

क्राइस्टचर्च। हैरी ब्रूक ने अपना सातवां टेस्ट शतक लगाया और ओली पोप के साथ पांचवें विकेट के लिए 151 रन की साझेदारी की, जिससे इंग्लैंड ने शुक्रवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच का रुख अपनी तरफ मोड़ दिया।दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय ब्रूक 132 और बेन स्टोक्स 37 रन पर खेल रहे थे। यह दोनों छठे विकेट के लिए अभी तक 97 रन जोड़ चुके हैं। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 319 रन बनाए हैं और वह न्यूजीलैंड से केवल 29 रन पीछे है जिसने अपनी पहली पारी में 348 रन बनाए थे।ब्रूक और पोप के बीच साझेदारी कितनी महत्वपूर्ण रही इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि जब ब्रूक ने क्रीज पर कदम रखा तब इंग्लैंड तीन विकेट पर 45 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था। जल्द ही यह स्कोर चार विकेट पर 71 रन हो गया। पोप ने यहां से ब्रूक का अच्छा साथ निभाया और वे स्कोर को 222 रन तक ले गए।

## क्विक न्यूज

### बोपन्ना, नागल ने आईओसीएल के लिए पीएसपीबी अंतर इकाई टेनिस खिताब जीता

पुणे। इंडियन ऑयल कोरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) की पुरूष और महिला टीमों ने शुक्रवार को यहां क्रमशः ओएनजीसी और गेल को हराकर पीएसपीबी अंतर इकाई लॉन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। आईओसीएल ने ओएनजीसी को पुरूष टीम के फाइनल में 2-। से हराया जबकि मिला टीम ने गेल को 2-0 से मात दी। डेविस कप खिलाड़ी दिविज शरण और रोहन बोपन्ना ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए विष्णु वर्धन और युकी भांबरी के खिलाफ तीन सेट का रोमांचक मुकाबला 6-7(5), 7-6(5), 10-7 से जीत लिया। दोनो टीमों ने एक एक एकल मुकाबले जीते थे। ओएनजीसी के वर्धन ने शुरूआती एकल में दिविज को 6-3, 6-3 से हराया जिसके बाद सुमित नागल ने युकी को 6-2, 6-3 से हराकर आईओसीएल को बराबरी पर ला दिया। महिलाओं की टीम स्पर्धा में आईओसीएल की रिया भाटिया ने गेल की लक्ष्मीसिरी दांडू को 6-3, 6-3 से ओलंपियन प्रार्थना थोम्बरे ने भी सोहिनी मोहंती को समान अंतर से मात दी।

### मैक्स्वीनी पूरी तरह से तैयार है: हैरिस

मेलबर्न। नाथन मैक्स्वीनी भले ही अपने टेस्ट पर्दापण में संघर्ष करते दिखे हों लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज रेयान हैरिस ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में इस युवा सलामी बल्लेबाज के अच्छे प्रदर्शन का भरोसा जताते हुए कहा कि वह इस भूमिका के लिए पूरी तरह तैयार है। डेविड वॉर्नर की जगह मैक्स्वीनी को टीम में जगह मिली थी लेकिन वह पर्थ में पहले टेस्ट में भारत के गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ महज 10 रन और शून्य ही बना सकोहैरिस दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की प्रथम श्रेणी टीम में मैक्स्वीनी को कोचिंग देते हैं। उन्होंने सेन से कहा, मुझे लगता है कि वह सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी है लेकिन हर किसी की तरह उसे भी रन बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना और पारी का आगाज करना थोड़ा अलग है। लेकिन ऐसा नही है कि वह तैयार नही है। नाथन इसके लिए पूरी तरह से तैयार है। हैरिस ने कहा, भले ही उसकी शुरूआत अच्छी नही रही, लेकिन वह पर्थ में दो अच्छी गेंद से निपटने में सफल रहा।

### जीब गेंदबाजी एक्शन, कौशल बुमराह को पूरा पैकेज बनाता है : स्टीव स्मिथ

मेलबर्न। आस्ट्रेलिया के प्रमुख बल्लेबाज स्टीव स्मिथ का मानना है कि भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का विचित्र गेंदबाजी एक्शन और असाधारण कौशल उन्हें संपूर्ण पैकेज बनाता है। नियमित कप्तान रोहित शर्मा की गैर मौजूदगी में कप्तानी करते हुए बुमराह ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मे आठ विकेट लिए और प्लेयर आफ द मैच चुने गए। स्मिथ ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से कहा , उसके रनअप की शुरूआत से ही उसका गेंदबाजी एक्शन अजीब है। वह अलग ही तरह से दौड़ता है और उसके एक्शन का आखिरी मूवमेंट भी विचित्र है। मैने उसका सामना काफी बार किया है और हर बार उसके खिलाफ क्रीज पर जमने मे समय लगता है। पहले टेस्ट की पहली पारी में स्मिथ को बुमराह ने ही आउट किया था। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम ने कहा कि बुमराह जब गेंद को छोड़ते है तो दूसरे गेंदबाजो की तुलना मे बल्लेबाज से कम से कम एक फुट करीब होते है जिससे गेंद की लैग्थ को पकड़ना मुश्किल हो जाता है। स्मिथ ने कहा , वह आपके करीब आकर गेंद छोड़ता है जिससे आपको समय ही नही मिल पाता।

### रॉयल की नई रफ्तार भरेगा रोमांच

कानपुर। रॉयल एनफील्ड ने गोअन क्लासिक 350 लॉन्च की है। यह बॉबर-स्टाइल मोटरसाइकिल आजादी, मस्ती और खुली सोच वाले लाइफस्टाइल की पहचान है। यह भारत की खास गोअन मोटो-संस्कृति से जुड़ी है, जिसने 70-80 के दशक में गोवा की आजाद और रंगीन लाइफस्टाइल को जन्म दिया। इसका दमदार फोर-स्ट्रोक इंजन और स्टाइलिश लुक इसे हर सफर के लिए परफेक्ट बनाते हैं। हर कर्व और कंटूर के साथ, गोअन क्लासिक गोवा के कस्टम बिल्डर्स की स्ट्रिप्ड-डाउन और 'ट्रिप्ड-अप' क्रिएशन से प्रेरित है, चॉप्ड फेंडर्स, मिड-एप हैंडलबार्स, एर्गोनॉमिक रूप फिट की गईं लो-स्लंग सीटें और रियर सिलहॉटे उन दिनों की याद दिलाती हैं जब राइडर्स अपनी मशीनों को केवल ज़रूरी चीज़ों तक सीमित कर देते थे और उनमें उनका व्यक्तित्व नजर आता था। नई गोअन क्लासिक 350 के बारे में बात करते हुए, आयशर मोटर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, सिद्धार्थ लाल ने कहा, गोअन क्लासिक स्वतंत्रता और व्यक्तित्व की भावना के लिए एक हार्दिक सम्मान है, जिसका रॉयल एनफील्ड ने दशकों से समर्थन किया है।

### आस्ट्रेलिया ने कोहली को शतक बनाने का मौका दिया : बॉर्डर

मेलबर्न। आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एलेन बॉर्डर ने पर्थ मे पहले टेस्ट के दौरान विराट कोहली के बल्ले पर अंकुश लगाने मे उनकी टीम की असमर्थता पर निराशा जताते हुए कहा कि इससे मेजबान को पांच मैचो की श्रृंखला गंवानी पड़ सकती है। पिछले डेढ साल मे एक भी टेस्ट शतक नही लगा सके कोहली आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी मे फॉर्म मे लौटे और नाबाद 100 रन बनाए। भारत ने वह टेस्ट 295 रन से जीता। बॉर्डर ने सेन रेडियो से कहा , जिस तरह से उन्होंने कोहली को शतक बनाने दिया, मै बहुत निराश हूं। हम नही चाहते कि पूरी श्रृंखला मे वह (कोहली) इस तरह आत्मविश्वास के साथ खेले। बॉर्डर ने कप्तान पैट कमिंस की रणनीति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला मे जूझते नजर आए कोहली को उन्होंने फॉर्म मे लौटने का मौका दिया।

### राहुल द्रविड़ ने शुरू किया कैंपेन टुगेदर वी सोअर

मुंबई। देश की प्रमुख वित्तीय सेवा प्रदाताओं मे से एकश्रीराम ग्रुप की प्रमुख कंपनी श्रीराम फाइनेंस ने टुगेदरए वी सोअर् शिर्षित एक बेहद प्रेरक ब्रांड कैंपेन प्रारंभ किया है। यह कैंपेन परस्पर संबंध और एकता की ताकत पर प्रकाश डालते हुए श्रीराम फाइनेंस की भारत की उम्मीदों के साथ साझेदारी की प्रतिबद्धता दर्शाता है। आजए कई भारतीय ष्तो क्याघ् के सिद्धांत को अपना रहे हैंए जो सफलता की अपनी यात्रा में किसी भी चुनौती को पार करने की आकांक्षा को दर्शाता है। इस कैंपेन का उद्देश्य इस भावना का जश्न मनाना और राहुल द्रविड़ के अपने जीवन के एक अंश के साथ साझेदारी को आगे बढ़ने के साधन के रूप में दर्शाना है।संदेश स्पष्ट है टुगेदर वी सोअर् अपने ग्राहकों के साथ संबंधों को मज़बूत बनाकरए हम उन्हें अपनी शक्ति को पहचान करए अपने सपनों को हासिल करने में उनकी मदद करते हैं। श्रीराम फाइनेंस में मार्केटिंग की एग्ज़ेक्युटिव डायरेक्टर के रूप में कार्यरतए एलिज़ाबेथ वेंकटरमन ने अभियान के बारे में जानकारी साझा करते हुए कहाए श्टुगेदरए वी सोअरष् हर भारतीय के साथ खड़े होने और उनकी आकांक्षाओं का समर्थन करने के हमारे वादे का प्रतीक है . चाहे वह फिक्स्ड डेपॉज़िट्स होए वाहनों की फाइनेंसिंग होए छोटे व्यवसायों के लोन होंए या गोल्ड या पर्सनल लोन आदि के माध्यम से धन तक त्वरित पहुँच प्रदान करना हो। सात भाषाओं में तैयार हमारा रचनात्मक दृष्टिकोणए हमें पूरे देश में विविध दर्शकों के साथ गहराई से जुड़ने में मदद करेगा ।श्इस कैंपेन के वीडियो में द्रविड़ सभी तरह के लोगों को श्रीराम फाइनेंस से साझेदारी करके अपने जीवन स्तर को ऊपर उठाने और अपनी अभिलाषा को पूरा करने के लिए प्रेरित करते दिखाई देते हैं। यह कैंपेन एक बेहद सशक्त रूप में एक स्टेडियम में खत्म होता है। यह स्टेडियम वह जगह है जो पूरे देश को एक साथ जोड़ती है।

# हार्दिक का बल्ले से चमकदार प्रदर्शन जारी

## ● मुश्ताक अली ट्रॉफी शार्दुल के नाम सबसे खराब गेंदबाजी रिकॉर्ड

भाषा। इंदौर

हार्दिक पंड्या ने बाएं हाथ के स्पिनर परवेज सुल्तान के एक ओवर में 28 रन और पांच छक्के जड़कर अपनी शानदार बल्लेबाजी फॉर्म जारी रखी जिससे बड़ौदा ने शुक्रवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के ग्रुप बी मैच में त्रिपुरा को सात विकेट से करारी शिकस्त दी। महज 110 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बड़ौदा ने हार्दिक के 23 गेंद में 47 रन की मदद से सिर्फ 11.2 ओवर में इसे हासिल कर लिया। इससे पहले उनके बड़े भाई कृणाल पंड्या ने नई गेंद से 22 रन देकर दो विकेट झटके।मैदान में बैठे दर्शकों का हार्दिक ने पूरा मनोरंजन किया। उन्होंने सुल्तान पर लांग ऑफ और एक्सट्रा कवर पर तीन जबकि काउ कॉर्नर पर दो छक्के जड़े।हार्दिक के लिए अभी तक सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट शानदार रहा है और उन्होंने बड़ौदा की सभी



चार जीत में योगदान दिया है। उन्होंने इन मैच में नाबाद 74 रन, नाबाद 41 रन, 69 रन और 47 रन बनाए। उन्होंने साथ ही दो विकेट भी झटके हैं। वहीं हैदराबाद में ग्रुप ई के मैच में केरल ने मुंबई को 43 रन से शिकस्त दी जिसमें शार्दुल ठाकुर ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 के इतिहास में सबसे खराब गेंदबाजी रिकॉर्ड बनाया। इंडियन प्रीमियर लीग नीलामी में अनदेखी किए जाने के बाद ठाकुर ने चार ओवर में 69 रन लुटाए।

ठाकुर ने मैच के शुरू में संजू सैमसन (04) का विकेट झटका लेकिन फिर उनकी गेंदों पर छह छक्के और पांच चौके लगे। सलमान निजार ने 49 गेंद में आठ छक्कों की मदद से नाबाद 99 रन बनाए जिससे अजिंक्य रहाणे की 35 गेंद में 68 रन की पारी भी फीकी पड़ गई। केरल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सलमान और रोहन कुन्नुम्मल (48 गेंद में 87 रन, सात छक्के) के बीच तीसरे विकेट के लिए महज 13.2 ओवर में 140 रन की साझेदारी से पांच विकेट पर 234 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में मुंबई की टीम रहाणे की पारी के बावजूद नौ विकेट पर 191 रन ही बना सकी। पृथ्वी साव ने 13 गेंद में 23 रन बनाकर अच्छी शुरूआत की लेकिन श्रेयस अय्यर अच्छी शुरूआत के बावजूद 18 गेंद में केवल 32 रन ही बना सके।

# विश्व शतरंज में गुकेश और लिरेन ने चौथी बाजी ड्रॉ खेली



सिंगापुर। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और गत चैंपियन डिंग लिरेन ने किसी तरह का जोखिम लेना उचित नहीं समझा और शुक्रवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप की चौथी बाजी ड्रॉ खेली जिससे दोनों खिलाड़ी बराबरी पर बने हुए हैं।दोनों खिलाड़ियों ने 42 चाल के बाद बाजी ड्रॉ कराने पर सहमति जताई। इस तरह से 14 दौर के इस मुकाबले में चार दौर के बाद दोनों खिलाड़ी दो–दो अंक लेकर बराबरी पर हैं। जो भी खिलाड़ी पहले 7.5 अंक हासिल करेगा वह विश्व चैंपियन बनेगा। विश्व चैंपियनशिप का मुकाबला खेल रहे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी 18 वर्षीय गुकेश ने बुधवार को तीसरी बाजी जीतकर बराबरी की थी। गुकेश ने मैच के बाद कहा, बाजी जब समाप्ति की ओर बढ़ रही थी तब मेरे पास कुछ मौके थे लेकिन काले मोहरों से खेलते हुए आप इसी तरह के परिणाम की उम्मीद कर सकते हैं। गुकेश से जब सबसे कम उम्र का विश्व चैंपियन बनने की संभावना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, अभी मैं केवल अच्छी चाल चलने पर ध्यान दे रहा हूं। चीन के 32 वर्षीय खिलाड़ी लिरेन ने पहली बाजी जीतकर अच्छी शुरुआत की थी। दूसरी बाजी ड्रॉ रही थी। लिरेन ने कहा, मैं किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहता था। इससे मैं थोड़ा फायदे की स्थिति में रहा। अभी स्कोर बराबरी पर है काफी बाजियां खेली जानी बाकी हैं। पिछली बाजी में हार से उबरने के लिए मुझे एक दिन के विश्राम का मौका मिला। मैं बहुत अच्छे मूड में हूं। विश्राम मिलने से मुझे फायदा हुआ। अब जबकि क्लासिकल टाइम कंट्रोल से खेली जा रही इस प्रतियोगिता में 10 बाजियां बची हैं तब गुकेश पांचवें दौर में सफेद मोहरों से खेलने के कारण फायदे की स्थिति में हैं।लिरेन ने शुक्रवार को रानी के पास स्थित ऊंट को निशाना बनाकर जता दिया था कि वह गुकेश से अपनी तैयारी नहीं बल्कि कौशल के आधार पर मुकाबला करना चाहते हैं।

## शमशेर और वेटन दिल्ली एसजी पाइपर्स के सह कप्तान, नवनीत महिला टीम की कप्तान होंगी

नई दिल्ली। आलंपिक पदक विजेता मिडफील्डर शमशेर सिंह और अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई जैकब वेटन को हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के पहले सत्र के लिए अपनी पुरुष टीम का सह कप्तान नियुक्त करने की घोषणा की। दिल्ली की फ्रेंचाइजी ने भारतीय उप कप्तान और स्ट्राइकर नवनीत कौर को महिला टीम का कप्तान नियुक्त किया। चार टीम की महिला एचआईएल इस सत्र से अपना पदार्पण करेगी जो 12 जनवरी 2025 से रांची में शुरू होगी। पुरुषों की एचआईएल 28 दिसंबर से राउरकेला में शुरू होगी। वेटन ने सह कप्तान बनाए जाने के बाद वेटन ने कहा, हॉकी इंडिया हर दिन प्रतिस्पर्धी माहौल में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ियों के साथ और उनके खिलाफ खेलने का शानदार मौका प्रदान करती है। तीन बार के ओलंपियन वेटन उस ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे जिसने 2020 तोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीता था।शमशेर भी खुद को दी गई जिम्मेदारी से काफी रोमांचित थे, उन्होंने कहा, जैकब वेटन के साथ सह कप्तान बनाने के लिए मैं दिल्ली एसजी पाइपर्स का धन्यवाद करना चाहूंगा।

## केसीसी फाइटनाइट के लिए पहुंचे फाइटर्स

### 30 नवंबर को होगा वजन व आमना.सामना



लखनऊ। नवाबों के शहर में होने वाले मिक्स्ड मार्शल आर्ट एमएमए के रोमांचक मुकाबले केसीसी फाइटनाइट की तैयारियां पूरी हो चुकी है। इस फाइट में अपनी चुनौती पेश करने को तैयार देश के शीर्ष एमएमए फाइटर में शुमार राना रूद्र प्रताप सिंह सहित अन्य विश्व स्तरीय फाइटर लखनऊ पहुंच गए और 1 दिसंबर 2024 को चौक स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में होने वाले मुकाबले को लेकर सर्वश्रेष्ठ एक्शन का लखनऊ वासियों से वादा किया। मार्शल आर्ट के प्रति समर्पण और जुनून से प्रेरित संस्था कॉम्बैट क्रीड चैंपियनशिप के तत्वावधान में होने वाली चैंपियनशिप में शनिवार 30 नवंबर 2024 को शाम पांच बजे से इन सभी 16 फाइटर्स का वजन किया जाएगा और फाइटर एक.दूसरे से रूबरू होंगे। इस फाइट में अंकों के अलावा नाकआउट और सबमिशन के आधार पर विजेता का फैसला हो सकता है। केसीसी फाइटनाइट में मार्शल आर्ट की विभिन्न शैलियों जैसे कराटेए किकबॉक्सिंगए जि.जित्सुए ताइक्वांडो आदि के फाइटर्स के रोमांचक फाइटिंग स्टाइल और तकनीक से फाइटर्स लोगो को रोमांचित करने के लिए तैयार है।

### जूनियर राष्ट्रीय खो खो : महाराष्ट्र ने दो स्वर्ण पदक जीते

अलीगढ़। महाराष्ट्र के लड़कों और लड़कियों की टीम ने शुक्रवार को यहां समाप्त हुई 43वीं जूनियर राष्ट्रीय खो खो चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीते। लड़कों की टीम का यह लगातार 19वां और कुल 35वां स्वर्ण पदक था। बालिकाओं की टीम ने लगातार 10वां और कुल 26वां खिताब अपने नाम किया। लड़कों के फाइनल में महाराष्ट्र ने ओडिशा को 33–29 से मात दी जबकि लड़कियों के वर्ग में महाराष्ट्र ने ओडिशा को 24–20 से शिकस्त दी।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गॉंगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ (फोन: 0522-4036600) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गॉंगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।